अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

करे हर सीमा पार

अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस
पर समस्त मातृ शक्ति को
कोटि-कोटि नमन

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 12 मई, 2024 | 30 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 144, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

अनंत ज्ञान अपील: एक 'मत' से हों, एकमत

सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:03

आज का तापमान

शिमला	12.8 न्यू	23.0 अधि
धर्मशाला	16.5 न्यू	28.9 अधि

बाजार

सेंसेक्स	72664.47
निफ्टी	22055.20
सोना 71,040	चांदी 87,700

आज के मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs राजस्थान रॉयल्स
समयः दोपहर 3:30 बजे (चेन्नई)

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs दिल्ली कैपिटल्स
समयः रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

न्यूज शॉर्ट्स

उत्तराखंड में लगे भूकंप के झटके, दहशत में लोग

देहरादून। उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। इसकी तीव्रता 2.8 रिक्टर मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि तीव्रता कम होने से अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया, लेकिन जिस किसी ने भी भूकंप के झटके महसूस किए, वह दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आया।

करीना कपूर को हाईकोर्ट का नोटिस

भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक नागरिक की याचिका पर अभिनेत्री

करीना कपूर खान को नोटिस जारी किया है। मामले में प्रेग्नेंसी पर उनकी किताब के टाइटल में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। ऐसा करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की गई है। किताब, 'करीना कपूर प्रेगनेंसी बाइबलः द अल्टीमेट मैनुअल फॉर मॉम्स-टू-बी', अगस्त 2021 में जारी की गई थी। इसी को लेकर एक्ट्रेस कानूनी पचड़े में फंसी हैं।

बीएसएफ ने पाक ड्रोन पर की गोलीबारी

सांबा। जम्मू संभाग के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तान का ड्रोन देखे जाने के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने देर रात पाकिस्तान की ओर से ड्रोन की आवाजाही का पता लगाया और लगभग दो दर्जन राउंड फायरिंग की। हालांकि ड्रोन को वापस पाकिस्तानी सीमा में ले जाया गया।

शोपियां से आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

शोपियां। शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में आतंकियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। इनकी पहचान बाबा मोहल्ला शोपियां निवासी सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक के रूप में हुई है। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली में आंधी ने बरपाया कहर, तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अचानक आई तेज आंधी के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में एक किशोरी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 23 लोग घायल हो गए। विकासपुरी में तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से जयप्रकाश (46) नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। रोहिणी सेक्टर-16 इलाके में पेड़ गिरने पर उसकी चपेट में आने से रोहिणी निवासी हरिओम की मौत हो गई। उधर, शाहीन बाग के अबुल फजल एंक्लेव इलाके में एक रेस्टोरेंट की दीवार पड़ोसी के मकान की छत पर गिर गई। उस समय छत पर कपड़े उतारने गई शीरीन (17) उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

देश का प्रधानमंत्री बनने के अरविंद केजरीवाल के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री का पलटवार

मोदी ही करेंगे देश का नेतृत्व : शाह

एजेंसी, हैदराबाद/नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर अरविंद केजरीवाल की ओर से उठाए गए सवाल पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और विपक्षी गठबंधन वालों को खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे।

शाह ने हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे विपक्षी गठबंधन से यह कहना चाहता हूं कि मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। भाजपा के संविधान में ऐसा कुछ भी नहीं लिखा है।

मोदी 75 साल के हो जाएं इससे विपक्ष को आनंदित होने की जरूरत नहीं

एक तरफ कांग्रेस और उसके सहयोगी हैं, जो 12 लाख करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी हैं, जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री या 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बावजूद 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है।

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि एक ओर सत्ता का सुख भोगने वाले हैं, जैसे थोड़ी ही गर्मी बढ़ते ही कुछ नेता नियमित रूप से थाईलैंड, बैंकॉक में छुट्टियां मनाने चले जाते हैं। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी हैं, जो पिछले 23 सालों से दिवाली के दिन भी वह सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों के साथ दिवाली मनाते हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम बेल सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए दी है।

प्रेस कांफ्रेंस में ये बोले दिल्ली के मुख्यमंत्री

मोदी पहले योगी को हटाएंगे फिर शाह को बनाएंगे पीएम : केजरीवाल

नई दिल्ली। जेल से रिहाई के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री और भाजपा पर बड़ा हमला बोला। साथ ही साथ उन्होंने कई बड़े दावे भी किए। पीएम मोदी ने एक बेहद खतरनाक मिशन चालू किया है। उस मिशन का नाम है 'वन नेशन वन लीडर।' प्रधानमंत्री देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेज देंगे। अगर वह यह चुनाव जीत गए तो थोड़े दिन के बाद ममता,

तेजस्वी यादव, स्टालिन, पिनाई विजयन, और उद्धव ठाकरे जेल के अंदर होंगे। अगर पीएम मोदी यह चुनाव यह जीत गए तो दो महीने में यूपी के मुख्यमंत्री योगी को बदल दिया जाएगा। अगले साल पीएम मोदी 75 साल के हो रहे हैं और दावा किया कि 17 सितंबर को वह रिटायर हो रहे हैं। पीएम मोदी अगले साल अमित शाह को पीएम बनाएंगे। मोदी अपने लिए नहीं, अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं।

चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा

10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग कल

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। देश में अब तक तीन चरणों में 284 सीटों पर चुनाव हो चुका है। देशभर में शनिवार को चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। चौथे चरण में 10 राज्यों में 96 सीटों पर 13 मई को मतदान होना है।

इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

चौथ चरण में आंध्र प्रदेश (25) और तेलंगाना (17) की सभी सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश 13, बिहार 5, जम्मू-कश्मीर 1, झारखंड 4, मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 11, उड़ीसा 4, पश्चिम बंगाल 8 सीटों पर मतदान होगा।

पांच केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत दांव पर

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मोदी सरकार के पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व सीएम, एक एक्टर और दो क्रिकेटर समेत 1717 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा चुनाव-2024 के परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

प्रदेश में आंधी-बारिश से कई इलाकों में बिजली गुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल रहा है। राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार रात गरज के साथ झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि चंबा, कुल्लू और मंडी जिलों में धूल भरी आंधी ने कहर बरपाया और कई स्थानों पर बिजली के ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 13 मई तक तूफान व बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। मैदानी एवं मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में 12 व 13 मई को आंधी, बारिश व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों के मौसम में हलचल देखने को मिली। शिमला में शुक्रवार देर शाम हुई बारिश से मौसम ठंडा हो गया।

चंबा जिले में 184 ट्रांसफार्मर खराब

बारिश एवं अंधड़ से राज्य में 483 ट्रांसफार्मर बंद पड़ गए। चंबा में सबसे ज्यादा 184 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। इनमें भरमौर में 181 और चंबा शहर में तीन ट्रांसफार्मर खराब हैं।

जिला कुल्लू में 164 और मंडी में 89 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से भीषण गर्मी में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में एक ट्रांसफार्मर बंद है।

पिछले दिनों हुई बर्फबारी से अवरुद्ध 6 सड़कें और तीन नेशनल हाइवे अभी तक बहाल नहीं हुए हैं। लाहौल-स्पीति में दो और कुल्लू में एक नेशनल हाइवे बंद है।

चूड़धार में फसीं भारतीय मूल की दो अमेरिकी महिलाओं का रेस्क्यू

वायुसेना के चीता हेलिकॉप्टर की मदद से बचाया

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल की चूड़धार चोटी की यात्रा के दौरान जंगल में फंसी भारतीय मूल की दो अमेरिकी महिलाओं का सिरमौर प्रशासन के दखल पर एसडीआरएफ, पुलिस व मेडिकल टीम की मदद से वायुसेना के चीता हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। महिलाओं को लिफ्ट करने के बाद हेलिकॉप्टर ने चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी।

ये महिलाएं रात भर घने जंगल में ही फंसी हुई थीं। सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने अमेरिकी दूतावास को भी सूचित कर दिया है। रिचा अभय व सोनिया रत्न शुक्रवार को यात्रा पर निकली थीं। यात्रा शुरू करने से पहले ही सोनिया रत्न को स्पाइनल इंजरी थी, जिसकी सर्जरी भी हुई थी। चढ़ाई के दौरान सोनिया की तबीयत खराब हुई। इसके बाद वह तीसरी के समीप जंगल में फंस गई।

शुक्रवार शाम को नौहराधार पुलिस चौकी को महिलाओं के फंसने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को सूचना दी गई। शुक्रवार शाम को अंधेरा होने की वजह से महिलाओं को एयरलिफ्ट नहीं किया गया, लिहाजा शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे वायुसेवा के हेलिकॉप्टर से महिलाओं को रेस्क्यू किया।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल

भाजपा नेता देवराजे गौड़ा गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में भाजपा नेता देवराजे गौड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौड़ा पर प्रज्ज्वल रेवान्ना मामले में अश्लील वीडियो वायरल करने में शामिल होने का आरोप है। चुनाव के बीच भाजपा नेता देवराजे गौड़ा के मामले नया खुलासा होने पर प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में और कई खुलासे होने की उम्मीद है।

वहीं प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न से जुड़ी तीसरी एफआईआर दर्ज हो गई है। एक महिला ने सीआईडी के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। सूत्रों का कहना है कि महिला ने आरोप लगाया है कि प्रज्ज्वल ने कई बार उसके साथ रेप किया। हालांकि एसआईटी ने शिकायतकर्ता महिला की पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया।

नोटों से भरा 'छोटा हाथी' सड़क पर पलटा सड़क पर बिखर गए 7 करोड़ रुपए

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में शनिवार को भारी मात्रा में नकदी जब्त की गई। वाहन में सात गत्ते की पेटियों में सात करोड़ रुपए छिपाकर ले जाए जा रहे थे। यहां नल्लजर्ला मंडल के अनंतपल्ली में एक लॉरी की टक्कर से एक 'छोटा हाथी' पलट गया और यहीं से राज खुल गया। यह घटना तब हुई जब वाहन विजयवाड़ा से विशाखापत्तनम की ओर जा रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इन बक्से को बरामद किया। जब्त की गई रकम करीब सात करोड़ रुपए बताई जा रही है।

तीसरे चरण में कुल 65.68 प्रतिशत वोटिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के चार दिन बाद चुनाव आयोग ने कुल मतदान प्रतिशत का आंकड़ा जारी कर दिया है। चुनाव आयोग के जारी आंकड़े के मुताबिक तीसरे चरण में कुल 65.68 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, हालांकि 7 मई को देर शाम को आयोग ने जो आंकड़ा जारी किया था, उसके मुताबिक तीसरे चरण में 64.40 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन चार बाद इस आंकड़े में करीब एक फीसदी ज्यादा मतदान दिखाया गया है।

तीसरे चरण में पुरुषों का मतदान 66.89 फीसदी, महिलाओं का मतदान 64.41 फीसदी और थर्ड जेंडर ने 25.2 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।

निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे का मामला जून तक लटका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

होशियार सिंह

केएल ठाकुर

आशीष शर्मा

हिमाचल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले तीन निर्दलीय विधायकों का मामला हाईकोर्ट में लंबा खिंचने के बाद विधानसभा स्पीकर ने भी जून के पहले सप्ताह तक इसे लटका दिया है। दरअसल शनिवार को स्पीकर ने तीनों निर्दलीयों विधायकों आशीष शर्मा, होशियार सिंह और केएल ठाकुर को नोटिस जारी कर तलब किया था।

तीनों निर्दलीय विधायकों से इस्तीफे पर उनका पक्ष रखने को कहा गया था, लेकिन यह दूसरा मौका था जब निर्दलीय विधायक विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दी गई पेशी की तारीख में नहीं पहुंचे।

विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने साफ कर दिया है कि अब मामले की अंतिम सुनवाई जून के पहले सप्ताह करेंगे और उसमें अपना निर्णय भी सुना देंगे।

हालांकि मामला विधानसभा अध्यक्ष द्वारा तीनों निर्दलीय के इस्तीफे स्वीकार करने का है लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफा स्वीकार करने से पहले ही भाजपा को ज्वाइन कर लिया था। ऐसे में इनके ऊपर दल बदल कानून लगता है और उसी का जवाब इनसे मांगा गया था।

मुगलों, अंग्रेजों के बाद अब कांग्रेस की विदाई : अनुराग

मोदी की हैट्रिक लगा दो, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे

अनिल कुमार, हमीरपुर

आईपीएल का सीजन चला है वहां पर चौके-छक्के लग रहे हैं। इंडियन पॉलिटिकल लीग में भाजपा हिमाचल में चौका-छक्का लगाने वाली है। चारों लोकसभा और छह विधानसभा उपचुनाव जीतने वाली है। यह बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विजय संकल्प यात्रा के बाद हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित जनसभा में कहीं।

उन्होंने कहा कि हमने 10 साल पहले इसी गांधी चौक से कहा था कि 'देश से भ्रष्ट कांग्रेस हटा दो, एक बार नरेंद्र मोदी को अवसर दे दो'। कांग्रेस कहती थी कि चाय बेचने वाला देश क्या चलाएगा, लेकिन ईमानदार जनता ने भ्रष्ट कांग्रेस को नकार दिया। पिछले 10 साल में मोदी की सरकार में एक भी घोटाला नहीं हुआ। कांग्रेस के सहयोगी दल

विजय संकल्प यात्रा के दौरान अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल व अन्य।

कहते हैं कि सनातन को कुचल के दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मुगल शासक चले गए, अंग्रेज भी चले गए, अब कांग्रेस भी जाने वाली है।

60 साल तक हुकूमत करने वालों आपके समय में चीन जमीन ले गया, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर बन गया, देश को हिसाब कांग्रेस को देना होगा। रक्षा सौदों में दलाली आपने खाई और अब कहते हो कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आंख उठाई तो धूल में मिलाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। मोदी ने भारत को 10वें नंबर से दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाया है। मोदी की हैट्रिक लगा दो भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे। (अनंत ज्ञान)

पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं के नेटवर्क का किया भंडाफोड़

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिमाचल के बद्दी स्थित फार्मा उद्योग से पांच राज्यों में चल रहे प्रतिबंधित दवाओं के नेटवर्क का पंजाब पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पंजाब के मोहाली से प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की, जिसके बाद जांच बद्दी में बन रही दवा उद्योग तक पहुंची। पुलिस ने बद्दी के स्माइलैक्स उद्योग में दबिश देकर प्रतिबंधित दवाओं व रॉ मटेरियल से भरा ट्रक जब्त भी कर लिया है।

पंजाब पुलिस ने खुलासा किया कि दवा उद्योग ने एक वर्ष के अंदर 6,500 किलोग्राम नशीला ट्रामाडोल पाउडर खरीदा था। हैरानी की बात यह है कि हिमाचल राज्य दवा नियंत्रक विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। पंजाब में मामले का भंडाफोड़ होने के बाद राज्य दवा नियंत्रक विभाग ने दवा उद्योग को नोटिस जारी कर जांच के लिए एक कमेटी का भी गठन कर दिया है।

राज्य दवा नियत्रंक मनीष कपूर का कहना है कि उद्योग को नोटिस जारी कर दिया गया है और पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया है।

अब तक सात सदस्य गिरफ्तार : डीजीपी

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पकड़ गया यह गिरोह पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में प्रतिबंधित दवाओं का कारोबार कर रहा था। अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह से 70.42 लाख प्रतिबंधित दवाइयों की गोलियां, 725 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर और 2.37 लाख की ड्रग मनी बरामद की है।

मिसाल इतिहास की प्रवक्ता ने दृष्टिबाधित बेटा-बेटी को उच्च शिक्षित कर अपने पैरों पर किया खड़ा

मेरी आंखों के चमकते तारे देते हैं हर पल सुकून

अनिल शर्मा, मंडी

आज जब मेरी आंखों के तारे चमक रहे हैं, तो मन को बहुत सुकून मिलता है। दोनों ही बच्चों ने उम्मीद से कहीं अधिक खरा उतरकर संघर्ष की नई गाथा लिख डाली है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। यह बात इतिहास की प्रवक्ता रही रोमेश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर 'अनंत ज्ञान' से बातचीत में कही।

रोमेश शर्मा दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी आंखों की ज्योति बनकर उनके मनों में सकारात्मक लौ जलाती रही। उनके दोनों बच्चे जन्म से ही दृष्टिबाधित पैदा हुए थे। ऐसी स्थिति में कोई और होता तो शायद टूट जाता, लेकिन रोमेश दोनों बच्चों को उच्च शिक्षित कर अपने पैरों पर खड़ा करने में दशकों बाद कामयाब हुईं। उनकी बेटी अनुपमा शर्मा मंडी के वल्लभ कॉलेज में संगीत की प्रवक्ता हैं, जबकि बेटा गौरव डाइट मंडी में म्यूजिक के लेक्चरर हैं। रोमेश को सुकून है कि उसका संघर्ष रंग लाया। (अनंत ज्ञान)

अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस
पर विशेष
पेज- 4 पर पढ़ें

शिक्षा बनी आंखों की रोशनी : रोमेश शर्मा

रोमेश ने बताया कि सामाजिक कुरीतियों को देखते हुए उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि शिक्षा ही उनकी बेटी की आंखों की रोशनी बन सकती है। इसी सोच के साथ अनुपमा को राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान देहरादून में दाखिल करवाया। अनुपमा ने एमए चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी से की। दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमफिल करने के बाद एचपीयू शिमला से गाइड डॉ. मृत्युंजय शर्मा के नेतृत्व में पीएचडी कर रही हैं।

बचपन से ही माता-पिता पग-पग पर हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहे।

देहरादून मंडी से बहुत दूर था। तीन महीने की जब छुट्टियां होती थीं तो माता-पिता हमें लाने और उसके बाद छोड़ने के लिए आते जाते थे। अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए वे हमेशा हमारे साथ खड़े रहे, उन्हें अपनी नौकरी को भी जाना होता था और सामाजिक जिम्मेदारियां भी निभानी होती थीं, लेकिन हम दोनों के लिए उन्होंने बहुत त्याग और संघर्ष किया।

-अनुपमा शर्मा, प्रोफेसर, वल्लभ डिग्री कॉलेज (मंडी)

मेरी माता ने दृष्टिबाधित होने के बावजूद मुझे उच्च शिक्षित करने के

लिए बुहत तपस्या की। मुझे भी बहन के साथ राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान देहरादून में दाखिल करवाया। मैंने राजनीतिक शास्त्र और संगीत में स्नातकोत्तर करने के बाद संगीत में एमए की है। हम ऑडियो सुन-सुनकर पढ़े हैं। उस समय कैसेट सुनकर पढ़ना कठिन काम था, क्योंकि एक ही बार दिमाग में सारी चीजें बैठानी पड़ती थीं। माता-पिता ने कभी भी इस बात का एहसास नहीं होने दिया कि हम दृष्टिबाधित हैं।

-गौरव शर्मा, लेक्चरर म्यूजिक, डाइट मंडी

नशा तस्कर से पूछताछ के बाद 37 किलो चरस बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्कर।

सोलन में गिरफ्तार नशा तस्कर से पूछताछ के बाद पुलिस ने जिला कुल्लू के आनी क्षेत्र से 37 किलो चरस (करीब पांच करोड़) बरामद की है। पुलिस चरस तस्कर आरोपी हरजीत सिंह पुत्र मुखतियार सिंह निवासी गांव फतेहपुर तहसील रामपुर जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश को सुबाथू-धर्मपुर रोड पर 1.30 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था।

एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी हरजीत का अदालत से पांच दिन रिमांड हासिल किया है। सोलन पुलिस ने पिछले 10 महीनों में ही नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाही करते हुए करीब 96 मामले दर्ज किए जिनमें 200 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सोलन पुलिस 2023 से अब तक बाहरी राज्यों के 100 से ज्यादा आरोपियों जिनमें चिट्टे/नशे के 86 बड़े सप्लायर हैं, को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अनंत चुनावी बिसात

लोक सभा

प्रिय पाठकों के लिए

वोट के लिए आपके मन की बात

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

चुनावी चुटकी

सबक तो सिखाना है

सबक ही सिखाना है, चुनाव एक बहाना है। मौका भी मिला है, गढ़ भी हिला है। ढांक पर हम ला चुके हैं, बदले का मन बना चुके हैं। संभलने का नहीं देंगे अवसर, मौके चूक जाते हैं अक्सर। देर अब नहीं करेंगे, एक चोट ऐसी धरेंगे। शोर कोई नहीं सुनेगा, निशाने से कई मरेंगे। ऐसी हालात बन चुकी है, नफरत की सियाही घुल चुकी है। चुनावों की यह तस्वीर बयां कर रही है, सियासत में इंसानियत मर रही है। कुछ साथ चल रहे हैं, दिल में ख्याल और पल रहे हैं। कब पीछे से दे देंगे धोखा, तलाश रहे हैं अच्छा सा मौका। आपने भी तो अवसर था पाया, अपनों को भूल दिख रही थी माया। अब बहुत भूल कर चुके हो, न बचेगी साख सुधरेगी न काया। भगवान की इच्छा से चलती है यह सृष्टि, सीधी नहीं तो उल्टी पड़ जाती है ग्रहों की गिद्ध दृष्टि। सियासत के खेल में कब शुरू हो जाए उल्टी गिनती, सबक देने पर आ जाए तो जनता अपनी भी नहीं सुनती। रौनकी ताऊ ने लिख दी है यह पूरी कहानी, अब पता नहीं किसकी याद दिलाएंगे उसकी नानी। ताऊ भी पुराना सियासत का धुरंधर है, बात चंडीगढ़ की करता है पहुंचता जालंधर है। अब ताऊ ने भी ठान लिया है, मन ही मन में मान लिया है। जिसको सबक सिखाना है, उसके साथ हरिद्वार तक भी जाना है। बारात लेकर दूर तक जा रहे हैं, जनाजे वाली धुन बजा रहे हैं।

-राजेश शर्मा

हमने झंडे गाड़ दिए हैं

झंडे भी गाड़ दिए हैं, पोस्टर भी टांग दिए हैं। जहां उन्होंने दो लगाए हैं हमने चार लगा दिए हैं। हमारी जीत पक्की है, किस्मत इतनी अच्छी है। एक-एक घर में चार-चार झंडे लगाए हैं, नेता जी की फोटो के साथ पोस्टर भी चिपकाए हैं। अब कौन हरा पाएगा, इतनी ताकत लगा पाएगा। लाखों के झंडे लाए हैं, उतने ही डंडे लगाए हैं। काहे का अब नखरा है, कोई भी नहीं खतरा है। चारों तरफ झंडे लहरा रहे हैं, जहां उड़े हैं वहां नए लगा रहे हैं। हालात से कर लिया है समझौता, प्रभु इच्छा से आगे नहीं कुछ होता। पहाड़ भी चढ़े हैं, झंडे वहां भी बड़े हैं। पोस्टर भी इतने लगा दिए हैं, स्टिकर बहुत चिपका दिए हैं। अफवाहों का तो जमाना है, आपने इससे नहीं घबराना है। रौनकी ताऊ ने भी दिया सुझाव है, झंडों का कौन सा हिसाब है। झंडे और डंडे का छेड़ दो झगड़ा, जनता लगाती है जोर का रगड़ा। अभी नहीं संभले तो धोखा खाएंगे तगड़ा। ताऊ को पता चली है पूरी हलचल, इसके बाद नहीं चलेगा कोई भी धनबल। मौसम जैसा बन चुका है, सीना कुछ का तन चुका है। भूल में न कोई रहना, मान लो अभी मेरा कहना।

अनुराग ठाकुर की विजय संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

केंद्रीय मंत्री बोले- 20 वर्षों में कोई कमाई की है तो वह यहां पर बैठी जनता और उसका प्यार

अनिल कुमार, हमीरपुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने माता-पिता प्रो. प्रेम कुमार धूमल और शीला धूमल के पैर छूकर विजय संकल्प यात्रा शुरू की। इसके बाद अनुराग ठाकुर ने कुलदेवी अवाहदेवी माता मंदिर में कलश यात्रा निकालकर माता का आशीर्वाद लिया। यह विजय संकल्प यात्रा अवाहदेवी से शनिदेव मंदिर पहुंची वहां पर भी अनुराग ठाकुर ने आशीर्वाद लिया।

विधायक आशीष शर्मा ने भी अपने निवास स्थान के बाहर अनुराग ठाकुर का स्वागत किया। उसके बाद जगह-जगह अनुराग ठाकुर के स्वागत के लिए लोगों की भीड़ खड़ी थी, जो उनके साथ हमीरपुर के गांधी चौक पहुंची। विजय संकल्प यात्रा में लोगों का इतना जनसैलाब उमड़ा कि रैली स्थल तक पहुंचने के लिए पैर रखने की जगह तक नहीं थी। इस यात्रा में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी काफी संख्या में पहुंचे थे, जिसकी वजह से गांधी चौक पर रैली स्थल छोटा पड़ गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि जब मैं केंद्र से मंत्री बनकर आया था और जन आशीर्वाद यात्रा लेकर जब ऊना पहुंचा तो लोग सुबह 4 बजे से हजारों की तादाद में आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे थे। जहां से भी निकला वहां पर बुजुर्ग मेरे सिर पर हाथ रखने के लिए खड़े थे। मैं वह दिन कभी नहीं भूल सकता, क्योंकि उन्होंने कष्ट उठाकर मुझे आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यदि मैंने 20 वर्षों की कोई कमाई की है तो वह ये बैठी हुई जनता और उसका प्यार है। उन्होंने कहा कि आज भी भारी जनसमूह मुझे आशीर्वाद देने के लिए आया है, जिसका मैं आभारी हूं। रैली में उन्होंने उपस्थित बहनों से कहा कि इन चुनावों में कमल खिला दो मोदी जी 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बना देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी देखिए अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

संकल्प यात्रा के दौरान अनुराग ठाकुर का फूलमालाओं से सवागत करते लोग।

बोले- कांग्रेस ने किया ठगने का काम

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन वह अभी तक महिलाओं को नहीं मिला। कांग्रेस के बड़े नेता कहते थे कि कैबिनेट की पहली बैठक में पास कर देंगे कि अगले महीने से 1500 रुपए दे देंगे। 15 महीने बीत गए 1500 रुपए खाते में नहीं आया और न ही कभी आने वाला है। यह तो आपको ठगने का काम करते हैं। ऐसा कोई बचा नहीं जिसे ठगने का काम कांग्रेस ने न किया हो। कांग्रेस ने प्रदेश के 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था मिली क्या, नहीं मिली।

स्पीति आने की हिम्मत नहीं कर पा रहीं भाजपा प्रत्याशी : विक्रमादित्य

कमलेश वर्मा, काजा

मंडी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को स्पीति आने की हिम्मत नहीं हो रही है। शनिवार को काजा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कंगना पर निशाना साधते हुए कहा कि कंगना अपने चुनाव प्रचार के लिए किन्नौर के रिकांगपिओ तक पहुंचीं, लेकिन काजा आने की हिम्मत नहीं जुटा पाईं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से कंगना ने धर्म गुरु दलाईलामा पर टिप्पणी की है, उसको देखते हुए वह स्पीति आने का साहस नहीं जुटा पाई है। उन्होंने कहा कंगना को पता है कि यदि वह स्पीति दौरे पर आती हैं तो उसका स्वागत यहां के लोग काले झंडे से करेंगे। इसलिए कंगना इस क्षेत्र में आने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना को यहां तक नॉलेज नहीं है कि हमारा देश कब आजाद हुआ है।

उन्होंने कहा कि कंगना के हिसाब से 2014 में हमारा देश आजाद हुआ है और देश के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस के होने की भी बात करती हैं। ऐसे प्रत्याशी का जनता क्या हाल करेगी, यह चुनावी परिणाम बतांगे। कंगना अक्सर यह कहा करती हैं कि वह गुजरात जाए या फिर महाराष्ट्र और मणिपुर हर जगह उनका सम्मान होता है। कंगना अपनी तारीफ स्वयं ही करती है कि फिल्म इंडस्ट्री में अमिताभ बच्चन के बाद उन्हें मान-सम्मान मिलता है। (अनंत ज्ञान)

काजा में चुनावी जनसभा के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ विक्रमादित्य सिंह।

मेरी लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेस नेता: कंगना रनौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को घेरते हुए कहा कि इनको महिलाओं का सम्मान करना नहीं आता है।

शनिवार को कुल्लू जिले में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित करते हुए कंगना ने कहा कि मुझे टिकट मिलने के बाद भाजपा की सभाओं में लोग आने और मेरी लोकप्रियता देख ये लोग बौखलाए हुए हैं। इनको मिर्ची लगी हुई है और रोज पेट दर्द हो रहा है।

कहते हैं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मुंबई से एक हीरोइन लेकर एक महीने की शूटिंग पर आए हैं। यह फिल्म फ्लॉप होगी, क्योंकि इसके डायरेक्टर फ्लॉप हैं। दूसरा बेशर्म नेता कहता है यह रोज जगह-जगह कपड़े बदलती है। इसको आप मेकअप के साथ मंच पर देख रहे हैं, जब आप बिना मेकअप देखोगे तो दोबारा देखने नहीं आएंगे। तीसरा कहता है यह बॉलीवुड में काम करके आई है यह अपवित्र है। यह वापस चली जाएगी।

मैं हैरान हूं कि इनको मेरे कपड़े पहनने से दिक्कत है, चेहरे से दिक्कत और एक को मेरे बोलने से दिक्कत है। आखिर ये कैसा उम्मीदवार दूसरी तरफ से चाहते हैं। मैं मुख्यमंत्री को कहना चाहती हूं कि आपको तो खुश होना चाहिए था कि हिमाचल से एक बेटी जीतकर दिल्ली जा रही है, जो माताओं की आवाज उठाएगी, लेकिन आप खिलखिलाकर हंस रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान कंगना ने मनिकर्ण और खराहल में भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश्वर सिंह की उपस्थिति में जनसभा को संबोधित किया।

मंडी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत कुल्लू में कार्यकर्ताओं के साथ।

धर्मशाला को मॉडल बनाना ही मेरी प्राथमिकता : सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला को मॉडल विधानसभा बनाना ही मेरी प्राथमिकता है। यह बात धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कही।

भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने शनिवार को घणा, मंदल आदि में नुक्कड़ सभाएं करके चुनाव प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। अपने प्रचार के दौरान सुधीर शर्मा ने लोगों के समक्ष अपना विजन रखा, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस दौरान धर्मशाला में उपचुनाव के प्रभारी कांगड़ा सदर से विधायक पवन काजल, भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक वशिष्ठ व अनिल चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ विजय पताका फहराएगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है।

मोदी की नीतियों से बदली गरीबों की तस्वीर : राजीव

मुकेश कुमार, डलहौजी

चंबा-भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने शनिवार भटियात में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी की 10 साल की उपलब्धियों पर भाजपा के लिए समर्थन मांग रहा है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के लिए उत्साहित है।

गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, शोषित, युवा और किसानों की तस्वीर पीएम मोदी की नीतियों के कारण बदली है। पहले हिमाचल में 40 सड़कों के निर्माण के लिए मात्र 40 लाख रुपए आते थे और उतने में केवल आधा-आधा किलोमीटर की सड़कें ही बनती थीं, लेकिन जब भाजपा की अटल बिहारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इसी इलाके की 85 प्रतिशत सड़कों का निर्माण हुआ। 1.5 लाख पंचायतों में आप्टिकल फाइबर पहुंचा है, 2 लाख से ज्यादा गांव को आज कॉमन सर्विस सेंटर से जुड़ गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक-एक पंचायत में 40-40 घर बने हैं और पूरे देश में गरीबों के लगभग 4 करोड़ घर बने हैं। आप अगर हमारे प्रत्याशियों को जिताएंगे तो 3 करोड़ और घर अगले 5 सालों में बनेंगे। अब आपके बिजली का बिल जीरो करने और कमाई के लिए हम प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से घरों में सोलर पैनल लगवाने का काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

छह दागियों ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस लेकर स्वीकारा अपना गुनाह: कांग्रेस

अनंत ज्ञान, शिमला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि कांग्रेस के छह दागी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस लेकर अपने गुनाह को कुबूल कर लिया है।

उन्होंने कहा कि अयोग्य घोषित होने के बाद सभी छह दागियों ने विधानसभा स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन दागियों ने अदालत में अपनी याचिका को वापस ले लिया है, जिसका सीधा मतलब यह है कि स्पीकर का फैसला सही था और नियमों के अनुसार लिया गया था। उन्हें पता चल चुका था कि वे कानूनी लड़ाई हार चुके हैं और कोर्ट से फैसला उनके विरुद्ध ही आएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह दागियों को अपनी याचिका वापस लेने का कारण सार्वजनिक करना चाहिए। उनका असली चेहरा सामने आ गया है और उन्हें प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। हर्षवर्धन चौहान ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट से हारने के बाद अब दागियों का फैसला जनता की अदालत में होगा, लेकिन वहां भी उनकी हार तय है। आज हालत यह हो गई है कि दागी अपने चुनाव क्षेत्र में लोगों का सामना नहीं कर पा रहे। लोग सवाल पूछ रहे हैं और वे जवाब देने में नाकाम हैं।

हार देख बौखलाए कांग्रेसी दे रहे पाकिस्तान की इज्जत करने के बयान : गोविंद ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन है। वर्तमान में इस पार्टी का जो नेतृत्व कर रहे हैं, वह पूरे देश में पप्पू के नाम से जाने जाते हैं। गोविंद ठाकुर ने कहा कि हार देख बौखलाए कांग्रेसी पाकिस्तान की इज्जत करने के बयान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे के गुरु सैम पित्रोदा जो अमेरिका में रहते हैं, उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। भगवान कृष्ण के रंग वालों को कांग्रेस अफ्रीकन मानते हैं। गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्षी गठबंधन ने अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंध रखने वाली देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुनाव के समय उनके सांवले रंग को देखते हुए जमकर विरोध किया था। कुछ दिन कांग्रेस की पहली पीढ़ी के नेता मणि शंकर अय्यर ने कहा कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए उनके पास एटम बम है। वहीं, फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके की बात मत करिए पाकिस्तान के पास एटम बम है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि क्या कांग्रेस पार्टी और विपक्षी गठबंधन जम्मू और कश्मीर के पुंछ, उड़ी और पुलवामा आतंकवादी हमले और 26-11 की घटना में शहीदों का केवल अपमान कर रहा है, जिसकी उन्होंने घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी।

भाजपा ने रुकवाई महिलाओं की 1500 रुपए की पेंशन: केवल सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान, शिमला

कांग्रेस नेता व डिप्टी चीफ व्हीप केवल सिंह पठानिया ने भाजपा पर महिलाओं की 1500 रुपए पेंशन रुकवाने का आरोप लगाया है। पठानिया ने शनिवार को कहा कि 1500 रुपए प्रति माह पेंशन के अड़ंगे लगाने पर भाजपा नेताओं को प्रदेश की मातृशक्ति से माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीन मार्च 2024 को प्रदेश मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद 13 मार्च 2024 को चुनाव आचार संहिता लगने के पहले इस योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई थी, लेकिन भाजपा नेता इस योजना के लाभ से महिलाओं को वंचित करने के लिए दो-दो बार चुनाव आयोग के पास गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के विरोध के बाद चुनाव आयोग ने इस योजन के फॉर्म भरने को अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन अब भाजपा नेताओं का महिला विरोधी चेहरा सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना जोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी। केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने अपना चुनावी वादा निभाते हुए 15 मई 2023 को लाहौल-स्पीति जिले के काजा क्षेत्र से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना लागू की गई थी और क्षेत्र की सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह पेंशन मिलना शुरू हुई।

सीएम सुक्खू ने करवाया बड़सर क्षेत्र का सबसे ज्यादा विकास: राजेश धर्माणी

एसके ठाकुर, बिझड़ी

जब से सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री बने हैं, बड़सर विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए हैं। यह बात बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बिझड़ी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक लखनपाल झूठ बोल रहे हैं। पिछले 10-12 महीनों से बड़सर विधानसभा में जो विकासात्मक कार्य हुए हैं वे दर्शाते हैं कि मुख्यमंत्री को विधानसभा बड़सर से कितना लगाव है।

धर्माणी ने यह भी कहा कि पूर्व विधायक कहते हैं कि मेरे कहने से एक चपरासी की भी ट्रांसफर नहीं होती है, यह भी सरासर सफेद झूठ है। हमने उनके द्वारा दिए गए सारे दस्तावेज चेक किए हैं, जो भी ट्रांसफर के कागज उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजे हैं, सब अप्रूव हुए हैं। ऐसी क्या मजबूरी हुई कि उन्होंने पार्टी के साथ भितरघात किया। जनता इसका जवाब एक जून को कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में भारी मतदान करके देगी। उन्होंने कहा कि सुभाष ढटवलिया एक साफ छवि के व्यक्ति हैं, उन्हें भारी मतों से जीतकर विधानसभा में भेजें। विकास के कार्य को मुख्यमंत्री खुद गति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया कांग्रेस नेता राजेश बनयाल, कमल राय, करतार चौधरी, विनोद आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

पत्रकारों को संबोधित करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य पदाधिकारी।

सियासत सुधीर ने झियोल; जग्गी ने दाड़नू में किया प्रचार, राकेश चौधरी साध रहे संपर्क

जीत की जमीन तलाशने में जुटे धर्मशाला के 3 प्रत्याशी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर भाजपा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी का नाम फाइनल होने के बाद दोनों दलों के प्रत्याशी जन संपर्क में जुटे हुए हैं। वहीं, शुक्रवार को बतौर आजाद प्रत्याशी नामांकन भर चुके राकेश चौधरी में जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

शनिवार को पूर्व मंत्री तथा भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने झियोल तथा घना पंचायतों में बूथ कार्यक्रम के अलावा जन संपर्क अभियान चलाया तो दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी ने रक्कड़, बनवाला तथा दाड़नू में प्रचार किया। यहां बताते चलें कि सुधीर शर्मा बैजनाथ तथा धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से अब तक कुल 4 विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं, जबकि कांग्रेस के देवेंद्र जग्गी का यह पहला विधानसभा चुनाव है। वहीं, आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी का यह तीसरा विधानसभा चुनाव है। भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ रहे सुधीर शर्मा यहां विकास के मुद्दे पर वोट मांग रहे हैं, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी यहां प्रदेश सरकार के कार्यों के नाम पर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

भाजपा को छोड़ कर आजाद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे राकेश चौधरी के चलते यहां अब मुकाबला त्रिकोणिय हो गया है, जिसके कारण समीकरणों पर इसका खासा प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

हालांकि पहाड़ की सियासत में भाजपा तथा कांग्रेस ही परंपरागत प्रतिद्वंद्वी रहे हैं तथा बावजूद इसके यहां राकेश चौधरी के आजाद प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने के कारण समीकरणों में बदलाव के क्यास लगाए जा रहे हैं। अभी भाजपा तथा कांग्रेस के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल नहीं किया है, लेकिन दोनों दलों के उम्मीदवारों के अलावा अब तक नामांकन भर चुके आजाद प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में पूरी तरह जुट गए हैं तथा अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं।



अनंत चुनावी बिसात

लाहौल-स्पीति में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता : रवि ठाकुर

हिमाचल प्रदेश में पहली जून को लोकसभा चुनाव व विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव होने हैं। प्रदेश में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है। दोनों पार्टियों ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। लाहौल-स्पीति से भाजपा ने रवि ठाकुर को मैदान में उतारा है। रवि ठाकुर पहले यहीं से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। अब उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली है और भाजपा की टिकट पर एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरे हैं। उपचुनाव को लेकर पार्टी और उनकी क्या रणनीति है और किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं, इसे लेकर 'अनंत ज्ञान' की कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की ब्यूरो प्रमुख कमलेश वर्मा ने उनसे विशेष बातचीत की...

सवाल : उपचुनाव में आप किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं और आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं?

जवाब : देखिए मैं पहले भी विधायक रह चुका हूं। मैंने यहां हर क्षेत्र का दौरा किया है और लोगों की समस्याओं को जाना है। जनजातीय क्षेत्र होने के चलते यहां बहुत सारी समस्याएं हैं। खासकर पानी की बहुत बड़ी समस्या है। इसके लिए हमने एक खास योजना बनाई है, जिसके तहत हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाना और किसानों एवं बागवानों को सिंचाई की सुविधा मुहैया करवाना प्राथमितकाओं में शामिल है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में पर्यटन स्थलों को किस तरह से विकसित किया जा सकता है, इसको लेकर काम किया जाएगा। यहां काफी मंदिर और बौद्ध मठ हैं, इसलिए यहां धार्मिक पर्यटन को विकसित करने पर भी जोर दिया जाएगा। यहां एक धार्मिक सर्किट बनाने पर काम किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केलांग, काजा और उदयपुर में सीवरेज प्लांट लगाए जाएंगे। साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। वाटर स्पोर्ट्स के आयोजन को प्राथमिकता दी जाएगी। वाटर स्पोर्ट्स में क्या-क्या शमिल किया जा सकता है, इसके लिए विशेषज्ञों की सलाह ली जाएगी।

सवाल : स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए आपके पास क्या योजना है?

जवाब : स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके, उसके लिए टैक्सी परमिट और होमस्टे को बढ़ावा दिया जाएगा। लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया जाएगा, ताकि यहां के हस्तशिल्प उत्पादों जैसे कारपेट, शॉल, जुराबें और ऊन से बनने वाले वस्त्रों को प्रमोट किया जाए सके। लोगों को विभिन्न माध्यमों से स्वरोजगार देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। यहां के स्थानीय व्यंजनों को प्रमोट किया जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए स्थानीय पशु याक को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएंगी। लोगों को घर-द्वार रोजगार देने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

सवाल: आपने पिछली बार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था और इस बार भाजपा की टिकट पर लड़ रहे हैं। इसको लेकर लोगों की कैसी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है?

जवाब: देखिए, मैंने कांग्रेस को छोड़ा यह कहना सही नहीं है। जब राज्यसभा चुनाव हुए तो हमने भाजपा उम्मीदवार को इसलिए वोट दिया, क्योंकि वह लोकल थे। कांग्रेस ने जिसे अपना प्रत्याशी बनाया था, उन्होंने तो भगवान राम को काल्पनिक बताकर राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था। हिमाचल सरकार को वाटर सेस के रूप में पंजाब से 2 हजार करोड़ रुपए मिलने थे, उन्होंने उसमें भी अड़ेंगे लगाए। कोर्ट में हिमाचल सरकार के खिलाफ केस लड़ा था, तो आप ही बताएं कि एक ऐसा प्रत्याशी, जो न तो हिमाचल का था और हमेशा ही हिमाचल के अहित की बात करता था, उसे हम कैसे वोट दे सकते थे। दूसरी बात किसी भी विकास कार्य के लिए बजट की जरूरत होती है। कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा लेकर सत्ता में आई थी, लेकिन सरकार ने ऐसा व्यवस्था परिवर्तन किया कि विकास के कार्य ठप पड़ गए। पार्टी विकास ही नहीं करवाएगी, तो फिर उसमें बने रहने का क्या फायदा, इसलिए हमने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन कर ली। अब लोगों को तय करना है कि वे विकास के साथ चलेंगे या फिर विकास के खिलाफ चलने वालों के साथ। लोगों को पता है कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने वाली है। भाजपा केंद्र में भी जीत हासिल करेगी और हिमाचल की भी छह विधानसभा सीटों को जीतेगी।

कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...

देश नाजुक दौर ने गुजर रहा है, मिलावटी खाद्य पदार्थों से 60 प्रतिशत बीमारियां हो रही हैं। मंडी संसदीय क्षेत्र देश का दूसरा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है, ऐसे में मंडी सांसद मिलावट के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा करे। अन्यथा ऐसा सांसद चुनने में हमें कोई रुचि नहीं है, जो खाद्य वस्तुओं में हो रही मिलावट के बारे में एक शब्द न बोले।
डॉक्टर चेतन उपाध्याय, मंडी।

देश में गरीब और आम आदमी के लिए जिस संगठन ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया वह देश का सच्चा हितैषी है। देश भर में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग दुखी हैं। मुद्दों के आधार पर ही विधानसभा और लोकसभा में वोट किया जाएगा।
राजकुमार, कुटलैहड़।

राजनीतिक दलों और नेताओं से जुड़े सारे घोटाले चुनाव से पहले ही क्यों सामने आते हैं और चुनाव के बाद सारे घोटाले दब जाते हैं। गहन विचार का विषय है। हमें ऐसा पढ़ा-लिखा युवा सांसद चाहिए जो अपने कार्यालय में निस्वार्थ सेवा भाव से जनपद से जुड़ा रहे, भले ही वो मुश्किल दौर से गुजर रहा हो।
कमल कांत, मंडी।

भ्रष्टाचार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप तो बहुत लगाए जाते हैं, लेकिन जनता के पैसे से पगार और भत्ते लेने वाले सांसद अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की एक भी कंपनी ऐसी नहीं दिखती जो मानकों पर खरा उतरती हो। सांसद मौन रहे या संसद में ऐसे मुददे न उठाए, तो ऐसा सांसद युवा पीढ़ी को नहीं चाहिए।
आराध्या शर्मा, मंडी।

रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ सुगम ऋण व्यवस्था होनी चाहिए। सरकारें रोजगार उपलब्ध करवाने का दावा करती हैं, लेकिन ऋण लेने के लिए युवाओं को भटकना पड़ता है। चुनाव में समर्थन भी उसको दिया जाएगा, जो युवाओं के हित पर बात करेगा।
मनीष, कुटलैहड़।

युवाओं को खेलने के अभी तक सही मैदान नहीं हैं। ऐसे में क्षेत्र काफी पिछड़ रहा है। युवा अब तो खेल की बजाय मोबाइल में ही ध्यान दे रहे हैं। अगर मैदान होंगे, तभी तो युवा मैदानों तक पहुंच पाएंगे। क्षेत्र की हर पंचायत में मैदानों का प्रबंध होना चाहिए।
अक्षय, कुटलैहड़।

महंगाई को कम करने के लिए प्रयास होने चाहिए। आम लोगों के लिए अपने बच्चों को कुछ शिक्षा के लिए योजना बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को आवाज उठानी चाहिए। जनहित में काम करने वालों को समर्थन किया जाए। झूठ का सहारा लेने वालों को वोट नहीं देंगे
अशोक ठाकुर, बड़सर।

हमारे संसदीय क्षेत्र में बीते 10 साल में काफी विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ सुविधाओं ही हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।
अभय सिंह राणा
संसदीय क्षेत्र हमीरपुर

युवा बेरोजगारों में एक असुरक्षा की भावना आ चुकी है। रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं। युवाओं के प्रति ईमानदार सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा। युवाओं को भी चुनाव के समय पूरे विवेक का इस्तेमाल करके मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।
रिशु, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर

बेईमानों का कभी साथ नहीं देती देवभूमि की जनता : सुक्खू

कहा- राजनीतिक मंडी में बिकने वालों को सिखाएगी सबक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की जनता बेईमानों का कभी साथ नहीं देती है। हिमाचल देवी-देवताओं की भूमि है, यहां के लोग ईमानदार हैं। वर्तमान चुनाव यह तय करेगा कि ईमानदारी जीतनी और बेईमानी हारनी चाहिए।

कांग्रेस के छह पूर्व व तीन आजाद विधायकों ने खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेचा है, इसलिए उन्हें जनता सबक सिखाएगी। यह चुनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी या सरकार बचाने का नहीं, लोकतंत्र को बचाने का है। जनता का वोट एक जून को यह तय करेगा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है या धनबल है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में जनसभा की।

सुल्तानपुरी के पक्ष में मांगे वोट

विनोद सुल्तानपुरी पढ़े-लिखे हैं और इन्हें विजयी बनाएं। यह आपकी दुख-तकलीफ समझते हैं। सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल शेष है, कुपवी में विकास कार्यों की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

बोले- जयराम सत्ता के हैं भूखे, कर्मचारियों के विरोधी

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सत्ता के भूखे होने के साथ ही कर्मचारियों और महिलाओं के विरोधी भी हैं। कर्मचारियों के ओपीएस मांगने पर लाठियां बरसाई व वाटर कैनन चलवाई। कर्मचारियों को चुनाव लड़ने के लिए कहा और जब कांग्रेस सरकार ने ओल्ड पेंशन दे दी तो सरकार व कर्मचारियों के एनपीएस अंशदान के 9000 करोड़ रुपए रुकवाने के लिए दिल्ली पहुंच गए।

केंद्र सरकार ने ओपीएस देने पर हिमाचल सरकार की कर्ज सीमा में कटौती कर दी और एनपीएस अंशदान की राशि भी नहीं दे रहे। अब सरकार ने आचार संहिता लागू होने से पहले 18 साल से ऊपर की बेटियों व महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रति माह देने की योजना लागू की तो जयराम ठाकुर उसे रुकवाने चुनाव आयोग के पास पहुंच गए।

जनता से किया खिलवाड़

यह साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। हिमाचल से एक जून को धनबल की राजनीति करने वालों के खिलाफ पूरे देश में संदेश जाना चाहिए। नोटतंत्र के आगे जनबल जीतना चाहिए। प्रदेश पूरे देश को लोकतंत्र बचाने के लिए दिशा दिखा सकता है तो 1 जून का समय बिलकुल सही है। जनता के वोट से चुनकर आए विधायकों को दिल्ली में बैठी सरकार नोट के दम पर खरीद ले, तो वोट का क्या मूल्य है। चुने हुए विधायकों को खरीदना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। यह चुनाव सत्य व असत्य के बीच है। सरकारें आती-जाती रहेंगी, इस बार नोट से वोट खरीदने वालों को सबक सिखाना है।

प्रदेश में उपचुनावों से हिली कांग्रेस: जयराम

कहा- अनुराग ठाकुर की होगी ऐतिहासिक जीत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकसभा की चारों सीटों पर भाजपा जीतेगी, लेकिन विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव भी हैं और 15 महीने की कांग्रेस सरकार को हिलाकर रख दिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी। कुछ प्रश्न पैदा कर रहे हैं कि कैसे होगा। हम कहना चाहते हैं कि जब राज्यसभा का चुनाव होने जा रहा था तो यही प्रश्न पूछ रहे थे। परिणाम निकला और राज्यसभा में भाजपा का उम्मीदवार जीता, हमने कहा कि ऐसे होगा। यहां भी ऐसी ही स्थिति है। पिछले एक दशक से मजबूत सरकार भारत में बनी है।

हिमाचल में आएगी भाजपा की सरकार

एक बार फिर से और मजबूती देने की आवश्यकता है। इसके लिए जनता का आशीर्वाद चाहिए और अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार सांसद बनाइए। गांधी चौक पर कई बार आना हुआ, लेकिन इस तरह की मुलाकात पहली बार हो रही है। जहां पैर रखने के लिए जगह नहीं, रास्ते में आगे बढ़ना है, लेकिन आदमी ही आदमी इस तरह का स्नेह और प्यार हमारी पार्टी के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को दिया है। मैं इस बात को दावे के साथ कह सकता हूं कि इस बार ऐतिहासिक जीत होने वाली है और यह संभव है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी जनता को संबोधित किया। जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, उत्तराखंड के संगठन मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विधायक व प्रत्याशी भी उपस्थित रहे।

सभी रिकॉर्ड टूटने वाले हैं

जयराम ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग ठाकुर की जीत से आज तक के सभी रिकॉर्ड टूटने वाले हैं। अनुराग ने आपका प्रतिनिधित्व चार बार संसद में किया और पिछली बार जीत का अंतर 4 लाख था, अबकी बार पांच लाख से पार होने वाला है। मुझे कांग्रेस के बारे में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। 15 महीने की सरकार हिमाचल प्रदेश में व्यववस्था परिवर्तन के नाम से अस्त-व्यस्त पड़ गई है और ऐसी सूरत में यही निवेदन करना चाहता हूं कि जिस प्रकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मान चुका है कि जब यह परिणाम घोषित होंगे तो नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे।

लोगों से दूरी बनाने वाले सांसद को आईना दिखाएगी जनता : रोहित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला संसदीय सीट पर कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए कैबिनेट मंत्री व संसदीय चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर और शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा है।

शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में शनिवार को बैठक के दौरान चुनाव कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में तेजी लाने और नई रणनीति के साथ काम करने के सलाह दी है। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लिया और चुनाव प्रचार को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की रणनीति बनाई। रोहित ने कहा कि 15 साल से शिमला संसदीय सीट पर भाजपा का कब्जा है, लेकिन यह सांसद 15 साल में जनता के बीच दिखाई नहीं दिया। अब जनता इन्हें आईना दिखाकर सत्ता से बेदखल करेगी। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। मात्र 15 माह के अल्पकाल में ही सीएम सुक्खू ने प्रदेश को प्रगति के शिखर पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने विधानसभा के दौरान जनता से किए गए वादों को गारंटियों के रूप में पूरा किया है।

मतदान का संदेश

स्वीप टीम ने शनिवार को मुराहला में बच्चों और लोगों को मतदान का महत्व बताया।

जागरूकता अभियान

चंबा। कोलका स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

राजनीति नेता बैठकों और मीडिया में बयान जारी कर चुनावी माहौल बनाने की कर रहे कोशिश

भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों को स्टार प्रचारकों का इंतजार

आर मोहन चौहान, सोलन

शिमला संसदीय आरक्षित सीट के भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों को अभी स्टार प्रचारकों का इंतजार है। भाजपा और कांग्रेस के नेता बैठकों और मीडिया में बयान जारी कर चुनावी माहौल बनाने की कोशिश में हैं। लिहाजा नामांकन के बहाने भाजपा और कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन करना चाहते हैं।

भाजपा नेता शिमला में आज भरेंगे हुंकार

भाजपा 12 मई को शिमला के चौड़ा मैदान में नामांकन के एक दिन पहले शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सोलन, सिरमौर सहित शिमला जिले के जिला अध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की संख्या बल शिमला पहुंचाने का टारगेट दिया गया है। भाजपा प्रत्याशी काफी समय से शिमला जिले के क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं। केंद्र की उपलब्धियों को गिनाया जा रहा है, लेकिन संसदीय क्षेत्र में पिछले पांच वर्ष में क्या काम हुए, उसके जिक्र करने से बचा जा रहा है। भाजपा को पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की होने वाली रैली से उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

सुरेश कश्यप।

विनोद सुल्तानपुरी।

कांग्रेस कल रोड शो से करेगी शक्ति प्रदर्शन

कांग्रेस के प्रत्याशी 13 मई को नामांकन के बाद चौड़ा मैदान में रोड शो के दौरान शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर चुके हैं। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अलावा बड़े नेता शामिल रहेंगे। बता दें कि कांग्रेस ने युवा चेहरे के रूप में विनोद सुल्तानपुरी को उतार शिमला संसदीय सीट का मुकाबला टक्कर का बना दिया है। हालांकि, शुरुआत में कांग्रेस को मिला सीट पर दमदार प्रत्याशी नहीं मिल पा रहा था, लेकिन 6 बार अजेय सांसद रहे केडी सुल्तानपुरी का नाम सामने आते ही पार्टी का ध्यान सुल्तानपुरी परिवार पर केंद्रित हो गया। कांग्रेस इस बात से भलीभांति परिचित है कि सुल्तानपुरी को भाग्य हमेशा लोकसभा पहुंचाता रहा है। पार्टी को 'सुल्तानपुरी' के भाग्य पर भी उम्मीद है।

अब तक शिमला में सोलन ही रहा 'सिरमौर'

शिमला सीट का इतिहास देखें तो यहां अब तक सोलन ही सिरमौर (शीर्ष) रहा है। सोलन जिले के 3 सांसदों ने 38 साल तक लोकसभा में क्षेत्र को लीड किया, जबकि दूसरे स्थान पर जिला सिरमौर रहा। सिरमौर के 2 नेता 3 बार सांसद बने। उन्होंने 15 साल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

शिमला जिले को महज अढ़ाई साल तक प्रतिनिधि का मौका मिला। इस सीट पर सोलन के दिवंगत कृष्णदत्त सुल्तानपुरी की धाक रही। वे लगातार 18 साल बिना हारे सांसद रहे।

कांग्रेस डूबता जहाज, जिस पर नहीं बैठना चाहता कोईः भुट्टो

कहा- मुख्यमंत्री सुक्खू को सोते-जागते दिखाई देते हैं 15 करोड़

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो।

कुटलैहड़ की जनता ने जब मुझे 15 माह पूर्व विधायक बनाकर शिमला भेजा तो मुझे भी सरकार से बड़ी उम्मीद थी कि अब हम कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं को खत्म करेंगे। सीएम साहब ने केवल मित्रों की सुनी और हमने जो कुटलैहड़ की जनता के कार्य बताए, उन्हें अनुमति नहीं मिली।

यह बात कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ हमीरपुर रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कही। सीएम सुक्खू के 15 करोड़ के खरीद-फरोख्त वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अब सोते-जागते 15 करोड़ के सूटकेस ही दिखाई देते हैं। उन्हें शायद ज्ञात नहीं कि 15 करोड़ हम सालाना टैक्स सरकार को देते आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी एक डूबता जहाज है, जिस पर कोई बैठना नहीं चाहता है। लोकसभा और उपचुनावों में कांग्रेस मुंह के बल गिरेगी। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल आदि मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस

बच्चों को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में 30 साल से जुटी हैं सुदर्शना ठाकुर, मनाली के खखनाल में चला रहीं 'राधा एनजीओ'

बेसहारा व अनाथ बच्चों का सहारा 'राधा मां'

10 बेसहारा बच्चों को बांट रही मां की ममता, साथ एक बुजुर्ग महिला को भी दे रहीं सहारा
7 गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा का भी उठा रहीं हैं खर्चा

कुल्लू जिले की पर्यटन नगरी मनाली में एक ऐसी मां हैं, जो बेसहारा व अनाथ बच्चों का सहारा बनी हुई हैं। वह ऐसे बच्चों को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में दिन-रात जुटी हैं। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से संबंध रखने वाली और वर्तमान में मनाली के खखनाल में रहने वाली सुदर्शना ठाकुर, जिन्हें 'राधा मां' के नाम से जाना जाता है, ने अपना पूरा जीवन बेसहारा, अनाथ, जरूरतमंद व गरीब बच्चों और परिवारों की सेवा में लगा दिया। करीब 30 साल पहले सुदर्शना ने जब 'राधा' एनजीओ का गठन किया तो असहाय व जरूरतमंद महिलाओं को सहारा देना प्राथमिकता में रखा। वर्तमान में राधा मां के पास 10 अनाथ बच्चों के अलावा एक बेसहारा महिला है। वहीं, सात अन्य गरीब परिवार के बच्चों के कॉलेज व स्कूल का खर्चा भी राधा एनजीओ ही उठा रहा है। एनजीओ के परिवार के सभी सदस्य खखनाल में किराये पर कमरे लेकर रह रहे हैं। पढ़ाई के साथ इन बच्चों को अन्य विभिन्न कार्यों में भी दक्ष बनाया जा रहा है। राधा एनजीओ की संस्थापक सुदर्शना इन गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। इन बच्चों को सुदर्शना न केवल मां बनकर पाल रही हैं, बल्कि उन्हें पढ़ा-लिखाकर अपने पैरों पर खड़ा होने के काबिल भी बना रही हैं। इस नेक काम में प्रशासन और सरकार से कोई मदद नहीं मिल रही है। वह अपनी मेहनत के दम पर बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। राधा एनजीओ में ये सभी लोग सुदर्शना के साथ एक परिवार की तरह रहते हैं। सुदर्शना बच्चों को पढ़ाने के साथ उन्हें शौक के आधार पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी दे रही हैं। बच्चों की शिक्षा के साथ अन्य कार्यों में भी सक्षम बनाया जा रहा है। यहां पर इन बच्चों को आचार व जुराबें, स्वेटर सहित अन्य कार्य सिखाने के अलावा लकड़ी की नक्काशी के गुर सिखाए जाते हैं। अब ये बच्चे लकड़ी के मंदिर व अन्य कलाकृतियां बनाना सीख गए हैं और इन्हें बेचकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ करने के साथ आत्मनिर्भर बन रहे हैं। समय-समय पर राधा एनजीओ का यह परिवार देश व प्रदेशभर में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी व मेलों में भाग लेकर अपने उत्पादों की बिक्री करता है। पौधरोपण के अलावा स्वच्छता व अन्य अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। शिक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ सक्षम भारत सुदर्शन की परिकल्पना है। यहां पर बच्चों को कम साधन में खुश रहना सिखाया जाता है। 30 साल पहले जब बेसहारा बच्चे सड़क पर ठोकरें खाते देखे तो सुदर्शना का मन नहीं माना और महिलाओं के उत्थान के साथ बच्चों की हमदर्द बनी। मां-बाप के प्यार से वंचित रही एक बच्ची ने कल्याण आश्रम में होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में बताया तो उन्हें लगा उनका जीवन ऐसे ही बच्चों के लिए है। उसके बाद इसी कार्य को सब कुछ मानकर काम में जुट गईं।

कमलेश वर्मा, कुल्लू

समाजसेवा के लिए समर्पित

सुदर्शना बेसहारा बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के गुर भी सिखा रही हैं। हालांकि अब उनके पास मात्र 10 बच्चे ही हैं, लेकिन उनके आंचल से प्यार पाकर कॉलेज व स्कूलों में पढ़ाई कर रहे इन बच्चों के लिए सब कुछ राधा मां ही हैं। उन्होंने हर बच्चे में अपनापन तलाशा व उसे मां का प्यार दिया। बच्चे अपने हों या पराए उन्हें बस प्यार चाहिए। अपने बच्चों को तो जानवर भी प्यार करते हैं हम तो इंसान हैं। मातृ दिवस पर यह जरूर कहना चाहती हूं कि धरती पर मौजूद हर इंसान का अस्तित्व मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह, दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता है। हमारे हर विचार और भाव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज हैं । मातृ दिवस को मनाना आवश्यक है। समाजसेवी सुदर्शना को अभी तक कई नेशनल व राज्य, जिला स्तरीय अवार्ड से भी नवाजा गया है। सुदर्शना की सरकार से मांग है कि हमें थोड़ी सी भूमि और बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मिल जाएं इसके अलावा हमें कुछ नहीं चाहिए।

सैकड़ों बेटियों का मायका • सीमा सांख्यान का घर •

बेटी बनकर शुरू की बिटिया फाउंडेशन, मिला मां का दर्जा, गरीब बेटियों की शादी करवाने से लेकर उनके मायके की मां बनकर निभाती हैं सारी रस्में

बिलासपुर के बरमाणा की सीमा सांख्यान एक छोटे से सपने को लेकर निकली थीं, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनकी उड़ान ऐसी होगी कि उनको आज प्रदेश में सीमा सांख्यान नहीं, बल्कि एक नए नाम की पहचान मिल जाएगी, जो नाम होगा मां का।

जी हां, गरीब परिवार हो या फिर अनाथ, उनके घर परिवार में जाकर मदद करनी और फिर उनकी गरीब बेटियों की शादियां करवाने का जिम्मा सीमा सांख्यान ने बरमाणा क्षेत्र से शुरू किया।

फिर क्या था कि इस सिलसिले का कारवां बढ़ता ही गया। आज हिमाचल ही नहीं बल्कि, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर तक इस संस्था ने अपने पांव पसार लिए हैं।

शुभम राही, बिलासपुर

2015 में शुरू की बिटिया फाउंडेशन

सीमा सांख्यान की बात करें तो उन्होंने 2015 में बिटिया फाउंडेशन के नाम से एक संस्था शुरू की। इस संस्था ने महिला उत्पीड़न मामलों से लेकर गरीब व अनाथ लड़कियों की शादी तक करवाने का जिम्मा संभाल लिया। अब तक सीमा सांख्यान प्रदेश व अन्य राज्यों में लगभग दो हजार से अधिक गरीब व अनाथ बेटियों की शादियां करवा चुकी हैं। यह सफर यहीं खत्म नहीं होता है। शादी के बाद अनाथ बेटियों को अपने घर में मायके का दर्जा भी दे दिया, जिसके बाद आज सीमा सांख्यान के घर प्रत्येक दिन कोई न कोई लड़की अपने सुसराल से अपने मायके सीमा सांख्यान के पास पहुंची है। सीमा सांख्यान केवल मां के दर्जे तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि कहीं दादी तो कहीं नानी का भी पूरा फर्ज अदा करती हैं।

प्रदेश और पड़ोसी राज्यों की सरकारों से मिले सम्मान

हिमाचल प्रदेश में फाउंडेशन से जुड़ चुके हैं 5 हजार से अधिक लोग

बिटिया फाउंडेशन को जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से वुमन अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसी के साथ दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल सरकारों ने भी कई बार सम्मानित किया है। बिटिया फाउंडेशन के आंकड़ों की बात करें तो हिमाचल प्रदेश में अब तक उनके साथ पांच हजार से अधिक लोग वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। वहीं, अभी तक संस्था की ओर से दो हजार से अधिक शादियां भी करवाई जा चुकी हैं। सीमा सांख्यान ने बताया कि उनकी संस्था के साथ न केवल लोग, बल्कि पुलिस अधिकारी, वकील, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी तक जुड़े हुए हैं और इन सभी और आम जनता के सहयोग से यह संस्था कार्यरत है।

लेखिका पुष्पप्रिया मनकोटिया ने साझा की मन की बात

बेटी के हर कदम पर मां का साथ

जब बात आती है मां के प्यार की, तो हम अक्सर उसकी अमिट ममता और देखभाल की कथाओं में डूब जाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि मां के प्यार का एक और रूप क्या हो सकता है। जी हां, हम बात कर रहे हैं उस अनदेखे संवाद की, जिसमें मां हर कदम पर अपनी बेटी के साथ होती है। लेखिका पुष्पप्रिया मनकोटिया का कहना है कि यह सच है कि एक मां का संवाद उसकी बेटी के साथ हर समय नहीं होता है, लेकिन जब वह होता है, तो वह एक अद्वितीय अनुभव होता है। यह अनदेखा संवाद अधिकतर लोगों की नजरों से छिपा रहता है, लेकिन जब हम उसे ध्यान से देखते हैं, तो हमें पता चलता है कि मां किस प्रकार अपनी बेटी के संग अपने सफर की हर कड़ी पर होती है।

पुष्प प्रिया मनकोटिया अपनी मां कंचन मनकोटिया के साथ

जब बेटी पहली बार अपने कदम रखती है, मां की नजर उसके साथ होती है, प्रेरणा देती है और उसे साथ चलने का साहस देती है। जब वह अपने जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों का सामना करती है, तो मां की सलाह और मार्गदर्शन उसके साथ होते हैं। जब वह सफलता की ऊंचाइयों को छूती है, तो मां की खुशी और गर्व उसके साथ होते हैं। इस अनदेखे संवाद में, हमें एक अन्य दृष्टिकोण मिलता है, जो हमें सिखाता है कि मां के प्यार का असली मतलब होता है सच्ची साझेदारी, विश्वास और समर्थन। इस दिन, हम सभी को यह विचार करने का मौका मिलना चाहिए कि क्या हम अपनी मां के साथ अपने सफर की हर कदम पर वास्तव में हैं, और क्या हम उनके संग उनकी साथी हैं। अपनी मां के संग होना, वास्तव में एक अनमोल और अद्वितीय अनुभव है, जिसे हम सभी निरंतर महसूस कर सकते हैं। मां आपकी हमेशा मदद और समर्थन से मुझे हर मुश्किल का सामना करने की शक्ति मिलती है आप जैसी मां को पाकर मुझे आप पर गर्व है।

अभिषेक कुमार, ऊना

बेटी के सपने को पूरा करने के लिए मजदूर बच्चों में जगाई शिक्षा की अलख

मैक्सिको में गैंगवार में गोली लगने से हुई थी निर्मला रेयात की 31 वर्षीय इंजीनियर बेटी अंजलि की मौत

मैक्सिको में वर्ष 2021 में दो गुटों में गैंगवार के दौरान सोलन की हाउसिंग कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय इंजीनियर अंजलि रेयात की गोली लगने से मौत हो गई थी। अंजलि गरीब व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने के लिए स्कूल खोलना चाहती थी। इस दुखद हादसे के बाद अंजलि के विजन को जिंदा रखने के लिए उनकी माता निर्मला रेयात और पिता डॉ. केडी रयोत ने अपने दामाद उत्कर्ष श्रीवास्तव के साथ मिलकर अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर 'सहारा शिक्षा केंद्र' के सहयोग से गरीब और सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने का कार्य शुरू किया। निर्मला रेयात ने बेटी की यादों को संजोने और उसके सपनों को साकार करने के लिए हाउसिंग कॉलोनी स्थित अपने मकान में एक अतिरिक्त मंजिल का निर्माण कर आर्थिक रूप से कमजोर और दिहाड़ी- मजदूरी करने वाले प्रवासियों के बच्चों को शिक्षित करने की ठानी।

आर मोहन चौहान, सोलन

निर्मला रयोत अपनी स्व. बेटी अंजलि के साथ।

'सहारा शिक्षा केंद्र' में पढ़ रहे बच्चों के साथ निर्मला रयोत व अन्य।

दो बच्चों से शुरू की पढ़ाई 50 तक पहुंची

यह निर्मला का ही मनोबल था कि दो बच्चों से पढ़ाई शुरू कर संस्था से अब तक 50 बच्चे जुड़ चुके हैं। इन बच्चों को प्रशिक्षित शिक्षक ही पढ़ाते हैं। पढ़ाई तो अलग बात है, बच्चों को एक वक्त का पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। जिसका पूरा जिम्मा निर्मला पर ही है। निर्मला के परामर्श से 'सहारा शिक्षा केंद्र' की एडमिन प्रीति ठाकुर सहित शिक्षिका श्वेता, कल्पना, देवप्रिया, भावना, रोमा और कंचन गरीब बच्चों को खासकर बेटियों को शिक्षित कर अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के विजन को मूर्त रूप दे रही हैं। हालांकि ट्रस्ट के फाउंडर चेयरमैन और अंजलि के पति उत्कर्ष सहित पिता डॉ. केडी रेयात और भाई आशीष रेयात भी बच्चों को शिक्षित करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

गरीब बच्चों को शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना लक्ष्य : निर्मला

निर्मला रेयात बताती हैं कि बेटी अंजलि गरीब बच्चों को शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना चाहती थी। उसका सपना पूरा करने के लिए अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया गया है। वर्तमान में करीब 50 ऐसे बच्चे जिनके मां-बाप या तो मजदूरी करते हैं या फिर आर्थिक रूप से कमजोर हैं, को शिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अध्यापकों की सेवाएं ली जा रही हैं। बच्चों को मुफ्त शिक्षा के साथ एक वक्त का पौष्टिक आहार भी दिया जाता है। ट्रस्ट बच्चों को त्योहारों के महत्व के प्रति भी शिक्षित करता है।

सरोकार 'पहचान' संस्था की संस्थापक चेतना शर्मा दस साल से विशेष बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा करने का कर रहीं काम

मां के संघर्ष ने बनाया बेटे का भविष्य

मां अपने बच्चों का भविष्य संवारने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इतना संघर्ष कर सकती है जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। ऐसा ही हमीरपुर में 'पहचान' संस्था की संस्थापक चेतना शर्मा ने कर दिखाया है। वर्ष 2014 में उनके बेटे को पीलिया की वजह से कई प्रकार के शारीरिक व मानसिक विकार हो गए थे और वह दूसरे बच्चों से अलग दिखता था। चेतना ने अपने बेटे को ठीक करने का प्रण लिया और इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए। दस वर्ष पहले अपने बेटे के भविष्य के लिए संघर्ष शुरू किया और इसका परिणाम भी मिला। उन्होंने हैदराबाद के एक डॉक्टर हरिकांत जो फिजियोथैरेपिस्ट हैं से संपर्क किया और उनकी बताई हुई थैरेपी से बेटे के विकार को दूर करने में सफलता हासिल की। इसके बाद उन्होंने दूसरे विशेष बच्चों को भी ठीक करने का प्रण लिया और 'पहचान' नाम की संस्था बना डाली। आज उनका बेटा जमा दो कक्षा की पढ़ाई कर कंप्यूटर कोर्स भी कर चुका है, जो मां के संघर्ष से ही संभव हो सका है। उन्होंने अपने बेटे और एक अन्य बच्चे से यह संस्था शुरू की। आज इस संस्था में 57 बच्चे शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा के दम पर गोल्ड मेडल भी हासिल कर रहे हैं।

चेतना का एक ही उद्देश्य था कि विशेष बच्चे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें और बिना परेशानी के बेहतर जीवन व्यतीत करें। संस्था को चलाने में आर्थिक परेशानियां भी आईं, लेकिन सब बाधाओं को दूर कर उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल कर मिसाल कायम की। अब इस संस्था में बच्चों को थैरेपी से ठीक कर उनका मानसिक और शारीरिक विकास हो रहा है जिससे उनके अभिभावक भी अपने बच्चे को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सहयोग कर रहे हैं। हालांकि इस संस्था को चलाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिली। अभिभावकों के आर्थिक सहयोग से ही बच्चों का विकास किया जा रहा है। चेतना को इस संस्था को चलाने के लिए कई संघर्षों से गुजरना पड़ा। इसका परिणाम यह रहा कि आज इनके साथ छह टीचर हैं, जो 57 बच्चों को पढ़ाने के साथ थैरेपी में सहयोग कर रहे हैं। इस संस्था के कई बच्चे ठीक होकर नॉर्मल स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।

अनिल कुमार, हमीरपुर

थैरेपी से दूर किए जा रहे विकार : चेतना शर्मा ने बताया कि यहां पर विशेष बच्चों को व्यवहार थैरेपी, स्पीच थैरेपी के अलावा विशेष विकारों को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप भी लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया 57 बच्चों को अलग-अलग डिस्एबिलिटी है, जिस पर काम किया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से यही अपील की है कि अपने बच्चे में किसी भी प्रकार की डिस्एबिलिटी को छिपाना नहीं चाहिए, बल्कि उसे दूर करने के प्रयास करने चाहिए। 'पहचान' संस्था स्कूल की तरह चलाई जा रही है, लेकिन आवासीय स्कूल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। मां-बाप ऐसे बच्चों को सुविधाएं दें, जिससे ये विशेष बच्चे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

पति की मौत के बाद निभाया पिता का फर्ज

मटौर की ऊषा कपूर बनीं बच्चों का सहारा

जीवन में मां का क्या महत्व है यह हर एक इंसान जानता है, लेकिन कुछ माताएं ऐसी भी होती हैं, जो पिता का फर्ज भी बखूबी निभाती हैं। ऐसी ही एक मां हैं कांगड़ा के मटौर की ऊषा कपूर। उनकी एक बेटी रीटा कपूर जो एक अध्यापिका हैं ने बताया कि मां शब्द का अर्थ है जननी अर्थात जन्म देने वाली प्रेम और वात्सल्य का दूसरा रूप। वो कहती हैं कि उनके मुताबिक संसार में मां के अलावा कोई भी सच्चा प्यार नहीं कर सकता। एक मां के रूप के साथ मां एक अच्छी दोस्त भी होती है। ऊषा कपूर ने पति की मौत के बाद पेंशन के सहारे तीन भाई-बहनों को पढ़ा-लिखाकर अच्छी शिक्षा दी। बच्चों की खुशियों के लिए दिन रात मेहनत की उनके अथक प्रयासों से जहां उनकी बड़ी बेटी अध्यापिका है तो वहीं उनके दोनों बेटे अच्छे बिजनेस मैन हैं। रीटा कपूर बताती हैं कि उनकी मां ही उनकी शिक्षक और मार्गदर्शक होने के साथ सबसे अच्छी दोस्त भी हैं। वह बताती हैं कि जब भी हम किसी उलझन में होते हैं तो वह हममें विश्वास और नई ऊर्जा भर देती हैं तथा यही उनकी हर सफलता का आधार स्तंभ भी है। वह बताती हैं कि मां ने हमें सामाजिक व्यवहार से लेकर ईमानदारी तथा मेहनत जैसी महत्वपूर्ण शिक्षा भी दी। उन्होंने कहा कि मां के बिना जीवन की कल्पना करना भी कठिन है।

आशीष दमीर, कांगड़ा

हैप्पी बर्थडे

नारी घाटी के कृषभ शर्मा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

दहशत के माहौल में गुजारी रात

मुल्थान के लंबाडंग में लोगों के घरों तक मलबे के साथ पहुंची चट्टानें

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

उपमंडल बैजनाथ के दुर्गम क्षेत्र मुल्थान के लंबाडंग के 25 मेगावाट पन बिजली परियोजना की टनल में हुए पानी के भारी रिसाव की वजह से तबाही रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। पर्यटन के रूप में विकसित हुई इस घाटी में शुक्रवार की रात को भी नाले में भारी मलबे के साथ चट्टानें भी लोगों के घरों तक पहुंच गई हैं, जिससे एक बार फिर लोगों के घरों को खतरा पैदा हो गया है। रात को मलबे तथा भारी भरकम चट्टानों के आने से लोगों ने दहशत के माहौल में रात गुजारी। शनिवार सुबह ही बैजनाथ के उपमंडल अधिकारी देवी सिंह ठाकुर, तहसीलदार रमन ठाकुर तथा पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रशासन ने कंपनी के प्रबंधन की भी जमकर क्लास ली है। प्रभावित परिवारों को 5000 की अग्रिम राहत प्रदान की गई है। उपमंडल अधिकारी देवी सिंह ठाकुर ने बताया कि शनिवार को परियोजना के दिल्ली से आए बड़ी अधिकारियों के साथ बातचीत हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि रविवार सुबह ग्रामीणों के हुए नुकसान का अनुमान लगाया जाएगा। कंपनी के प्रबंधन का कहना है कि एक अन्य प्रोजेक्ट से 40, 50 काम करने वाले लोग मंगवाए गए हैं वे रविवार सुबह पहुंच जाएंगे जिससे अति शीघ्र नुकसान का अनुमान लगाया जा सकेगा। उपमंडल अधिकारी नागरिक ने बताया कि बैठक में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अति शीघ्र उनके नुकसान का अनुमान लगाकर उन्हें सहायता राशि प्रदान की जाए।

नुकसान का जायजा लेते बैजनाथ के उपमंडल अधिकारी देवी सिंह ठाकुर, तहसीलदार रमन ठाकुर व अन्य।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

एसटी प्रकोष्ठ आनंद शर्मा के साथः बाली

अनंत ज्ञान, शाहपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एसटी प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों की बैठक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बाली राम की अध्यक्षता में रैत कांग्रेस कार्यालय में हुई। इसमें उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शिरकत की। इस दौरान बाली राम ने कहा कि लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के साथ हमारा एसटी प्रकोष्ठ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आनंद शर्मा को भारी मतों से लीड देकर दिल्ली भेजेंगे। घर-घर जाकर लोगों से वोट मांग कर कांग्रेस की जनहित नीतियों को बता कर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करके भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करेंगे। पठानिया ने कहा कि भाजपा ने गद्दी समुदाय से अन्याय किया है जो कि पूरे देश में भाजपा सांसद किशन कपूर सबसे ज्यादा वोट से कांगड़ा-चंबा की जनता ने जिता कर सांसद भेजा था, लेकिन उसी जनता पर विश्वासघात करके आज गद्दी सुमदाय को दरकिनार करके किशन कपूर का टिकट काट दिया गया। भाजपा ये बताए कि गद्दी समुदाय का क्या कसूर था जो मौजूदा सांसद का टिकट काटा। पठानिया ने कहा कि भाजपा ने हमेशा देश की जनता से झूठ फरेब की राजनीति करके सत्ता काबिज की आज जनता भाजपा की केंद्र सरकार को मुह तोड़ जवाब देकर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को भारी मतों से जिता कर दिल्ली लोकसभा में भेजेगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एसटी प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद सदस्य।

न्यूज ब्रीफ

घुरकड़ी में कल मनाएंगे समर्पण दिवस

गगल। बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन 13 मई को निरंकारी सत्संग भवन घुरकड़ी में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य द्वारा किया जाएगा। इसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालु शामिल होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षों तक निरंकारी मिशन की बागड़ोर संभाली। यह जानकारी कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ व प्रेस प्रभारी स्वरूप कुमार ने दी।

विजय संकल्प यात्रा में पहुंचे सैकड़ों वर्कर्स

गरली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा शनिवार को हमीरपुर भोटा चौक से गांधी चौक तक निकाली गई विजय संकल्प यात्रा में जसवां-परागपुर व देहरा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी हाजिरी भरी। इस दौरान जहां पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गरली, परागपुर डाडासिबा, नैहरनपुखर सहित अन्य क्षेत्रों के हजारों की तादाद में महिला व पुरुष भाजपा कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों के काफिले के साथ भोटा चौक पहुंचे और विजय संकल्प यात्रा में भाग लिया वहीं देहरा महिला मोर्चा की तमाम पदाधिकारी महिलाएं भी इस विजय संकल्प यात्रा में पीछे नहीं रही। उन्होंने भी सैकड़ों समर्थकों के साथ वहां पहुंच कर कार्यक्रम में भाग लिया।

बिनवा स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

बैजनाथ। बिनवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने बताया कि दसवीं कक्षा में सेजल ने 98.42 प्रतिशत, दिक्षु कपूर ने 98. 14 प्रतिशत व पलक ने 98 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। रिदम, हिमांशु ठाकुर, अक्षत व्यास, तृषाली शर्मा व कार्तिक धरवाल ने अंग्रेजी विषय में 100 अंक, दिक्षु कपूर व उज्ज्वल धीमान ने विज्ञान विषय में 100 अंक, कंप्यूटर में प्रनिका शर्मा, प्राची, रिदम, सेजल, तृषाली शर्मा व उज्जवल धीमान ने 100 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। लगभग 30 बच्चों ने विभिन्न विषयों में 99 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य रेनू शर्मा व प्रबंधक सात्विक शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

कल बाधित रहेगी पेयजल की आपूर्ति

बैजनाथ। जल शक्ति विभाग डिवीजन बैजनाथ के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में

सोमवार से लेकर बुधवार तक पानी की आपूर्ति चरणबद्ध तरीके से बाधित रहेगी। जल शक्ति विभाग बैजनाथ के अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान ने बताया कि गर्मियों का मौसम आने की वजह से पानी के टैंकों की सफाई तथा रखकर के कारण पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में पानी की वजह से कई बीमारियां पैदा हो जाती हैं इसलिए लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभाग समय-समय पर पानी के टैंकों की सफाई का विशेष ध्यान रखता है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा

लंबागांव। प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद की जयसिंहपुर इकाई द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य पर शोभायात्रा निकाली गई। परशुराम भवन सकोह में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। परिषद द्वारा यह शोभायात्रा भगवान परशुराम भवन सकोह से लेकर जीहण, टिक्कर, ठाकुरद्वारा व आलमपुर होते हुए मुरली मनोहर मंदिर सुजानपुर तक निकाली गई। इस शोभायात्रा में ब्राह्मण समुदाय के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर जयसिंहपुर ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा, महासचिव सतीष शर्मा के अतिरिक्त विकास मिश्रा, रवि शर्मा, कमलेश शर्मा,अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, अनु मिश्रा, शत्रुघ्न, मानव शर्मा आदि मौजूद रहे।

मंदिर बाजार से पुलिस ने खदेड़े भिखारी

कांगड़ा। कांगड़ा के मंदिर बाजार में शनिवार शाम को पुलिस ने भिखारियों को खदेड़ने का अभियान चलाया। गौरतलब है कि कांगड़ा के मंदिर बाजार में कुछ प्रवासियों द्वारा अपने छोटे-छोटे बच्चों से भीख मंगवाने का कार्य करवाया जा रहा है ऐसे में यह लोग यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं से भीख मांगते दिखते है, जिसे की यात्रियों के साथ-साथ लोकल दुकानदार भी इनसे काफी परेशान हो चुके है। गौरतलब है की इसी मंदिर बाजार में कुछ समय पहले श्रद्धालुओं के गहने लूटने के भी प्रयास हो चुके है। ऐसे में इनका यहां होना भी संदिग्ध माना जा रहा है। बता दें कि उक्त प्रवासी लोग अपने बच्चों को माता के वेशभूषा में तैयार कर गरीबी का हवाला देकर लोगों से पैसे मंगवाते है। जिसके बारे स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस में भी इस बात को रखा जिस पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कांगड़ा पुलिस प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल ने मंदिर बाजार का औचक निरीक्षण किया व मौके पर इन भिखारियों को पकड़ कर थाना ले जाया गया। संजीव कुमार ने बताया कि इन अप्रवासियों से सख्ती से पूछताछ की जाएगी व मंदिर बाजार में समय समय पर गश्त की जाएगी जिससे कि इन पर अंकुश लगाया जा सके।

भाजपा ने जनता को ठगाः पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर

लोकसभा चुनावी अभियान के तहत शाहपुर विधानसभा के चंगर क्षेत्र लंज, हारचक्कियां व दरिणी में विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में ब्लॉक व चंगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी आनंद शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि यह चुनाव एक विचारधारा को लेकर है और भाजपा द्वारा जो दस सालों में लोगों को झूठे वादे करके ठगा गया है उसके खिलाफ है। कांगड़ा-चंबा से लोकसभा उम्मीदवार आनंद शर्मा ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह कोई साधारण चुनाव नहीं है दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने भाजपा के बाहरी होने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि हिमाचल उनकी जन्म स्थली है और जब जब वह सक्षम बने तो समग्र हिमाचल में उन्होंने बड़े-बड़े संस्थानों को लाने में भूमिका अदा कर विकास को आगे बढ़ाया और जिला कांगड़ा भी इससे अछूता नहीं है। आनंद शर्मा व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की मौजूदगी में कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। चुनाव प्रचार के दौरान हवलदार साहिब सिंह, हवलदार रमेश चंद, सोम राज, चौधरी राम, रमेश चंद, मोहन लाल, करतार सिंह, अयोध्या देवी, छल्लो राम, रानी देवी, विनोद कुमारी, उत्तम चंद पूर्व पंचायत समिति सदस्य,हिरदु राम,दौलत राम,जय करण, अजय कुमार इन सभी ने परिवार सहित भजापा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

सुलह कांग्रेस का कार्यालय शुरू

डरोह। शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह द्वारा धीरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय की संजय सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष सुलह कांग्रेस कमेटी के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से शुरुआत की गई। कार्यालय के उद्घाटन के समय कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। इस कार्यालय के शुरू होने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संजय सिंह चौहान ने कहा कि सुलह में कांग्रेस कर्मठता व युद्धस्तर पर काम कर रही है। आज इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रण लिया है कि कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा को भारी मतों से जीताने की जी तोड़ मेहनत करेंगे और कांग्रेस को विजयी बनाएंगे।

चुनाव में भाजपा के पास नहीं कोई विजनः राज वर्मा

अनंत ज्ञान, पंचरुखी

लोकसभा चुनावों में भाजपा के पास कोई विजन नहीं है जबकि कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक राज वर्मा ने कही। वर्मा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा के भाजपा नेता जो लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे पहले यह बताएं कि सांसद किशन कपूर जिन्हें जनता ने बहुत भारी बहुमतों से जिताकर संसद भेजा था, उन्होंने पांच सालों में जयसिंहपुर विधानसभा के लिए क्या किया। पांच सालों में काम तो दूर की बात लोगों ने उनकी शक्ल तक नहीं देखी। हजारों महिलाओं के साथ यौन शोषण करके जर्मनी भागने वाले बीजेपी पार्टी के गठबंधन के मित्र प्रज्वल रेवन्ना पर भाजपा के सभी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है,अगर ये घिनोना काम किसी दूसरी पार्टी के नेता ने किया होता तो भाजपा के लोग इसे चुनावी मुद्दा बना देते। देश की जनता के साथ जो केंद्र सरकार ने छल किया है उसका जवाब इन्हें लोकसभा चुनावों में मिलने वाला है। सत्ता पाने के लिए भाजपा सभी हथकंडे अपना रही है लेकिन हिमाचल में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस जीतेगी।

कोटला में नाके के दौरान नूरपुर पुलिस ने पकड़ी खेप

43 पेटी शराब समेत एक गिरफ्तार

अनिल छांगू, जवाली

पुलिस जिला नूरपुर के तहत पुलिस थाना जवाली के तहत कोटला में नाके के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी से अवैध शराब का जखीरा पकड़ा है। यहां से पुलिस को 43 पेटी (516 बोतल) देसी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने की है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नूरपुर द्वारा जवाली थाना के कोटला में नाकेबंदी की गई थी। इसी दौरान यहां पर एक बोलेरो गाड़ी को तलाशी के लिए रोका तो उसमें से 43 पेटी देसी शराब बरामद हुई। बोलेरो चालक देवराज निवासी धनेटी, नूरपुर इस बारे कोई कागजात पेश नहीं कर पाया, जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही शराब सहित गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया गया है। एसपी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और किसी भी सूरत में नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

पालमपुर में दुकान से बरामद की देसी शराब

पालमपुर। पुलिस थाना पालमपुर के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को जब पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर थी तो न्यू बस स्टैंड के नजदीक बाईपास पर स्थित एक दुकान में दबिश दी गई। इस दौरान दुकान से 5250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने दुकानदार राजकुमार निवासी वार्ड नं 10, मारंड़ा के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर लिया है। एसएचओ सुरेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

राजनीतिक विज्ञापन के लिए एमसीएमसी से अनुमति लेना अनिवार्यः हेमराज बैरवा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला निर्वाचन अधिकारी, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में ऑडियो-विजुअल राजनीतिक विज्ञापन एवं संदेश प्रसारित करने के लिए एमसीएमसी की पूर्व अनुमति एवं सर्टिफिकेशन अनिवार्य है। इसके अलावा मतदान से एक दिन पहले या मतदान के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए भी एमसीएमसी से अनुमति लेनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक

प्रत्याशियों के चुनावी व्यय पर रखी जा रही कड़ी नजर

दलों से अपील की है कि वे राजनीतिक विज्ञापनों और बल्क मैसेज इत्यादि के लिए निर्धारित नियमों की अक्षरशः अनुपालना करें। लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनावों के लिए लागू आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के चुनावी व्यय पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के विभिन्न खर्चों के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में प्रकाशित, प्रसारित या वायरल होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों एवं बल्क मैसेज तथा पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

फोरलेन निर्माण कंपनी के साथ मिलकर निर्माण कार्य पर रखी जाएगी नजर

जसूर बाजार में गठित की जाएगी कमेटी

अनंत ज्ञान, नूरपुर

पिछले लगभग 2 वर्षों से निर्माणाधीन पठानकोट-मंडी फोरलेन निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इसके चलते आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माणाधीन कंपनी द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते काफी दुर्घटनाएं भी हुई हैं। कंपनी द्वारा लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

इसके चलते स्थानीय लोगों ने रणजीत बक्शी जन कल्याण सभा के साथ मिलकर स्थानीय एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर जल्द समस्या समाधान की मांग रखी थी। इस पर एसडीएम गुरसिमिर सिंह ने तत्काल किसी संभव हल का भी भरोसा दिया था। जिसको लेकर जसूर में एनएचएआई तथा निर्माणाधीन कंपनी के अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी ने रणजीत बक्शी जनकल्याण सभा के अध्यक्ष अखिल बक्शी से बातचीत की। सभा अध्यक्ष अखिल बक्शी ने बताया कि निर्माणाधीन कंपनी ग्रोवर तथा एनएचएआई अधिकारियों ने सभी समस्याओं के उचित समाधान के हर एक पहलू पर बातचीत की तथा शीघ्र समाधान का भी भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि जसूर बाजार में होने वाली परेशानियों को लेकर सभा द्वारा सात सदस्यों की कमेटी बनाई जाएगी जो कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेगी। अखिल बक्शी ने बताया कि कमेटी तय करेगी कि बाजार में कैसे काम किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा अप्रैल 2025 तक फ्लाईओवर के कार्य को समाप्त करने का भी भरोसा दिया गया है। इसके अलावा नियमित पानी का छिड़काव, मिट्टी का रखरखाव, फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग को सुनिश्चित करने का कार्य कमेटी द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा। इसके अलावा जसूर पुल के दोनों तरफ नालियों की निकासी को लेकर भी 20 दिन में हल करने का भरोसा दिया गया।

रणजीत बक्शी जन कल्याण सभा की बैठक में मौजूद ग्रामीण व अन्य।

जवाली में पराली से लदी गाड़ी में लगी आग

अनंत ज्ञान, जवाली

उपमंडल जवाली के अंतर्गत शनिवार को दोपहर के समय रेस्ट हाउस के पास सड़क पर चलते ट्राले (छोटा हाथी) में रखी पराली में अचानक आग की लपटे निकलने लगी। देखते ही देखते अफरातफरी का माहौल हो गया। अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया तो अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इस बारे में ट्राला चालक का कहना है कि मुझे नहीं पता कि यह आग कैसे लगी। जवाली अग्निशमन विभाग के प्रभारी राजिंद्र कुमार ने बताया कि एचपी 54सी 1196 में लोड पराली में अचानक आग लगने से पराली जल कर राख हो गई। मौके पर अग्निशमन विभाग फायरमैन संजय कुमार , सुरेंद्र सिंह व चालक राकेश कुमार द्वारा कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया गया। इसमें तकरीबन 20 हजार का नुकसान हुआ है।

गाड़ी में लगी आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

रोहित कुमार बने सभा के महासचिव

नगरोटा बगवां। सतगुरु श्री नाभादास ब्लॉक सेवा समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। सलाहकार अमरनाथ तथा रमेश चंद की अध्यक्षता में गांधी ग्राउंड के पास हरी भवन में हुई इस बैठक में महाशय बिरादरी के गरीब परिवारों के होनहार बच्चों के उत्थान के बारे में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करने हेतु रोहित कुमार को सभा का महासचिव तथा विजय कुमार को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी दी गई। महासचिव ने बताया कि अगली बैठक 10 जून को रखी गई है। इस बैठक में उत्तम चंद, कुलदीप चंद, प्यार चंद, जीत सिंह,सचिव राजेश कुमार, संजीव कुमार, बृजलाल, रवि कुमार देशराज आदि उपस्थित रहे।

गुड न्यूज

मुख्य न्यायाधीश बोले-जिला न्यायालयों के रिकॉर्ड का शीघ्र किया जाएगा डिजिटलीकरण

देहरा में न्यायिक परिसर की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान, देहरा

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामाचंद्रा राव ने शनिवार को देहरा में ज्यूडिशियल कोर्ट कांप्लेक्स की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बचत भवन देहरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय लोगों को उनके घर-द्वार के समीप तीव्र एवं किफायती न्याय सुनिश्चित बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। जनता के लिए न्याय व्यवस्था को अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालयों में उचित भवन बुनियादी ढांचा विकसित करने के साथ-साथ सभी हितधारकों को सेवाओं के वितरण में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर आईटी का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है।

राज्य की जिला न्यायपालिका के लिए ई-भुगतान की सुविधा लाइव कर दी गई है, जिससे अदालती शुल्क, जुर्माना, दंड और न्यायिक जमा का ऑनलाइन भुगतान संभव हो गया है, जिसमें से अदालती शुल्क को स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एकीकृत किया गया है और अन्य भुगतान सीधे हिमकोश के साथ एकीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट तथा जिला न्यायालयों के रिकॉर्ड का शीघ्र डिजिटलीकरण शुरू किया जाएगा। उच्च न्यायालय और जिला अदालतों में सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं मामलों की ई-फाइलिंग और अन्य ई-कोर्ट सेवाओं के लिए अधिवक्ताओं और वादियों की सहायता की जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने न्यायिक अधिकारियों और वकीलों से लोगों को तीव्र गति से न्याय प्रदान करने के लिए मिलकर काम का आग्रह किया। इससे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव बाली ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट जेके शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सपना पांडेय, सीनियर सिविल जज अंशु चौधरी, सिविल जज गौरव चौधरी, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, एसडीएम शिल्पी बेक्टा सहित अधिकारी तथा अधिवक्ता उपस्थित रहे।

देहरा में ज्यूडिशियल कोर्ट कांप्लेक्स की आधारशिला रखने के दौरान मौजूद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामाचंद्रा राव व अन्य।



हमीरपुर। माता-पिता व कुलदेवी अवाहदेवी का आशीर्वाद लेकर घर से हमीरपुर में होने वाली विजय संकल्प यात्रा के लिए निकले अनुराग ठाकुर। उन्होंने शनि देव मंदिर सरली लंबलू में भी शीश नवाया। इस दौरान हजारों समर्थकों सहित काफिला निकला।

मिनी सचिवालय भोरंज में सिविल जज कोर्ट का शुभारंभ

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्रा राव ने किया कोर्ट का उद्घाटन, लोगों को मिलेगी सुविधा

अनंत ज्ञान, भोरंज

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्रा राव ने शनिवार को भोरंज में सिविल जज कोर्ट का उद्घाटन किया। मिनी सचिवालय में आयोजित उद्घाटन समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी जिलावासियों को बधाई देते हुए न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्रा राव ने कहा कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय राज्य में न्यायिक व्यवस्था के लिए एक सुदृढ़ ढांचा विकसित करने पर विशेष रूप से फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की रिपोर्ट में भी यह सामने आया है कि हमारे देश में कई न्यायिक परिसर दशकों पुराने भवनों में ही चल रहे हैं। इसके अलावा हाल ही के वर्षों में न्यायालयों का व्यापक विस्तार भी हुआ है। इसलिए, न्यायिक व्यवस्था में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। इसके लिए जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में गठित बिल्डिंग कमेटी विभिन्न जिलों में जमीन उपलब्ध होते ही आधुनिक न्यायिक परिसरों के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों से न्यायिक परिसरों के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध करवाने की प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने की अपील भी की। उन्होंने भोरंज में न्यायिक परिसर के लिए जमीन उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद भी किया। इससे पहले, जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास भारद्वाज ने अपने संबोधन में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, अन्य न्यायाधीशों और अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया।

नवनियुक्त जज को कोर्ट रूम में बिठाते मुख्य न्यायाधीश।

कोर्ट कर उद्घाटन करते मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य।

कार्यक्रम में ये गणमान्य रहे उपस्थित

समारोह में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल जेके शर्मा, मुख्य न्यायाधीश के पीपीएस बीएल सोनी, जिलाधीश अमरजीत सिंह, एसपी पदम चंद, जिला न्यायावादी संदीप अग्निहोत्री, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिन रघु, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल भमनोत्रा, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी असलम बेग, नादौन की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिव्य ज्योति पटियाल, न्यायिक दंडाधिकारी वत्सला चौधरी, शाविक घई और अनुलेखा तंवर, बड़सर की न्यायिक दंडाधिकारी मनु प्रिंजा, एसडीएम संजय स्वरूप, एसडीपीओ सचिन हीरेमथ, अन्य अधिकारी, बार एसोसिएशन भोरंज के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

बड़ा के धंगड़ में भागवत कथा 12 मई से

बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में 12 मई से 19 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अभिषेक सारस्वत नोहँगी वाले भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। कमेटी के सदस्य रघुनन्दन कोंडल ने बताया कि 12 मई को कलश यात्रा निकाल कर भागवत कथा का शुभारम्भ किया जाएगा। 19 मई को भागवत कथा की पूर्ण आहुति डाली जाएगी एवम रात को महामाई का विशाल जागरण होगा।20 मई को विशाल भण्डारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आज गाँवासियों द्वारा भागवत पंडाल की सफाई की एवम पंडाल को सजाने. के लिए कार्य शुरू कर दिया गया हैं।

हमीरपुर में विटामिन की दवाइयां खत्म

मेडिकल कॉलेज में रोगियों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना, जल्द मांगा समस्या का समाधान

रवि ठाकुर, हमीरपुर

हमीरपुर मेडिकल कालेज में बच्चों को दी जाने वाली विटामिन डी-थ्री की दवाई सूत्रों के अनुसार पिछले तीन माह से अस्पताल के अंदर बच्चों को नहीं मिल पा रही है। अस्पताल के अंदर रोजाना अधिक मात्रा में बच्चों की ओपीडी होती है। बच्चों के चेकअप के दौरान चिकित्सकों द्वारा बच्चों को विटामिन कि दवाई लिखी जाती है। लेकिन फार्मेसी काउंटर पर दवाई उपलब्ध नहीं होती है।

मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए मजबूर लोग

ऐसी में बच्चों के परिजनों मजबूरी में बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाई लेनी पड़ती है। अस्पताल फार्मेसी में यह दवाई निशुल्क प्रदान की जाती है। निशुल्क दवाइयों की सूची में यह भी शामिल है। कई बार मरीज अस्पताल की फार्मेसी से खाली हाथ लौटे हैं । इनसे पूछने पर पता चला कि फार्मेसी में बच्चों को दी जाने वाली विटामिन डी-थ्री की दवाई समाप्त हो चुकी है। वहीं, डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में दवाइयां न मिलने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई बार मरीज अस्पताल की फार्मेसी से खाली हाथ लौटे हैं। मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर से दवाई लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं, मरीजों को पैसे खर्च कर यह दवाइयां खरीदनी पड़ रही है। वहीं, मरीजों ने जल्द इस समस्या का समाधान मांगा है। (अनंत ज्ञान)

जल्द उपलब्ध होगी दवाइयां

मेडिकल सुपरीटेंडेंट डा. अजय शर्मा का कहना है कि यदि फार्मेसी में दवाई समाप्त हो गई है, तो जल्द ही उपलब्ध करवा दिया जाएगा। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण कई बार स्टॉक समाप्त हो जाता है। स्टॉक की डिमांड भेजकर दवाइयां उपलब्ध करवा दी जाती हैं।

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने जोल कोहटा व दर गांव में की नुक्कड़ सभाएं

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

उपमंडल भोरंज के जोल, कोहटा व दर गांव में भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में सम्मान विकास करवा रही है। साथ ही उन्होंने बागी विधायकों को भी जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि उनके लालच से प्रदेश में छह उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसका प्रभाव भी आम जनता पर ही पड़ेगा। उन्होंने कहा की भोरंज विधानसभा में कांग्रेस सरकार ने बहुत से विकास कार्य करवाए हैं।

इनमें लदरौर, बस्सी, भरेड़ी, जाहू में सड़क किनारे बनाया जा रहा फुटपाथ है साथ ही जाहू, बस्सी चौक में है मास्ट लाइटें लगाई गई हैं।

इस प्रकार अनेकों कार्य धरातल पर हैं। उन्होंने कहा कि जिस साजिश से भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश रची है। इससे इस बार उपचनाव के साथ लोकसभा में भी कांग्रेस बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी जिसमें लोगों की मांग पर जमीन उपलब्ध होने पर सामुदायिक भवन, स्कूल का रास्ता, सवडिपु, पंचायत अलग करने, स्कूल का कमरा, पेयजल स्थायी समाधान इत्यादि समस्याओं पर चुनावों के बाद कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याएं दूर करने के प्रयास किए जाएंगे और उन्होंने लोगों को कहा कि कोई भी समस्या होने पर लोग सीधा उनसे मिलकर समस्याओं को बताए। बिन किसी भेदभाव से लोगों के कामों को करवाया जाएगा। इस मौके पर सेवानिवृत्त एक्सईएन सुरेंद्र कुमार, पूर्व उपप्रधान बडैहर विजय कुमार, रजीव लाल मैहर, सोमराज, सूबेदार वीर सिंह, शमशेर सिंह, सुरेश, अमर सिंह, ज्ञान चंद पठानिया, रतन चंद कमल, जीत राम, इंद्र सिंह पठानिया, योग राज शर्मा, ग्राम सुधार कमेटी कोहटा प्रधान गौरव, नाथ राम, कुलदीप सिंह कमल,जीत राम, सुनीता देवी, इत्यादि ग्रामीणों ने भाग लिया।

नुक्कड़ सभा के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विधायक सुरेश कुमार।

न्यूज ब्रीफ

ग्रामीण बैंक की मंडल बैठक में लिए कई अहम फैसले

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के निदेशक मंडल द्वारा नौ मई को शिमला में आयोजित बैठक में 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया। 31 मार्च 2024 की बैलेंस शीट में बैंक के व्यवसाय के मुख्य बिंदु निम्न रहे। इनमें वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। 31 मार्च, 2024 को कुल बैलेंस शीट का आकार 9758.83 रुपए है। जबकि 31 मार्च, 2023 को 8892.89 रुपए था। बैंक की कुल संपत्ति (नेट वर्थ) 31.03.2023 को 154.20 करोड़ से बढ़कर 31.03.2024 को 160.73 करोड़ हो गई है। बैंक का कुल कारोबार 10.94 प्रतिशत बढ़कर 11112.62 करोड़ से 12327.80 करोड़ रुपए हो गया है। 31.03.2024 को बैंक की जमा राशि 8.68 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 8535.17 हुई। 533.75 करोड़ की वास्तविक वृद्धि के साथ 16.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए बैंक के अग्रिम 31.03.2024 को 1 3792.63 करोड़ के स्तर पर पहुंच गए। बैंक का शुद्ध एनपीए स्तर 31.03.2023 के 1.85 प्रतिशत के मुकाबले 31.03.2024 को घटकर 1.05 प्रतिशत हो गया है।

दशम विशाल महायज्ञ श्रीमद्भागवत कथा 16 को

भरेड़ी। उपमंडल भोरंज के तहत गो सेवा सदन सोसायटी सौटा नगरोटा गाजियां, पंचायत थिरड़, में दशम विशाल महायज्ञ श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का आयोजन गोशाला के प्रांगण में 16 मई से 22 मई तक कर रहा है। इसमें कथावाचक कृष्ण कुमार शर्मा शास्त्री जड़ोह वाले रसमयी वाणी में लोगों पर भागवत कथा को सुनाएंगे। गोसेवा सदन कमेटी ने बताया कि बृहस्पतिवार 16 मई को कलश यात्रा सुबह 11 बजे, ग्रंथ स्थापना सुबह 11:45 बजे, पूजन का समय नित्य प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक, भागवत कथा नित्य दोपहर 12:15 से सायं 4:15 बजे तक बुधवार 22 मई कथा विश्राम व पुर्णाहुति के साथ दोपहर 12:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर एक बजे से सायं छह बजे तक किया जाएगा। अगर कोई यजमान विशेष पूजन का इच्छुक हो या भंडारा देना चाहे तो 9805206210, 9418530963, 9418230268 फोन नंबरों पर संपर्क करें।

बैठक में कॉलेज कार्यों की गुणवत्ता पर की चर्चा

हमीरपुर। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में पूर्व छात्र संघ की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कॉलेज की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कार्यवाहक प्राचार्य सुनीता दत्ता एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अजय कुमार संयोजक एल्युमिनी सैल ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा साथ ही भविष्य में होने वाली मीटिंग्स में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया।

मंडी ने 114 ओवर में बनाए 271 रन

नादौन। क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में अंतर जिला स्तरीय अंडर-19 क्वाटर फाइनल क्रिकेट मैच जिला मंडी व शिमला की टीम के बीच खेला जा रहा है। मंडी की टीम ने दूसरे दिन छह विकेट पर 222 रन से आगे खेलते हुए 114 ओवर में 271 रन बनाए हैं। बल्लेबाज लक्ष्य ठाकुर ने शानदार 111 रन बनाए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि जिला शिमला की टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज सुजल बरोटा ने पांच विकेट झटकी। जबकि सुजल वर्मा, शिवांश कालटा, अंशुल छपटा व सात्विक कटोच ने एक-एक विकेट ली। शिमला की टीम ने पहली पारी खेलते हुए दूसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 64 ओवर में सात विकेट खोकर 134 रन बना लिए हैं। बल्लेबाज अरमान विज ने नाबाद 67 रन बनाए। जबकि आदित्य ने 20 रन बनाए। मंडी की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए बेंदबाज लक्ष्य ठाकुर, सचिन व साहिल ने दो-दो विकेट ली जबकि सुजेश्वर ने एक विकेट ली। शिमला की टीम मैच के तीसरे दिन रविवार को 134 रनों से आगे खेलेगी।

दरिद्र नारायण कल्याण समिति ने दी आर्थिक सहायता

हमीरपुर। दरिद्र नारायण कल्याण समिति ने वृद्ध आश्रम कृष्णा नगर में मासिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक डॉ. चमन कांत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें दस पात्र लोगों को 9800 रुपए की सहायता राशि वितरित की गई व मिष्ठान भी भेंट किए गए। इनमें कमलेश कुमारी, शिब्बी देवी, अंजना देवी, राज कुमारी, रीना देवी, ममता देवी, तनुप्रिया, सुनीता देवी, कश्मीरी देवी व विजय कुमार को यह राशि वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश प्रधान मिलाप सिंह, कोषाध्यक्ष तिलक राज शर्मा, समाजसेवी संजू बाबा, अनिरूद्ध डोगरा उपस्थित रहे।

भाजपा नेताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

भाजपा ने विजय संकल्प यात्रा के बाद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक व पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, महामंत्री और मंडल अध्यक्षों के अलावा मंडल महामंत्रियों के साथ बैठक की।

निजी होटल में आयोजित इस बैठक में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुदान सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पार्टी के अन्य बड़े नेता भी मौजूद रहे। इस बैठक में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद भाजपा के प्रत्याशी के नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। भाजपा इस चुनाव में लोकसभा के प्रत्याशी को पांचवीं बार जीत दिलाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में रूठों को मनाकर, बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचेगी। क्योंकि भाजपा हिमाचल प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालना चाहती। हालांकि आने वाले 20 दिनों में भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में उतरने की तैयारी कर रही है जिससे जीत सुनिश्चित की जा सके, लेकिन इससे पहले सभी रूठों को मनाकर जो भी गिले शिकवे हैं उन्हें दूर करेगी। चुनाव प्रचार को लेकर भाजपा नेताओं से फीडबैक भी ली जिसपर कार्यकर्ता और नेता मिलकर काम करेंगे। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर चार लाख वोटों से जीत हासिल की थी और इन चुनावों में पांच लाख से अधिक वोटों से रिकार्ड जीत दर्ज करने का प्रयास करेगी।

धनेटा। गोगा मंदिर ग्वाल पत्थर में आज राम कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया कलश यात्रा कालेश्वर महादेव शिव मंदिर में स्थित पंच तीर्थों से लाई गई कहते हैं कि यहां पर पंच तीर्थों का जल एक साथ निकलता है। जो हर समय बेहता रहता है। कथा के संयोजक जीवन पाल ने कलश यात्रा का महत्व बतलाया।

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में कैडेट्स ने सीखा राइफल चलाना

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

एनसीसी हमीरपुर की ओर से चलाए जा रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन एसडी और जेडी कैडेटस ने कमांडिंग आफिसर कर्नल एसएस रावत की उपस्थिति में लक्ष्य पर गोली चलाने का अभ्यास किया। इससे एक गोली एक दुश्मन गिराने का उद्देश्य पूरा हो सके।

इसके साथ आज के दिन की शुरुआत सिविल हॉस्पिटल भोरंज से आई हुई डॉक्टर हीशु ने एनसीसी कैडेट्स को हेल्थ एंड हाइजीन विषय को विस्तृत रूप से समझाते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की तथा बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसके साथ-साथ कैडेट्स में आज पीटी ,ड्रिल, पॉइंट 22 राइफल का टेक्निकल डाटा तथा इसका प्रयोग, व्यक्तित्व-निर्माण में जीवन कौशलों का महत्त्व, मानचित्र और कंपास की सहायता से दूरी ज्ञात करना, विभिन्न प्रकार के मानचित्र, नेतृत्व के प्रकार और गुण इत्यादि विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स को जागरूक करने का दौर।

कैडेट्स ने किया संगीत कला का प्रदर्शन

वहीं, शाम को कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न वाद्य यंत्रों जैसे ढोलक, हारमोनियम और बांसुरी से सुरों को सजाते हुए अपनी संगीत-कला का प्रदर्शन किया। खेल के समय कंपनी आधार पर वॉलीबॉल के मैच खेले गए जिसमें इको और चार्ली कंपनी फाइनल में पहुंचे।

प्रतियोगिता जिला प्रतियोगिता में 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम, विजेताओं को किया सम्मानित

अंडर-14 लंबीकूद प्रतियोगिता में शबनम ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हमीरपुर जिला एथलेटिक एसोसिएशन की दो दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता के पहले दिन एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंतर राष्ट्रीय कोच भूपिंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को जहां खेलो को करियर के रूप में अपनाने पर प्रेरित किया।

वहीं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने खेलो के प्रति जूनून पैदा करने का आह्वान करते हुए सभी प्रतिभागियों, उनके अभिवावकों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बेहतरीन प्रतियोगिता करवाने के लिए बधाई भी दी। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज भारतीय ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। वहीं संगठन की और से इस वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर साई एनसीओई के उपनिदेशक मनोज अवति, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह, परशुराम अवार्डी पुष्पा ठाकुर, जिला महासचिव संदीप डडवाल, विकेश कौशल, सुनील धीमान, रजनीश शर्मा, अनिल शर्मा, विजय राना, कुलबीर ठाकुर सहित कई खेल आयोजक उपस्थित रहे।

वहीं, अंडर-14 लंबीकूद शबनम प्रथम, चारवी द्वितीय तथा निधि तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों के 600 मीटर में मनिता प्रथम, शबनम द्वितीय, रुद्रप्रिय तीसरे स्थान पर रहे। शॉट पुट में दक्षिता प्रथम, वैशनवी द्वितीय व सृष्टि तीसरे स्थान पर रही। 60 मीटर में रुद्रप्रिया प्रथम, शबनम द्वितीय व खुशी तीसरे स्थान पर रहे। लंबीकूद लड़कों में हर्षद प्रथम, नक्श द्वितीय व आर्यन तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर में प्रकुल प्रथम, सोनू द्वितीय व लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे। 60 मीटर में अंतरिक्ष प्रथम, अर्णव दूसरे व सोनू तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-16 लड़कों की 1000 मीटर में आर्यन चैहान, सक्षम खट्टा, अनुराग तृतीय स्थान पर रहे। लंबीकूद में प्रज्ञा प्रथम, आस्था द्वितीय, सानवी तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर में प्रद्युम्न प्रथम, सूर्याश दूसरे व यशमीत तीसरे स्थान पर रहे। 300 मीटर में प्रद्युम्न प्रथम, सूर्यांयांश दूसरे व आर्यन तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की 1000 मीटर में शाइन प्रथम, मन्नत द्वितीय व सृष्टि शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट में त्रिवेणी प्रथम, आरुषि द्वितीय व सताक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर में रिधिमा प्रथम, भावना द्वितीय व प्रज्ञा वशिष्ट तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-18 लड़कों के 3000 मी अतुल शर्मा प्रथम, आदित्य पठानिया द्वितीय, सूर्याश शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में इशांत ठाकुर प्रथम, मृदंग जमालटा द्वितीय व आदित्य पठानिया तृतीय स्थान पर रहे । 100 मीटर में कृशिव राजगुरु प्रथम, प्रशांत वीर ठाकुर द्वितीय व अग्रिम आनंद तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर में पीयूष पहले, कृशिव दूसरे व अग्रिम तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर में पीयूष पहले, राहुल दूसरे व बीनू तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की 3000 मीटर रेस में शगुन प्रथम, सुहानी द्वितीय व कशिश तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पुट में महक ठाकुर प्रथम, मन्नत ठाकुर द्वितीय व तमन्ना तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर में पलक ठाकुर पहले, शगुन दूसरे व सुहानी तीसरे स्थान पर रहे।

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

100 मीटर दौड़ में शिवंगीनी फर्स्ट

100 मीटर में शिवंगीनी प्रथम, महक द्वितीय व पलक तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर में रितिका प्रथम रही। अंडर-20 में 5000 मीटर में आदित्य ठाकुर प्रथम, रजत चौहान द्वितीय तथा आयुष शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-20 लंबीकूद में नमन ठाकुर प्रथम व विवेक कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में आयन प्रथम, पंकज कुमार द्वितीय व तनिश तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर में आदित्य पहले, भानु दूसरे व निक्षित तीसरे स्थान पर रहे।

लोकल रूटों पर बस सेवा न होने से यात्री हो रहे परेशान

एचआरटीसी की मनमानी लोगों पर पड़ रही भारी, रूटों पर नहीं भेजी जा रहीं बसें

अभिषेक कुमार, ऊना

ऊना जिले का बहुत सारा क्षेत्र ऐसा है, जिसमें यातायात के साधन काफी कम हैं। बात चाहे निजी बसों की हो या फिर एचआरटीसी बसों की, जिले के कुछ रूटों पर गिनी-चुनी बसें ही हैं, जो कि लोगों के यातायात का साधन हैं। कभी-कभी बस चालकों की मनमानी

के चलते यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यात्री काफी समय तक बस का इंतजार करते रहते हैं। जानकारी न होने के कारण यात्रियों को कई घंटे बस स्टाप पर ही रहना पड़ता है। इस कारण लोगों परेशानी का सामना करना पड़ता है। छुट्टी वाले दिन तो लोकल रूटों पर बसें बिलकुल न के बराबर होती हैं।

उपमंडल बंगाणा के तहत बंगाणा से वाया अरलू खडोल, नाहरी आदि गांवों के लिए बस ही लोगों का एकमात्र साधन है। शुक्रवार को शाम 5 बजे बंगाणा से खड़ोल, तूतडु जाने वाली बस किसी कारण से अपने रूट पर नहीं गई, जिस कारण यात्री घंटों तक वर्षाशालिका पर बस का इंतजार करते रहे। (अनंत ज्ञान)

सरकार और प्रशासन से लगाई गुहार

स्थानीय लोगों और यात्रियों ने बताया कि उन्हें पहले से कोई जानकारी भी नहीं थी कि बस नहीं जाएगी। यात्रियों में आईटीआई कर रहे छात्र-छात्राएं, प्राइवेट संस्थाओं में सेवाएं दे रही महिलाएं और पुरुष अजय, कंचन, सुभाष, दीपिका, सुषमा, सावित्री, मनोज, जीवन, आशु, शेर सिंह, नेहा आदि का कहना है कि विभाग पहले तो एचआरटीसी बसों को लोकल रूटों से कहीं और न भेजे, अगर बाहर भेज भी रहे हैं तो उसकी जानकारी लोगों को पहले से ही होनी चाहिए कि आज बस नहीं चलेगी ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। यात्रियों ने सरकार से गुहार लगाई है कि लोकल रूटों की बसें मिस न करें और छुट्टी वाले दिनों में भी बसों को सुचारु रूप से चलाया जाए, क्योंकि लोकल रूटों पर बसें पहले ही बिलकुल कम हैं। बस रूट पर न होने से मुश्किल और बढ़ जाती है। हर सवारी किराये पर गाड़ी ले जाने में सक्षम नहीं होता है।

क्या कहते हैं क्षेत्रीय प्रबंधक

इस संबध में एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने बताया कि कुछ बसें ब्यास गई हैं, जिस कारण लोकल रूट पर बसें नहीं थीं। उन्होंने यह भी कहा की छुट्टी वाले दिन यात्री कम होते हैं, तो भी बसें नहीं होती हैं। इसकी जानकारी सत्संग में दे दी जाती है। गौरतलब है कि सभी यात्री सत्संग घर नहीं जाते हैं, ऐसे में आमजन तक सूचना पहुंचना किसका काम है?

पेट के रोगों ने जकड़े लोग अस्पतालों में लगी भीड़

अनंत ज्ञान, ऊना

गर्मियों में उचित खानपान न होने व एकाएक गर्मी का स्तर बढ़ने व कम होने से लोग पेट इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना सहित जिले के सीएचसी, पीएचसी व निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर पेट के इंफेक्शन सहित उल्टी, दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

चिकित्सकों को बढ़ते मरीजों के कारण उन्हें उपचार के कुछ समय बाद ही वार्डों में शिफ्ट करना पड़ रहा है तो कहीं एक-एक बेड पर दो-दो मरीज लेटाए जा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार गर्मियों में पेट की समस्या होने लगती है, जिससे ज्यादातर लोगों को पेट में गर्मी, कब्ज, गैस, सिर दर्द जैसी समस्या से ग्रस्त हो जाते हैं।

खासतौर से गर्मियों में पेट से जुड़ी परेशानियां काफी ज्यादा होती है, अगर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना की बात करें तो अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी करीब 750 रहती है, लेकिन इन दिनों बदलते मौसम के कारण पेट इंफेक्शन, बुखार, खांसी, गले में खराश, जुकाम, पूरे शरीर में दर्द, ठंड लगना, दस्त, उल्टी, सिर दर्द की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ने से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में प्रतिदिन की ओपीडी करीब 950 के आसपास पहुंच चुकी है।

ऐसा ही हाल जिला ऊना के सीएचसी हरोली, अंब, संतोषगढ़, चिंतपूर्णी, थानाकलां, बंगाणा, गगरेट आदि अन्य छोटे अस्पतालों में भी देखने को मिल रहा है। सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने कहा कि लोग बीमार होने पर खुद ही इलाज करने बैठ जाते हैं। जब उन्हें कोई राहत नहीं मिलती और बीमारियां गंभीर रूप से चपेट में ले लेती हैं, तो अस्पतालों की तरफ भागते हैं।

उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि गर्मी की चपेट में आने पर समय रहते सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों को दिखाएं, ताकि बाद में उन्हें गंभीर प्रतिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

बाबा पहाड़िया मंदिर फतेहपुर में आज होगा धार्मिक सम्मेलन

बंगाणा। जिला मुख्यालय स्थित बाबापहाड़िया एवं बाबा बालक नाथ मंदिर गांव फतेहपुर में बाबा जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर 12 मई को विशाल भंडारा एवं कीर्तन और जागरण का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर प्रमुख सेवादार शमशेर धीमान ने बताया कि गांव फतेहपुर के बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक रूप में दूसरा विशाल जागरण एवं भंडारा 12 मई को होना निर्धारित हुआ है। शमशेर ने बताया कि 12 मई को सुबह दस बजे झंडा रस्म अदा होगी और उसके बाद प्रसिद्ध गायक पिंकी भानेवाल बाबा जी का गुणगान करेंगे।

शमशेर ने बताया की झंडा रस्म के समय बाबा अशोक कुमार जी अपने कर कमलों से झंडा रस्म अदा करेंगे। बताते चले उपमंडल बंगाणा के बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखस के गद्दीनशीन एम मंदिर के प्रमुख सेवादार बाबा अशोक कुमार जी द्वारा धर्म का प्रचार एवं जनता का दुख दूर करते हैं।

कुटलैहड़ के मुद्दों पर चुनाव लड़ें नेता, जीतने पर उनका हल भी करें

अनंत ज्ञान, बंगाणा

संजय
मतदाता कुटलैहड़

कुटलैहड़ क्षेत्र में बहुत बड़ी झील है लेकिन इसका कोई भी फायदा कुटलैहड़ की जनता को नहीं है। हमारे क्षेत्र में अत्यधिक जनसंख्या खेतीबाड़ी करती है, लेकिन सिंचाई के साधन नहीं हैं जिस कारण लाखों की लागत से बनी सब्जी मंडी विरान पड़ी है। अगर सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध हो सके तो कुटलैहड़ खेतीबाड़ी में विकसित हो सकता है।

विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ में उपचुनाव होने हैं, ऐसे में क्षेत्र की जनता क्षेत्र के मुद्दों को जो पूरा कर सके ऐसे प्रत्याशी को जिताना चाहती है। लोगों का मानना है कि जो प्रत्याशी हर पल क्षेत्र की जनता के मुद्दों को उठाता है और राजनीति की अच्छी समझ रखता है, ऐसे प्रत्याशी को की ही जन समर्थन दिया जायगा।

भौगोलिक दृष्टि से कुटलैहड़ का क्षेत्रफल काफी है, लेकिन यहां कोई ऐसा साधन मौजूद नहीं है, जहां से रोजगार का सृजन हो सके। लड़के तो फिर भी दूसरे राज्यों में चले जाते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए क्षेत्र में रोजगार के साधन न होना बहुत बड़ी समस्या है। किसानों और बागवानों के लिए सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा क्षेत्र के कुछ अस्पतालों अभी भी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। क्षेत्र की जनता का मानना है कि जो उम्मीदवार भी चुन कर आए वह भी प्राथमिकता के आधार पर उक्त समस्याओं का हल करे।

नीतिश शर्मा
मतदाता कुटलैहड़

इस वक्त चुनाव का समय है। नेता बहुत सारी बातें करेंगे, लेकिन जो भी नेता जीतकर आए, वह क्षेत्र के मूलभूत मुद्दों को ध्यान में रखकर विकास करवाए और लोगों की विभिन्न समस्याओं का हल करे, तभी उसे लोग अगली बार भी चुनेंगे।

सुनील
मतदाता कुटलैहड़

कुटलैहड़ में स्वास्थ्य सुविधाएं की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। बहुत सारे प्राथमिक उपचार केंद्र ऐसे हैं, जो महीने में एक-दो दिन ही खुलते हैं। उम्मीदवारों को चुनाव जीतने के बाद इस बात को ध्यान में रखकर निर्णय लेना होगा।

स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

बंगाणा। महिलाओं की सीनियर थ्रोबाल चैंपियनशिप हैदराबाद के तेलंगाना में छह से आठ जून को होने जा रही है। इसके लिए टीम के खिलाड़ी तैयारियों में जुट गए हैं।

आपदा के समय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व ने प्रदेश को संभाला : विक्कू

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने आज क्षेत्र की सोलह सिंगी धार में जनसंपर्क अभियान के तहत रछोह, खेड़ी, सरोह, बसातर, चमियाड़ी तथा शाम को डोहगी गांवों मे डोर-टू-डोर अभियान के तहत लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा के समय जिस प्रकार से सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुशल नेतृत्व से हिमाचल को संभाला, उससे साबित हो गया कि कांग्रेस की सरकार आम जनमानस की सरकार है, क्योंकि जिस तरह से एक षड्यंत्र के तहत सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई, उससे और बेहतरी से उभर कर नए आयाम स्थापित कर उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में नए युग की शुरुआत होगी जिसकी बागडोर पहले ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में चल रही है।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ।

उन्होंने कहा कि मजे की बात यह है कि पहले जो चुनाव हुए, उसमें सरकार चुनने का डर था लेकिन आज तो ऐसे व्यक्ति के हाथ में बागडोर है, जिसने आपदा के समय अपने घर को चलाने को रखी राशि आपदा राहत कोष में दान दी और इतना ही नहीं उन्होंने अपनी बेटियों और पत्नी के नाम करवाई एफडी को तुड़वाकर कुल 51 लाख रुपए दान कर दिए। वहीं, उन्होंने प्रदेश की माताओं बहनों को 1500 की राशि रूपी प्यारी बहना योजना शुरू की।

दूसरी तरफ डबल इंजन के पूर्व ड्राइवर जयराम आज जिस लोटस की बात करते हैं, वह अभी भी सपने देख रहे हैं, लेकिन उनको यह समझ लेना चाहिए कि आज हिमाचल में किसी विशेष व्यक्ति की बजाय आम लोगों की सरकार काम कर रही है और निरंतर पांच साल चलेगी।

उन्होंने 14 महीने के विधायक के बारे में बात करते हुए कहा कि वह तो अपने चुनावों के खर्चों को लेकर एसडीओ और एक्सईएन को फोन करवाते थे और कहते थे कि मेरा बहुत खर्च हुआ है, जिसकी बात स्वयं मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा की जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

बड़सर से धर्मशाला के लिए सड़क मार्ग को सोलह सिंगीधार से जोड़ा जाएगा

विक्कू ने कहा कि सोलह सिंगीधार के मार्ग को एनएच के तहत सीधा बड़सर से धर्मशाला के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी कुटलैहड़ में रोजगार के नए अवसर पैदा कर कुटलैहड़ के युवा वर्ग को लाभ पहुंचाया जाएगा। कुटलैहड़ को उद्योग की नजर से विकसित करने को लेकर नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि पानी की दिक्कत जो आज तक बनी है, उसके लिए जल शक्ति विभाग के द्वारा नई स्कीमें तैयार की जाएंगी और पानी गोबिंदसागर झील से उठाया जाएगा, जिसकी अनुमति सरकार के पास है।

मेरी प्यारी मां अच्छी दोस्त के साथ अच्छी गुरु भी : मानसी राणा

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत की मानसी राणा, पिता राकेश राणा और माता सोनिया राणा की इकलौती संतान है। मानसी राणा शिक्षा के क्षेत्र में हर वर्ष बढ़िया प्रदर्शन कर स्कूल, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। इसके अलावा मानसी राणा ने स्काउट एवं गाइड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल कल्चरल जंबूरी ऐक्टिविटीज में बढ़िया प्रदर्शन कर हिमाचल का नाम रोशन किया था।

वहीं, पर हाल ही में मानसी राणा को स्काउट एवं गाइड में राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, राष्ट्रपति पुरस्कार अवार्ड के लिए नाम चयनित हो चुका है। मानसी राणा तीसरी बार थ्रो बाल टीम की तरफ से तीसरा नेशनल खेलने तेलंगाना में जा रही है। इसके अलावा भी मानसी समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर

माता-पिता के साथ मानसी राणा।

हिस्सा ले रही है। मानसी राणा को आलराउंड प्रदर्शन करने पर के ई समाजसेवी संस्थाओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

आपको बता दें कि उन्होंने 16 साल की उम्र में बहुत सारी उपलब्धियों हासिल की हैं, जिनका श्रेय मानसी राणा ने अपनी माता सोनिया राणा को दिया है। मानसी एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। मानसी ने बताया कि उनकी माता समय-समय पर उन्हें जागरूक तथा मोटिवेट करती हैं। मानसी ने बताया कि उनकी माता उन्हें कभी भी बेटे से कम नहीं समझती है और मानसी को हर प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूत बनाती है। मानसी का कहना है कि मेरी मां मेरी सबसे प्यारी मां और अच्छी दोस्त के साथ-साथ अच्छी गुरु भी हैं। मुझे कभी ऐसा नहीं लगता है कि मैं अकेली हूं।

मां से मुझे मां और दोस्त दोनों की कमी पूरी हो जाती है। मानसी कहती हैं कि जब कभी मेरा मनोबल टूटता है, तो मां मुझे और ज्यादा मजबूत बनाती है।

मानसी ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले मेरी मां ने मुझे आत्मरक्षा से जुड़े गुर सीखने के लिए मार्शल आर्ट्स क्लासेज जाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि में और अधिक मजबूत बन सकूं। मानसी कहती है कि मेरी मां मेरा मनोबल, मेरा हौसला है। मुझे उन पर गर्व है।

कांग्रेस उपचुनाव और लोकसभा की चारों सीटें जीत रही : अनिल

बंगाणा। कुटलैहड़ से आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी और वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के अनिल मनकोटिया ने सोलह सिंगी धार में जनसंपर्क अभियान में विवेक शर्मा और सतपाल रायजादा के लिए लोगो से वोट मांगे। इस उपलक्ष्य पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को घेरते हुए कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर उन्होंने सबसे ज्यादा भरोसा था, उसने ही सबसे ज्यादा भरोसा तोड़ा है।

मुख्यमंत्री के सबसे करीबी और खास जो आज तक कहते थे कि मुख्यमंत्री हमारे काम करते हैं और कोई कमी नहीं, लेकिन राज्यसभा चुनाव में ऐसा क्या हुआ कि सबसे खास सबसे पहले अजनबी हो गया। जिस प्रकार से झूठ का ताना बाना बुनकर पहले कांग्रेस आलाकमान को भ्रमित किया और फिर जनता को धोखा देकर भाजपा में शामिल हुए, उससे जनता आहत हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया है।

शोभायात्रा में झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

शिव मंदिर पंगलू अंब में शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां निकालते ग्रामीण।

अनंत ज्ञान, ऊना

ज्ञान का जब उदय होता है तो उसकी अभिव्यक्ति भक्ति के रूप में प्रत्यक्ष होती है। नाम, जप, कीर्तन इत्यादि भक्ति को पुष्ट करने के बाह्य साधन हैं। जैसे पानी में फल नहीं लगता है, किंतु पानी को वृक्ष में डालने से फल मिलता है।

वैसे ही नाम, जप आदि खाद-पानी की तरह हैं, जो धर्म का पालन करते हैं, वे सनातन धर्मी हैं और जो अधर्म का आश्रय लेकर जीवन जीते हैं, वे सनातन अधर्मी हैं। रावण, कंस, शिशुपाल, हिरण्यकश्यप इत्यादि सनातन अधर्मी थे। उक्त अमृत वचन श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा के समापन पर परम अतुल कृष्ण महाराज ने शिव मंदिर पंगलू अंब में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैसे नींव छत तक पहुंचाती है। ऐसे ही धर्म उन्नति एवं सफलता की नींव है। कथा के पश्चात प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा में अनेक आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से साहिल ठाकुर, निखिल ठाकुर, कृशांश ठाकुर, प्रकाश चंद धीमान, शिव कुमार, रामपाल, रुपिंद्र सिंह डैनी, सोनू उपप्रधान, सुमिता ठाकुर, शुभलता ठाकुर, विशाली ठाकुर, कोमल ठाकुर इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शिवा यूथ क्लब के सभी सदस्य, पंगलू ज्वार, पोलिया पुरोहितां, नलोह, मैड़ी, लाहड़, चौली, रक्कड़ से भी बड़ी संख्या में शोभायात्रा में लोगों ने भाग लिया। श्रीमद्भागवत कथा 18 मई तक प्रतिदिन 11 से 2 बजे तक जारी रहेगी। कथा के मुख्य यजमान मान सिंह ठाकुर ने बताया कि 18 मई की रात्रि में भगवती जागरण का भी आयोजन किया गया है।

डेरा छप्पड़ी वाल में धार्मिक मेला 25 मई को

हरोली। जय सच्ची सरकार बाबा सिद्ध चानों वली महाराज डेरा छप्पड़ी वाल (बाथड़ी) में सभ्याचारिक एवं धार्मिक मेला 25 मई को बड़े धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पिंड बाथड़ी डेरा (छप्पड़ी वाल) की पावन पवित्र धरती पर मेला मनाया जा रहा है। इस मेले में 24 मई को हाथियों पर बाबा जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी और 25 मई को भंडारा व इसी दिन दहाजा रात्रि 8 बजे शुरू होगा। आपको बता दें कि मेले में गायक कलाकार भी बुलाए जा रहे हैं।

प्रबंधक कमेटी ने सभी से बिनती की है की धन-धन बाबा सिद्ध चानो जी के वार्षिक भंडारे में आने की कृपा करें एवं बाबा जी के दर्शन कर अपने जीवन को सफल बनाएं। इस मेला का आयोजन भगत सतपाल सिंह एवं समस्त निवासी गांव बाथड़ी, तहसील हरोली द्वारा बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी कहते थे मैं सीएम के घर खाना खाता हूं : शर्मा

बंगाणा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा है कि पहले 14 महीने के कार्यकाल में जब कांग्रेस सरकार ने भाजपा के वर्तमान प्रत्याशी को अपने प्रत्याशी के रूप में चुना था, तो वह बार-बार नहीं-नई कहानी बताते थे। एक बार तो उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री के घर में खाना खाता हूं। अब मुझे समझ नहीं आता जो व्यक्ति मुख्यमंत्री के साथ घर में बैठकर खाना खाता हो, वह इस कद्र गिर जाए, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह व्यक्ति झूठ का पुलिंदा है और झूठ ही इसका सहारा है।

झूठ बोलकर ही पार्टी में आया था और झूठ बोलकर ही पार्टी से चला गया। चंद पैसों के खातिर इसने अपने ईमान को बेच डाला और हमें 14 महीने कहानियों में उलझाए रखा। अब जनता आने वाले चुनाव में इसको जरूर सबक सिखाएगी।

राहत खेतों में नमी लौटी, फसलों व सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को मिली राहत

बारिश और अंधड़ से लुढ़का पारा, मौसम हुआ खुशनुमा

अनंत ज्ञान, ऊना

बारिश और अंधड़ के चलते लोगों ने राहत की सांस ली है। जिले में शुक्रवार देर शाम तक बारिश हुई। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान 18 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं, आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

बता दें कि दिनभर उमस भरी गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन शुक्रवार शाम घनघोर बादल छाने तथा अंधड़ के साथ बारिश होने पर मौसम खुशनुमा हो गया। दूसरी तरफ तेज हवाएं चलने के कारण विभिन्न स्थानों पर बिजली की तारें टूटने के मामले भी सामने आए। इस पर बिजली बोर्ड के कर्मचारी लाइनों की मरम्मत करने में जुटे रहे। वहीं, शुक्रवार को ऊना जिला का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले वीरवार रात का न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस तक था।

इसके अलावा बारिश होने के चलते किसानों के खेतों में नमी एक बार फिर लौट आई है, जिससे मक्के की अगेती फसल व सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को राहत मिली है। इसके साथ जिले के जंगलों में लगी आग पर इस बारिश ने राहत बरसाई है।

बारिश व तेज तूफान के कारण हरोली-रामपुर पुल के पास सड़क के बीच गिरी बिजली की तारें।

कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित : शुक्रवार शाम अंधड़ चलने के कारण अंब, बंगाणा, ऊना और हरोली में बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई।

इस दौरान हरोली रामपुर पुल के समीप बिजली की तार टूटने के कारण रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। इसके अलावा बंगाणा, लठियाणी और तलमेहड़ा में बिजली के तारों को तेज हवाओं के कारण नुकसान पहुंचने से बिजली की आंख-मिचौनी जारी रही। मौसम विभाग के विशेषज्ञ विनोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। इस दौरान 18 एमएम बारिश दर्ज की गई है। आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 1आपसी सहमति से निपटाए 558 मामले

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऊना भुवनेश अवस्थी की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इसमें लोगों के विवादों के निपटान के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश अनीता शर्मा मौजू थीं। उन्होंने बताया कि विवादों के निपटान के लिए और प्रार्थियों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में कुल 9 बेंच स्थापित किए थे।

इसमें 5,865 मामले लोक अदालतों के पास सुनवाई के लिए रखे गए थे और इनमें से 1558 मामले लोगों की आपसी सहमति और न्यायिक अधिकारियों के प्रयासों से निपटाए गए। इनमें से 715 विवाद प्री लिटिगेशन के थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, दीवानी मुकदमे और अपराधिक मामले जिनमे कानून के मुताबिक समझौते संभव थे, मौके पर ही निपटाए गए।

कुल 1 करोड़ 72 लाख 86 हजार 211 रुपए के वित्तीय मामले भी मौके पर दोनों पक्षों की सहमति से सुलझाए लिए गए।

जिला न्यायालय परिसर ऊना में आए 5,865 मामलों के लिए 9 बेंच स्थापित किए गए थे।

संपादकीय

आखिर डर किस बात का

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पीओके को स्वयं भारत में आकर मर्ज होने के बयान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला ने एक बार फिर अपना पुराना पाकिस्तानी राग छेड़ दिया है। वह बोल रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। उनके पास एटम बम हैं और उसे वह भारत पर चला देगा। फारूख ने यह राग उस समय अलापा है, जब वायुसेना की गाड़ियों के काफिले पर पुंछ में हुए आतंकी हमले में वायु सेना का एक सैनिक देश के लिए शहीद हो गया और चार घायल हो गए। एक ओर जहां सेना आतंकियों को खोजने में लगी थी और दूसरी ओर फारूख अब्दुल्ला टिप्पणी कर रहे थे कि जब तक भारत और पाकिस्तान में वार्ता नहीं होगी, दहशतगर्दी नहीं रुकेगी। चीन से बात हो रही है, तो पाकिस्तान से क्यों नहीं? अगर आपको याद हो तो जनरल परवेज मुशर्रफ ने भी 2001 में आगरा समिट के समय कहा था, हमने कौन सी चूड़ियां पहन रखी हैं।' लगता है कि फारूक अब्दुल्ला को वही डायलॉग बार-बार याद आता है।

दरअसल, फारूख का भय वही है, जो कभी उनके पिता शेख अब्दुल्ला का था। यह भय है पीओके को वापस भारत में मिलाने का। वर्ष 1947 में जब कबायलियों ने जम्मू-कश्मीर पर आक्रमण कर दिया था, तो वहां के राजा के अनुरोध पर भारतीय सेना ने कबायलियों को खदेड़ना शुरू किया, लेकिन उन्हें उरी से आगे जाकर कबायलियों को भगाने की अनुमति नहीं मिली। इसका कारण यह था कि उरी के आगे के इलाके में शेख अब्दुल्ला के समर्थक ही नहीं थे। अगर उस इलाके से भी कबायलियों को खदेड़ दिया जाता तो यहां शेख के राजनीतिक वर्चस्व को चुनौती मिलती, यही वजह थी कि पीओके को जान-बूझकर पाकिस्तान के कब्जे में जाने दिया गया।

आज अगर पीओके को फिर से भारत में वापस मिला लिया गया, तो घाटी में फारूख के खानदानी वर्चस्व की संभावनाएं धूमिल हो जाएंगी। इसलिए फारूख ऐसे बयान बार-बार देते रहते हैं। देश में लोकसभा चुनाव का दौर भी चला हुआ है। कश्मीर में भी पांच संसदीय सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। बारामूला से उमर अब्दुल्ला और अनंतनाग-राजौरी से महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। ये वे नेता हैं, जो चुनावों में पाकिस्तान एवं अलगाववाद को मुद्दा बनाते रहे हैं। इसलिए मौका मिलते ही फारूख ने अपना वही पुराना पाकिस्तानी राग अलापना शुरू कर दिया है, लेकिन फारूख अब्दुल्ला को यह समझाना चाहिए कि अब वक्त बहुत बदल गया है। जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद 370 से मुक्त हो गया है। अब लद्दाख और कारगिल भी कश्मीर से अलग हो चुके हैं। जम्मू-कश्मीर अब पूर्ण राज्य नहीं, बल्कि एक केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। अब कश्मीर में गोली की जगह औद्योगिकीकरण ने ले ली है। अब घाटी का आम आदमी समझ गया है कि रेल नेटवर्क और हाईवे बनने से ही घाटी का विकास होगा, जिसके परिणामस्वरूप पर्यटन से कश्मीर का भाग्य बदलेगा।

यह भी सच है कि जम्मू-कश्मीर के दो राजनीतिक दलों नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का पाकिस्तान से वार्ता प्रिय एजेंडा रहा है। वे यहां पाकिस्तान की भूमिका का समापन कभी नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि दोनों मुल्कों की राजनीतिक शतरंज में कश्मीर की रायशुमारी का मुद्दा बना रहे। अगर कश्मीर में पाकिस्तान की भूमिका बनी रहेगी तो ही घाटी की राजनीति में भी उनकी भूमिका बरकरार रहेगी, अन्यथा वे यहां से बाहर हो जाएंगे। इसलिए उन्हें पाकिस्तान फैक्टर की जरूरत महसूस हो रही है, मगर अब घाटी की हवा बदल रही है, अब कश्मीर के लोगों को मजहबी व क्षेत्रीय सीमाओं में बांधे रखना मुश्किल होगा। अलगाववाद, ब्लैकमनी व ब्लैकमेल के जरिये राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले धीरे-धीरे हाशिये पर जा रहे हैं और आने वाले दिनों में यहां राष्ट्रीय पार्टियों भाजपा और कांग्रेस का वर्चस्व दिखता नजर आ रहा है। ■

'मां' संबोधन ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द

मातृत्व दिवस पर विशेष

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथों में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जा रहा है। मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रह्मांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है, जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है, इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। इसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए, लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख-सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है। मां को संस्कृत में मातर: कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है, जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है।

रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है, उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया, उसे मां कहा गया। इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। हमारे देश में गाय को भी गोमाता कहकर पुकारते हैं, जो हमें अपने अपना दूध पिलाकर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है, जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी' वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है। 'नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गति:। नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।' यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है कि माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है।

महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है, तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती है। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है। भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है, तो उसके सर्वप्रथम रंभाने में जो स्वर निकालता है, वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाए जाने की शुरुआत हुई। 'मदर्स डे' मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई, 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वह समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए, जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैंड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। यह एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों में करना नामुमकिन है। मां वह है जो न सिर्फ हमें जन्म देती है, बल्कि हमें जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान।

मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चों का भरपूर ख्याल रखती है। मां वह होती है जो खुद भूखी सो जाए, पर अपने बच्चों को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वह जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चों की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है। दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है, लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है, क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है, अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो मां की तरह पूर्ण तरह से समर्पित नहीं हो सकते।

नजरिया

जीवन का आधार स्तंभ है 'मां'

हर व्यक्ति के जीवन में उसकी मां एक शिक्षक से लेकर जीवन दायिनी, पालनकर्ता, प्रेम एवं त्याग की प्रतिमूर्ति होती है। मातृ दिवस दुनिया भर में माताओं और मातृ विभूतियों के सम्मान और सराहना के लिए मनाया जाने वाला विशेष दिवस है। माताएं अपने बच्चों के लिए न जाने कितने ही दुखों को सहन करते हुए अपनी तमाम जिंदगी उनकी खुशियों पर ही न्योछावर कर देती हैं। यही कारण है f मां को भगवान का दर्जा दिया गया है। कहते हैं कि ईश्वर हमारी सहायता के लिए हर समय हमारे साथ नहीं रह सकता, तो उसने ईश्वर के रूप में हमारी मां को बनाया है, जो हर क्षण हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहती है।

हम अपने जीवन में मां के योगदान को कभी भी भुला नहीं सकते। नौ महीने पेट में पालकर फिर प्रसव पीड़ा सहकर अपने जीवन को दांव पर लगाकर एक मां का बच्चे को जन्म देना ही उसकी सहनशीलता का प्रमाण है। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, उसके साथ साये की तरह मां अपनी ममता न्योछावर करती है। जब बच्चा स्कूल जाने लगता है, तो उसकी पहली शिक्षिका बनकर उसे अच्छे बुरे का बोध कराती है। पढ़-लिखकर जब वही बच्चा मां के साथ दुर्व्यवहार या अपमानजनक बर्ताव करे तो उस मां पर क्या गुजरती होगी? बहू के आने पर अगर वही बेटा मां को तुच्छ समझने लगे और परवरिश पर सवाल उठाने लगे तो उस मां पर क्या बीतती होगी?

अरे! किस्मत वाले होते हैं वे लोग जिनके सिर पर मां-बाप रूपी बरगद की छांव होती है। यह वे दरख्त होते हैं जो गर्मी, बरसात, सर्दी सभी प्रकार की परेशानियों से छोटे-छोटे पौधों की रक्षा करते हैं अर्थात अपने बच्चों की हिफाजत के लिए वे सारे कष्ट अपने ऊपर ले लेते हैं। आजकल कई घृणित मानसिकता वाले बच्चे अपने माता-पिता को वृद्ध आश्रम छोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि कल को आपसे ही सीख कर आपके बच्चे भी आपके साथ वही बर्ताव करेंगे।

लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

ममतारूपी स्नेहमयी रिश्ते के रूप में मातृ दिवस एक दिन नहीं, अपितु प्रतिदिन होना चाहिए क्योंकि मां के त्याग की गहराई को मापना संभव नहीं है। मां को खुश करने के लिए आपको कोई धन-दौलत या चांद -तारे लाने की जरूरत नहीं है। आप मां के सुख-दुख के भागीदार बने, उन्हें सम्मान दें, उनकी परवाह करें तो इससे ज्यादा उन्हें क्या चाहिए? आपका इतना सा साथ उनके लिए खूबसूरत लम्हों की सौगात होगी।

कविता

आस्तीन के सांप

डॉ. राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

आस्तीन के सांप बन न डसा करो
अपने हो तो अपने बन ही रहा करो।
किसी वन के विषधर की तरह
दांतों में विष छुपा न रखा करो
जैसे हो वैसे ही बन रहा करो।
सभ्यता का मोल नहीं मिलेगा
तुम्हें असभ्यता ढोकर कर कभी।
होना है सभ्य तो सभ्यता ओढ़
तुम जरा सा चला करो।
धोना है हृदय में पड़ी कालिख को
तो मन को मंदिर बना रखा करो।
न मिलेगा मुकाम तुम्हें कभी
आस्तीन के सांप बन कर।
वन के मृग की तरह दहाड़ कर
अपने मुकाम की ओर जरा चला करो।

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

'द लेडी विद द लैंप'

फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग आंदोलन का जन्मदाता माना जाता है। दया व सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल 'द लेडी विद द लैंप' (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जन्म एक समृद्ध और उच्च वर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था, लेकिन उच्च कुल में जन्मीं फ्लोरेंस ने सेवा का मार्ग चुना। 1845 में परिवार के तमाम विरोधों व क्रोध के पश्चात भी उन्होंने अभावग्रस्त लोगों की सेवा का व्रत लिया। दिसंबर, 1844 में उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं को सुधारने का कार्यक्रम आरंभ किया था। नर्सिंग के अतिरिक्त लेखन और अनुप्रयुक्त सांख्यिकी पर उनका पूरा ध्यान रहा। फ्लोरेंस का सबसे महत्वपूर्ण योगदान क्रीमिया के युद्ध में रहा। अक्तूबर, 1854 में उन्होंने 38 स्त्रियों का एक दल घायलों की सेवा के लिए तुर्की भेजा। इस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही उन्हें 'लेडी विद द लैंप' की उपाधि से सम्मानित किया गया। जब चिकित्सक चले जाते, तब वह रात के गहरे अंधेरे में मोमबत्ती जलाकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित हो जातीं, लेकिन युद्ध में घायलों की सेवा के दौरान मिले गंभीर संक्रमण ने उन्हें जकड़ लिया था। 1859 में फ्लोरेंस ने सेंट थॉमस अस्पताल में एक नाइटिंगेल प्रशिक्षण विद्यालय की स्थापना की। इसी बीच उन्होंने नोट्स ऑन नर्सिंग पुस्तक लिखी। जीवन का बाकी समय उन्होंने नर्सिंग के कार्य को बढ़ाने व इसे आधुनिक रूप देने में बिताया। 1869 में उन्हें महारानी विक्टोरिया ने रॉयल रेडक्रॉस से सम्मानित किया।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल
जन्म : 12 मई, 1820
मृत्यु : 13 अगस्त, 1910

बॉलीवुड की मां के किरदार में अभिनेत्रियों की अमिट छाप

'मां' एक ऐसा लफ्ज है, जिसे सुनते ही सभी को अपनी मां का चेहरा आंखों में तैरता नजर आता है। फिर चाहे वह कोई फिल्मी पर्दे पर कहे जाने वाले संवाद में शामिल हो या फिर वास्तविकता लिए हुए अपने घर में। इस तरह हमें परदे की मां और अपनी वास्तिक मां में अंतर स्पष्ट करना मुश्किल हो जाता है। बात करूंगा सिल्वर स्क्रीन में मां का किरदार निभाती फिल्मी अभिनेत्रियों की, जिन्होंने अपने अभिनय के दम पर फिल्मों में मां के किरदारों को जिंदा कर दिखाया। ऐसे में याद आती है फिल्म मदर इंडिया की नर्गिस दत्त, मां के किरदार में । अपने बेटों राजेंद्र कुमार और सुनील दत्त को कैसे बचपन से लेकर जवानी तक संभाले रखती है, इस गीत को लिए हुए कि 'दुनिया में अगर आए हैं तो जीना ही पड़ेगा, जीवन है अगर जहर तो पीना ही पड़ेगा' और फिर उस पर एक संस्कारी मां होते हुए अपने ही बेटे बिरजू यानी सुनील दत्त को गोली से उड़ा देती है।

ऐसी ही एक और भी फिल्मी मां हुई है, नाम है कामिनी कौशल। अपने फिल्मी सफर के शुरुआती दौर में वह ट्रेडिजी किंग यूसुफ खान यानी दिलीप कुमार की नायिका रही तो उससे मुहब्बत भी कर बैठी, लेकिन फिल्म शहीद के आते ही वह भारत कुमार मतलब मनोज कुमार की ऐसी मां बनी कि मुद्दत बाद फिर से फिल्म उपकार में उन्हीं की मां बनी। सभी जानते हैं दोनों ही फिल्में अब्बल दर्जे की सुपर डुपर फिल्में रहीं हैं।

अशोक कुमार, दिलीप कुमार, राज कपूर और देव आनंद जैसे सितारों की नायिका रह चुकी कामिनी कौशल आज बॉलीवुड में सबसे अधिक उम्र की अभिनेत्री है। ओल्ड क्लासिक फिल्मों की नायिका कामिनी कौशल 92 वर्ष की हैं। कामिनी कौशल का मूल नाम उमा कश्यप है। इनकी साल 1946 से शुरू हुई वह अभिनय यात्रा आज तक जारी है। साल 1946 से लेकर 1963 तक कई फिल्मों में नायिका की भूमिका निभाने के बाद कामिनी कौशल ने फिल्मों में मां के किरदार निभाने शुरू कर दिए। मनोज कुमार की फिल्म 'शहीद' में उन्होंने पहली बार भगत सिंह की मां विद्यावती कौर संधू की भूमिका निभाई। एस राम शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मनोज कुमार ने भगत सिंह की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के बाद कामिनी कौशल फिल्म 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में मनोज कुमार की मां की भूमिका में सर्वश्रेष्ठ किरदार निभाए। तू पैदा होते ही मर क्यों नहीं गया, ये दिन देखने से पहले मैं मर क्यों नहीं गई, तुझे इस दिन के लिए पाल पोसकर बड़ा किया था.., ये वे कुछ फिल्मी संवाद हैं, जो कि सिनेमा से होते हुए आज घर-घर में मशहूर हो गए हैं। अगर इन संवादों को पढ़कर आप अंदाजा लगा चुके हैं कि ये किस कलाकार द्वारा बोले गए हैं तो अच्छी बात है , लेकिन अगर आप अभी भी यह जानने की कोशिश कर रहे हैं, तो चिंता मत कीजिए मैं आपको एक हिंट देता हूं यानी एक डायलॉग ' मेरे पास मां है'। अब तो आपको अंदाजा हो गया होगा मैं किसकी बात कर रहा हूं। नहीं मैं शशि कपूर और अमिताभ बच्चन की बात नहीं कर रहा, बल्कि यहां तो 'मां' की बात हो रही है यानी निरूपा रॉय की। आज पूरा देश 'मातृ दिवस' मना कर रहा है। इस मौके पर हमने सोचा कि क्यों न आज एक और फिल्मी मां की बात की जाए, जिसने बड़े पर्दे पर मां के किरदार को इतनी बखूबी से निभाया कि उन्हें 'बॉलीवुड की मां' कहा जाने लगा ।

लेखक : राजेंद्र पलमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, हिप्र

एक ऐसी मां, जिसके जीवन में केवल दुख ही दुख हैं । कभी फटी हुई साड़ी पहने रोते-बिलखते हुए नजर आती, तो कभी बेटे की जिंदगी के लिए दर-दर भटकती। इस मां का ऑन स्क्रीन दर्द देख आज भी लोगों की आंखों से आंसू बहने लगते हैं। निरूपा रॉय खुद कहती थीं कि उम्र बढ़ने के बाद कलाकार रिटायर हो जाता है, पर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। उम्र बढ़ने के साथ-साथ मैं ज्यादा व्यस्त हो गई। फिल्मों में मां के किरदार से बेहतरीन छाप छोड़ने वालीं निरूपा राय वर्ष 2004 में हृदयघात के कारण दुनिया को अलविदा कह गईं ।

वहीं, चेहरे पर मोहक मुस्कान लिए और मासूमियत भरे भावों को दर्शाने वाली अभिनेत्री सुलोचना ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत लीड एक्ट्रेस के तौर पर की थी, पर बॉलीवुड में उन्हें असल पहचान मां के किरदारों से ही मिली। 1960 से 70 के दशक की शुरुआत में वे देव आनंद, सुनील दत्त, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और राजेश खन्ना जैसे सुपरस्टार्स की मां के रोल में नजर आईं। सुलोचना ने 'रेशमा और शेरा', 'मजबूर' और 'मुकद्दर का सिकंदर' जैसी फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। इसी कड़ी में राखी गुलजार का नाम जैसे ही जुबान पर आता है तो फिल्म 'करण अर्जुन' जहन में आ जाती है। तीन फिल्म फेयर पुरस्कार और एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जितने वाली राखी गुलजार कमाल की अभिनेत्री है, जिन्होंने बॉलीवुड में मां के किरदार को बखूभी निभाया है। फिल्म 'करण अर्जुन' में उनका अभिनय बेमिसाल है और उनके इस किरदार को सभी ने बहुत पसंद किया था।

फरीदा जलाल ने भी फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है जिसमें फिल्म 'हीना' का नाम लिया जाना भी बेहद आवश्यक हो जाता है। जेबा बख्तियार की मां की वह मजबूरी और मासूमियत ने मां के चरित्र को जीवंत कर दिखाया है फरीदा जलाल ने जिसे सदैव याद रखा जाएगा।

मां के फिल्मी किरदारों की बात पर लीला मिश्रा, ललिता पवार, दुलारी , पूर्णिमा, अचला सचदेव , सुषमा सेठ , रीमा लागू , सीमा देव , उर्मिला भट्ट और वहीदा रहमान (त्रिशूल) का नाम लिए जाना भी बेहद जरूरी हो जाता है । ऐसे में और भी ढेरों अभिनेत्रियां हैं जिन्होंने फिल्मों में मां के चरित्र निभाए हैं, जिन पर बात करूंगा, वा फिर कभी।

अपनी बात

कांगड़ा जिले में आवारा पशुओं का आतंक इस कदर हो गया है कि अब वे लोगों की जान भी लेने लग पड़े हैं। जहां देखो, वहां आवारा पशु देखने को मिल जाते हैं। सड़कों पर झुंडों में घूमने या बैठने वाले आवारा जानवर ट्रैफिक में न केवल बाधा डालते हैं, बल्कि राहगीरों के लिए परेशानी का सबब भी बन जाते हैं। अब वे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसके बावजूद आवारा पशु पूरी शान से रोड पर घूमते रहते हैं, लेकिन इन्हें काबू करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं।

आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें रखने के लिए कुछ संस्थाएं आगे आती हैं, लेकिन जब तक प्रशासन का सहयोग नहीं मिलता, तब तक समस्या यूं ही बनी रहेगी। वैसे यह समस्या सिर्फ हिमाचल की ही नहीं है, बल्कि पूरे देश की है। आवारा पशुओं के बढ़ते हमलों के कारण हर रोज देश में औसतन तीन लोगों की मौत हो रही है। आवारा पशुओं के हमले को रोकने के लिए और इन हमलों से होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने अपनी गाइडलाइंस में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने आवारा पशुओं और दूसरे जानवरों की अलग-अलग श्रेणी बनाकर उसके आधार पर गाइडलाइंस तय की हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों को यह भी निर्देश दिया है कि राज्य सरकार ऐसे लोगों की पहचान करे, जो अपने पशुओं को किसी बीमारी हो जाने या उनके काम लायक न होने पर उन्हें बेसहारा छोड़ देते हैं। सरकार ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

-निशांत, कुल्लू

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com*

सनातन चिंतन को बचाए रखने के लिए चार धामों का किया गठन

आदि गुरु शंकराचार्य जयंती विशेष

अपनी प्राचीन संस्कृति व धर्म की जब जब बात चलती है, तो इसके साथ ही हमें अपने उन समस्त महापुरुषों के अवतरण के साथ ही साथ महान विभूतियों, सिद्धपुरषों, साधु-संतों, धर्म प्रचारकों, धर्मरक्षकों,देश के क्रांतिकारी वीरों आदि के बलिदानों की भी याद आने लगती है, क्योंकि आज उन्हीं की बदौलत ही तो हम अपनी प्राचीन सांस्कृतिक रूपी धरोहर व धर्म को बचाए हुए हैं और आज हमारा देश पूरी दुनिया में अपनी इसी विचारधारा (सनातन चिंतन) के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है।

देश के प्रसिद्ध धर्म रक्षकों, सुधारकों या प्रचारकों की गिनती की जाए तो एक लंबी शृंखला बनती नजर आती है। इस शृंखला के कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार से गिनाए जा सकते हैं, जो कि महात्मा बुद्ध से लेकर गुरुनानक देव, संत तुलसीदास, संत कबीर, संत रहीम, संत माधव, संत रामानुज व गुरु गोविंद सिंह जैसी असंख्य धर्म रक्षक व धर्म सुधारक विभूतियां के हैं। इन्हीं महान विभूतियों के साथ ही साथ एक अन्य नाम जिनकी आज 12 मई को जयंती भी मनाई रही है, वह हैं आदि गुरु शंकराचार्य। आदि गुरु शंकराचार्य का नाम हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए सबसे सबसे ऊपर रखा जा सकता है। इन्होंने ही हिंदू धर्म को एक सूत्र में बांध रखने हेतु देश की चारों दिशाओं में एक-एक मठ की स्थापना करके चार धामों का गठन किया था। देश के उत्तर अर्थात कश्मीर में ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ, दक्षिण में वेदांत ज्ञान मठ या श्रृंगेरी पीठ, पूर्व में गोवर्धन मठ जगन्नाथ धाम व पश्चिम में शारदा मठ द्वारिका धाम है।

लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

आदि शंकराचार्य का जन्म दक्षिण भारत के केरल राज्य के एक गांव कलादी में ब्राह्मण माता अर्याम्ब व पिता शिवागुरु के घर ई. 788 में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हुआ था। कहते हैं कि शक्राचार्य के पिता शिवागुरु भगवान शिव के अनन्य भक्त थे और भगवान शिव की ही कृपा दृष्टि व उनकी आराधना पूजा-पाठ के पश्चात ही बालक शंकराचार्य का जन्म हुआ था। इसी कारण से ही इन्हें भगवान शिव का अवतार भी बताया जाता है। इनके जन्म के शीघ्र बाद ही पिता शिवागुरु का देहांत हो गया था। कहते हैं कि जब शंकराचार्य मात्र 2 बरस के ही थे, तो (इन्हें अपनी माता से प्राप्त धर्म शिक्षा के कारण ही) धर्मशास्त्रों में वेद, उपनिषद, रामायण व महाभारत जुबानी याद हो गए थे।

फिर सांसारिक गतिविधियों में रुचि न रहने से जल्दी ही इन्होंने संन्यास ग्रहण करके गुरु की खोज में निकल गए और गुरु शंकर गोविंदा के पास पहुंच कर मात्र 16 वर्ष की आयु में इन्होंने आत्म बोध, विवेक चूड़ामणि, उपदेश सहस्त्री, वाक्य वृति, सौंदर्य लहरी और ब्रह्मसूत्र भाष्य सहित 100 से अधिक पुस्तकों की रचना के साथ ही एक साथ कई भजनों की भी रचना की थी। जगत गुरु शंकराचार्य नाम के पीछे बताया जाता है कि इनके अनेक अपने शिष्य थे, जिस कारण ही इन्हें जगत गुरु के नाम से भी जाना जाता था। जगत गुरु, आदि गुरु व स्वामी जी के साथ ही साथ शंकराचार्य जी एक महान व उच्च कोटि के दार्शनिक संत थे। इन्होंने अद्वैत वेदांत दर्शन का विस्तार से वर्णन के साथ ही साथ हिंदू धर्म के अन्य ग्रंथों जिनमें भागवत गीता, ब्रह्मसूत्रों, उपनिषदों की भी व्याख्या आ जाती है।

अपनी माता अर्याम्ब के मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही शंकराचार्य उनका बड़ा मान सम्मान करते थे और अपने द्वारा दिए वचन के अनुसार ही जब मां ने अपने प्राण त्यागे थे, तो संन्यासी रहते हुए भी इन्होंने अपनी माता का संपूर्ण दाह संस्कार खुद ही बिना किसी के सहयोग से अपने ही घर के आगे किया था, क्योंकि लोग इसके लिए राजी नहीं थे। बाद में इनके गांव कोलडी में घर के सामने ही चिता जलाने की परंपरा ही बन गई।

इस तरह आदि गुरु शंकराचार्य जिन्हें कि भगवान शिव का अवतार भी बताया जाता है, ने अपना सब कुछ हिंदू धर्म के संरक्षण में अर्पित कर दिया, देश-विदेश तक घूम-घूमकर इसका प्रचार करते हुए, उत्तर में कश्मीर, दक्षिण में श्रृंगेरी केरल, पूर्व में जगन्नाथ व पश्चिम में द्वारिका धाम जैसे मठों का निर्माण करवा कर वहां पर पूजा पाठ, सत्संग जैसे धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू करवा कर हिंदू धर्म को विशेष पहचान दिलाई थी। आज 12 मई को उनकी की जयंती के पावन अवसर पर आदि गुरु शंकराचार्य जी को हमारा शत-शत नमन।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

कैंब्रिज मांटेसरी स्कूल में करवाई फ्रेशर पार्टी

सुंदरनगर । कैंब्रिज मांटेसरी स्कूल में किंडरगार्डन और नए बच्चों के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। स्कूल चेयरमैन और स्टाफ के सदस्यों ने बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्वांश को मिस्टर और अमायरा को मिस एक्टिव तथा दामिनी को मिस क्यूटी और आरुष तथा राघव को मिस्टर स्मार्टी चुना गया। स्कूल प्रबंधक मोहन चौधरी ने कहा कि जीवन में अनुशासन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया।

सुंदर शक्तिपीठ धूमावती मंदिर में मेला 14 से 16 तक

मंडी। सुंदर शक्तिपीठ धूमावती मंदिर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन 14 मई से 16 मई तक किया जा रहा है। यह मेला हिम क्लब धुआं देवी, मंदिर कमेटी, मां के हारुओं व आदर्श युवक मंडल फलाहण के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसके सफल आयोजन के लिए मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया व विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया। बैठक में तय किया गया कि व्यापारियों को 13 मई शाम को दुकान लगाने के लिए जगह दी जाएगी। बैठक में मंदिर कमेटी प्रधान महेश कुमार, उपप्रधान रमेश कुमार, सचिव धर्म चंद, सह सचिव खेम सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, रविंद्र कुमार, शेर सिंह, परमानंद, धूम सिंह व हिम क्लब के प्रधान दिवान चंद ठाकुर, उपप्रधान जगदीश वर्मा, कार्यालय प्रभारी गिरधारी लाल के साथ अन्य स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

सुंदरनगर । मठ मंदिर सराय समिति पुराना बाजार में भगवान परशुराम जयंती व मठ मंदिर सराय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वीप टीम द्वारा उपस्थित लोगों को एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में लिए प्रेरित किया गया। स्वीप टीम ने उपस्थित जनमानस को बताया कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक वोट बहुत जरूरी है, इसलिए सभी लोग एक जून को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लें। इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्यों से देवेंद्र कुमार, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

भद्रकाली मंदिर भराड़ी में साधारण अधिवेशन आज

सुंदरनगर । मंदिर कमेटी भद्रकाली माता भराड़ी सुंदरनगर का वार्षिक साधारण अधिवेशन 12 मई को 11 बजे निश्चित हुआ है। बैठक में वित्त वर्ष 2023. 24 की आय व्यय विवरण और अगले वर्ष के लिए बजट अनुमान तथा ऑडिट रिपोर्ट पढ़ी जाएगी। इसके अलावा समय-समय पर लिए गए निर्णय पर चर्चा एवं सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर भी व्यापक विचार विमर्श तथा आगामी समय के लिए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

ग्रामीण बैंक पांगणा ने भेंट किया 2 लाख का चेक

करसोग । पांगणा में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय कुमार नेगी ने पिंदर सिंह पुत्र महाजनू देवी गांव छंडयारा, डा. व उप तहसील पांगणा की अकस्मात मृत्यु पर उनकी माता महाजनू देवी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपए के प्रीमियम के निवेश से 2 लाख रुपए इंश्योरेंस राशि के रूप में भेंट किए। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि दो बीमा योजनाएं प्रमुख रूप से हैं, दोनों में दो-दो लाख का बीमा सामान्य मृत्यु व दुर्घटना का हो जाता है।

ग्रीन पोलिंग बूथ देवीदढ़ से स्वच्छता अभियान शुरू

गोहर । नाचन निर्वाचन क्षेत्र में देवीदढ़ को ग्रीन पोलिंग बूथ बनाया जाएगा। ग्रीन पोलिंग बूथ बनाने का उद्देश्य मतदान के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षण करने के संदेश से ग्रीन पोलिंग बूथ स्थापित किया जा रहा है। इसी आधार पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट के द्वारा नाचन निर्वाचन क्षेत्र में सफाई व स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान ग्राम पंचायत जहल एवं स्थानीय लोगों द्वारा देवीदढ़ ग्रीन मतदान केन्द्र में सफाई कर इस अभियान को शुरू किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने नाचन निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोगों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

जोगिंद्रनगर । अक्षय तृतीया भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जयंती पर युवक मंडल के तत्वावधान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सामाजिक संगठनों तथा युवक मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा सनातन धर्म सभा मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके उपरांत विश्व शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य हेमराज शर्मा के सानिध्य में स्वस्ति वाचन किया गया। इस मौके पर राज शर्मा, अभिषेक शर्मा, राजेश शर्मा, भास्कर गुप्ता, सचिन सूद, विवेक वालिया, सोनू शर्मा, रजत शर्मा आदि मौजूद रहे।

14 को नाहवींधार मेले में लगेगा रक्तदान शिविर

करसोग । उपमंडल करसोग की ग्राम पंचायत नाहवींधार में 12 से 15 मई तक आयोजित होने वाले नाहवींधार मेले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम करसोग राज कुमार ने बताया कि नाहवींधार मेले में 14 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें और रक्तदान करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी जरूरतमंद मरीज को खून उपलब्ध करवा कर उसके प्राणों की रक्षा की जा सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मंडी में लिया चुनावी प्रबंधों का जायजा

मतदान प्रतिशतता बढ़ाने की आवश्यकता : मनीष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीए सम्मेलन कक्ष में लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिला में विभिन्न गतिविधियों के लिए नियुक्ति किए गए नोडल अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों से लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की शत प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जाए, ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में गत चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, वहां पर बूथ लेवल आइकन बनाए जाएं और अधिक से अधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों से जुड़े इंतजामों, ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, वेब कास्टिंग, सी-विजिल एप की शिकायतों के निपटारे, आदर्श आचार संहिता की अनुपालना तय बनाने, स्वीप गतिविधियों एवं अन्य चुनावी प्रबंधों का जायजा भी लिया।

मनीष गर्ग स्ट्रॉंग रूम व मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

होगा आवश्यक प्रशिक्षण

मनीष गर्ग ने मतदान व पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण करवाने की जरूरत पर भी बल दिया, ताकि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से करवाया जा सके। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को अपने कार्यालय की ईमेल पर समय-समय पर नजर रखने के निर्देश भी दिए।

सी-विजिल ऐप से लोगों को करें जागरूक

निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासन तैयार

बैठक में उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने जिला में चुनाव की तैयारियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रहा है। प्रशासन जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने चुनावों को कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने को लेकर उठाए कदमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, जिला के सभी एसडीएम सहित चुनावों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके उपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने मंडी स्थित राजकीय वल्लभ महाविद्यालय तथा सुंदरनगर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्थापित किए गए।मतगणना केंद्रों व स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

छत से गिरने पर व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

जिला मंडी पुलिस के थाना बीएसएल कॉलोनी के कुटाहची क्षेत्र में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की घर की छत से गिरने के कारण मौत हो गई है। मामले में पुलिस द्वारा शव को कब्जे लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृतक की शिनाख्त नारद राम पुत्र परस राम निवासी भुडाल डाकघर कुटाहची उप तहसील पांगना जिला मंडी के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामले में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस की आगामी जांच जारी है।

मतदान जागरूकता को एसडीएम ने लांच किया गाना

पधर । सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता को एक गाना जारी किया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत शीर्षक 'चलो लोगो वोट पाणा' गाने का यह वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा की जीएमस पहाड़ी प्रोडक्शन द्वारा तैयार गाना जिसे सोहन सिंह व मेघ सिंह ने गाया है।

युवक से 72 ग्राम चरस बरामद

औट । पुलिस थाना औट ने जिला सिरमौर के रहने वाले एक युवक के कब्जे से 72 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना औट की टीम ने कुल्लू से मंडी की ओर जा रही बस नंबर एचपी-55 बी3525 को पुलिस द्वारा चेकिंग के के दौरान एक युवक के कब्जे से 72 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की शिनाख्त प्रदीप कुमार(23) पुत्र खड़कू राम गांव व डाकघर खडवान तहसील शिलाई जिला सिरमौर के तौर पर हुई है।

नावीधार में आज से मनाया जाएगा जिला स्तरीय नाहवींधार मेला

अनंत ज्ञान, करसोग

12 मई से 15 मई तक महोग के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर देवता श्री नाग चवासी सिद्ध का तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। देवता जी के इस मेले के उपलक्ष्य पर हजारों श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी देंगे। वहीं चवासी क्षेत्र के गढ़पति देव श्री नाग चवासी जी का इतिहास रियासतकालीन रहा है।

चवासी के मुख्य गण रहे नागदेव सिद्ध के रूप में प्रसिद्ध हैं और इनका मुख्य मंदिर करसोग के चवासी में और कोठी महोग में स्थित है। क्षेत्र के 6 देवी-देवताओं के मंदिरों सहित 16 पंचायतें इनकी हार क्षेत्र के दायरे में आती हैं। सुकेत के राजा द्वारा चवासी क्षेत्र के गढ़पति देव श्री नाग को विशाल कड़ाही भेंट की



श्री नाग चवासी सिद्ध देवता का मंदिर ।

है जो कि आज भी मौजूद है और उसमें देव के चिमटे सजाए रहते हैं। एक दौर में जब देव सुकेत में आए तो राजा ने देव का एक ढोल रख लिया लेकिन बाद में यह ढोल राजा को सैनिकों के हाथों में भेजकर महोग में पहुंचाना पड़ा था क्योंकि ढोल रात को स्वत: बजने लगता था।

लोक अदालत में 6136 मामलों का हुआ निपटारा

मंडी। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मंडी, करसोग, गोहर, जोगिंद्रनगर, सुंदरनगर एवं सरकाघाट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव विवेक कायस्थ ने दी।

इन लोक अदालतों का आयोजन अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान 12168 मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सेटिंग्स एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया, जिसमें से 6136 मामलों का निपटारा किया गया। इन मामलों में कुल समझौता राशि 5,71,89,065 रुपए रही। इन मामलों में 10,846 मोटर व्हीकल चालानों को बैंचों के समक्ष रखा गया, जिसमें से 6,069 मामलों का निपटारा किया गया।

विभाग के आदेशों को ठेंगा : नहीं लगा रहे फल-सब्जी विक्रेता रेट लिस्ट

मनमाने दामों पर बेची जा रहीं फल और सब्जियां

पुष्पराज, मंडी

शहर में सब्जी और फल विक्रेता अभी भी रेट लिस्ट नहीं लगा रहें है पिछले दिनों खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया था जिसमें रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य बताया था और नियमों का पालन न करने पर सब्जी व फल विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करने की भी हिदायत दी थी। उसके बाद बाजार में रेट लिस्ट दिखी और फिर हर सब्जी व फल विक्रेताओं की दुकानों से रेट लिस्ट गायब हो गई। (अनंत ज्ञान)

रेट लिस्ट के लिए हर ग्राहक को जागरूक होना चाहिए। विभाग ने रेट लिस्ट लगाने के सभी दुकानदारों को सख्त आदेश दिए हैं। बिना रेट लिस्ट के दुकानदारों की शिकायत ग्राहकों को करनी चाहिए, उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

-विजय हिमालयन, जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति विभाग।

मंडी में बिना रेट लिस्ट के सब्जियां बेचने बैठे दुकानदार

दामों में बढ़ोतरी से लोग परेशान

नागरिक सभा मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा का कहना है कि हर बार शहर में सब्जी और फल विक्रेता एक या दो दिन के लिए कार्रवाई होने पर रेट लिस्ट लगाते है और उसके बाद एक दम से रेट लिस्ट को हटा देते हैं। इस मामले को कई बार उठाया भी गया लेकिन प्रशासन को शहर में लगातार गुप्त निरीक्षण करना चाहिए और जो फल सब्जी विक्रेता रेट लिस्ट नहीं लगाता है उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सब्जी विक्रेताओं को प्रशासन का जरा भी डर नहीं रहा है।

राज्य स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता सुंदरनगर में शुरू

सूर्याशी शर्मा दो अंकों के साथ संयुक्त शीर्ष पर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला मंडी शतरंज संघ द्वारा जिला स्तरीय अंडर-17 व अंडर -11 छात्र वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता करवाई जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश संयुक्त व्यापार संगठन के महामंत्री सुरेश कौशल ने किया।

वहीं मुख्य अतिथि ने जिला मंडी शतरंज संघ को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 7100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर अमित शर्मा, गोपाल शर्मा व

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी।

अमित कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। चीफ ऑर्बिटर राजकुमार शर्मा ने बताया कि महिला वर्ग में दो दौर की बाजियों के बाद सूर्याशी शर्मा, एन योगिता, पलक ठाकुर, भव्या शर्मा, आर्शिया चौधरी, श्रुति शर्मा, सान्वी परिहार व सनिग्धा शर्मा दो अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अंडर 17 छात्र वर्ग में दो दौर की बाजियों के बाद कनिष्क शर्मा, शिवांश शर्मा, सम्राट सोनी, अनुराग ,ऋषिक राघवा, विवान शर्मा व वैभव सांख्यान दो अंकों के साथ शीर्ष पर बने हैं।

वहीं अंडर 11 छात्र वर्ग में नमीश गुप्ता, प्रणब ठाकुर व रियांश शर्मा दो अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं । प्रतियोगिता के सफल संचालन में नैना देवी, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, जतिंन शर्मा आदि भूमिका निभा रहे हैं।

6.5 करोड़ की लागत से बनेगा सुंदरनगर फोरलेन अंडरपास

सुंदरनगर। सुंदरनगर फोरलेन पर अंडरपास की मांग जो लंबे समय से चली आ रही थी का जिसका कार्य शुरू होने पर सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर व जिला परिषद सदस्य कर्म चंद और अन्य ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व विधायक राकेश जम्वाल का धन्यवाद किया।

सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से 6.5 करोड़ की लागत से अंडरपास का निर्माण कार्य को मंजूरी दिलवाई।

बच्चों को बताया मां से जुड़े अनमोल रिश्ते का महत्व

कार्यक्रम के मौजूद अभिभावक व अन्य।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में मातृत्व दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पाठशाला के निर्देशक प्रेमचंद ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था।

मुख्य अतिथि ने मां के साथ जुड़े अनमोल रिश्ते के महत्व पर जोर दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम और अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा ने इस कार्यक्रम की सराहना की और सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मोटे अनाज के लिए किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

बैठक के दौरान पद्मश्री नेकराम शर्मा व किसान।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

मोटे अनाजों में सात प्रकार के अनाज आते हैं जिन्हें क्लस्टरों में बीजने बारे एक दिन का प्रशिक्षण 26 मई को धर्मपुर किसान उत्पादक संघ किसानों को देगा, जिसमें पद्मश्री नेकराम शर्मा भाग लेंगे।

एफपीओ धर्मपुर के अध्यक्ष सतपाल सिंह और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों को मोटे अनाज की बिजाई करने के लिए सात प्रकार के मोटे अनाज के बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संधोल, सजाओ, टिहरा, धर्मपुर, स्योह-सिद्धपुर और मंडप-बरोटी सभी क्षेत्रों के उन चिह्नित किसानों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नर्सिंग स्टाफ के बिना चिकित्सा सुविधा अधूरी : धरवाल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर में स्थित जय मां दुर्गा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दौरान पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त एसपी वीरेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अतिथि देवो भव की तर्ज पर संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश धरवाल ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राकेश धरवाल ने कहा कि एक डॉक्टर और मरीज के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी नर्स होती हैं। डॉक्टर केवल दवाओं को निर्धारित करता है और रोग का निदान करता है, लेकिन आखिर में, यह नर्स ही होती है जिसके ऊपर मरीज के

गणमान्यों को जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज में सम्मानित करते हुए।

जय मां दुर्गा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने मनाया नर्सिंग दिवस

उपचार की वास्तविक जिम्मेदारी निर्भर करती है।

धरवाल ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ के बिना, कोई भी चिकित्सा सुविधा एक दिन के लिए भी काम नहीं कर सकती है। इस दौरान संस्थान की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली प्रशिक्षु छात्राओं को मुख्यतिथि वनिदेशक द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

चोलथरा में 13 मई को होगा छिंज का आयोजन

सरकाघाट । काली माता मुंडखर छिंज कमेटी, चोलथरा द्वारा जनता के सहयोग से विशाल दंगल का आयोजन 13 मई को आईपीएच रैस्ट हाउस के समीप होना सुनिश्चित हुआ है। कमेटी के मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर ने बताया कि चोलथरा में पहली छिंज होगी और अब हर वर्ष आयोजित की जाएगी।

कमेटी ने इस वर्ष के दंगल 'नशा मुक्त व भाईचारा युक्त समाज' नामक थीम पर आधारित हैं, जिससे जनता के सहयोग से नशे पर लगाम और भाईचारे का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा सके। छिंज के दिन युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

जागरूकता सराज क्षेत्र की पाठशाला बागाचुनोगी थाच में प्रधानाचार्य मेहर चंद की अच्छी पहल

पुणे में बनेगा सराज के कचरे से जरूरत का सामान

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

मंडी जिले की अति दूरस्थ व दुर्गम सराज घाटी के राजकीय माध्यमिक पाठशाला बागाचुनोगी के बच्चे व शिक्षकों ने कचरा एकत्र कर उसे जरूरत के सामान के लिए पुणे भेजा है। बता दें कि पाठशाला के प्रधानाचार्य मेहर चंद ठाकुर उन 200 शिक्षकों में शुमार थे जो हिमाचल सरकार द्वारा अलग अलग ग्रुपों में पांच-पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए सिंगापुर भेजे थे। वहां से कुछ अलग सीख कर आए सभी शिक्षक अपने अपने स्कूलों में कुछ न कुछ नया कर दिखाने में लगे हैं, मगर इसमें अभी तक जो सबसे अच्छी पहल सराज क्षेत्र की दुर्गम व दूरस्थ पाठशाला बागाचुनोगी थाच में कार्यरत प्रधानाचार्य मेहर चंद ठाकुर ने की है।

उन्होंने वहां पर कूड़े कचरे के निपटान की प्रक्रिया को देखा तो इसे अपने ही स्कूल व आसपास के क्षेत्र से शुरू करने की सोची। सुबह की प्रार्थना सभा में कक्षा में पढ़ाई के दौरान सभी बच्चों से आह्वान किया कि जहां भी प्लास्टिक देखें उसे उठाकर एकत्रित कर लें।

उन्होंने पुणे महाराष्ट्र में कचरे से जरूरी सामान बनाने में लगी एक

बच्चों को इस अभियान के लिए आह्वान करते प्रधानाचार्य मेहर चंद ठाकुर।

स्वयंसेवी संस्था रिचरखा से संपर्क किया जिसने प्लास्टिक भेजने के लिए के लिए कहा।

मेहर चंद ठाकुर ने बताया कि बच्चों ने उनके आह्वान को संजीदगी व गंभीरता से लिया, जो भी प्लास्टिक आदि उन्हें मिले वह एकत्रित कर दिए और प्रधानाचार्य को सौंप दिए।

प्रधानाचार्य ने इसका एक पैकेट बनाकर उसे एनजीओ को भेज दिया। भले ही अभी इसकी एवज में संस्था कोई पैसा नहीं देगी मगर भविष्य में इसके बदले बच्चों के लिए कुछ जरूरी वस्तुएं मिलने की संभावना है। मेहर चंद ठाकुर ने बताया कि इस पहल से बच्चों में स्वच्छता की एक भावना पैदा हो रही है वहीं पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त भी बनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य, शिक्षकों व बच्चों की इस पहल का क्षेत्र में लोग स्वागत व अभिनंदन कर रहे हैं। इसकी देखादेखी आने वाले दिनों में स्थानीय लोग भी अपना सकते हैं।

दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, मंडी

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था पिछले लंबे समय से दिव्यांगों के मुद्दों को उठाता आया है और कई बेरोजगार दिव्यांगजनों को इस संस्था के माध्यम से रोजगार भी प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा साहिब पड्डल में दिव्यांग और जरूरतमंद महिलाओं को मोमबत्ती निर्माण का तीन दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की जिला प्रधान हेमलता पठानिय ने बताया कि बेरोजगारी के दौर में दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे है और साथ ही कुछ जरूरतमंद महिलाओं को भी महिला सशक्तिकरण की और ले जाने के तोर पर उन्हें भी प्रशिक्षण दिया गया।

मोमबत्ती का निर्माण करते हुए दिव्यांगजन।

वहीं नेना आर्ट के संस्थापक संतोष सचदेवा द्वारा दिव्यांगजनों और जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क शिविर लगाया गया। दिव्यांगों और जरूरतमंदों महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत बनाए गए प्रोडक्टों को सेरी मंच पर शनिवार और शुक्रवार को बेचा जाएगा।

प्रशिक्षण प्राप्त करने आए भीम सिंह ने बताया कि 3 दिवसीय शिविर में उन्हें 5 प्रकार की चीजों के मिश्रण से दिए और मोमबत्तियां बनाना सिखाई गई जिसमें घी, कपूर, लौंग और शहद से मिश्रण से तैयार किया जाता है। वहीं ललित देवी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद वे अपना कार्य भी शुरू करना चाहती है जिसके लिए वे बैंक से स्टार्टअप फंड भी लेंगी।

न्यूज ब्रीफ

रविंद्र अत्री बने जिला युवा कांग्रेस महासचिव

भरमौर । गरोला से संबंध रखने वाले रविंद्र अत्री को युवा कांग्रेस का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री , लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, सांसद मंडी प्रतिभा सिंह, अमित भरमौरी और इंचार्ज होतम ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसकी पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

रंजीत शर्मा बने व्यापार मंडल भरमौर के प्रधान

भरमौर । चौरासी व्यापार मंडल भरमौर के द्विवार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक व चुनाव प्रभारी जैसी राम ठाकुर, टेक चंद ठाकुर, देशराज शर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे। प्रधान रंजीत शर्मा द्वारा सर्वप्रथम वार्षिक रिपोर्ट पेश कर लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से फिर से प्रधान पद के लिए रंजीत शर्मा को चुना गया व महासचिव पद के लिए महिंद्र पटियाल व सुमित ठाकुर को नियुक्त किया गया।

रावी में गिरे ट्रक चालक का नहीं लगा कोई सुराग

भरमौर । भरमौर-पठानकोट हाईवे पर ढकोग के पास बीते दिन दुर्घटनाग्रस्त हुए ट्रक के चालक का कोई सुराग नहीं चल पाया है। हालांकि, पुलिस, गृह रक्षक जवानों, ग्रामीणों ने लापता ट्रक चालक की तलाश में अभियान चलाया गया है। शनिवार आज सुबह से चालक की तलाश में अभियान जारी रहा। चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ढकोग के पास ट्रक हादसे के बाद चालक लापता था। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि लापता चालक की तलाश में तलाशी अभियान चलाया गया है।

तीन साल से प्राइवेट कमरों में चल रहा कॉलेज

बच्चे नहीं पढ़ पा रहे लाइब्रेरी की किताबें, प्रशासन करे समाधान

कॉलेज भवन का 2019 में शुरू हुआ था काम अभी तक नहीं हुआ पूरा

अनंत ज्ञान, भरमौर

जनजातीय क्षेत्र भरमौर का डिग्री कॉलेज अपने आप में अनोखा कॉलेज बन गया है जहां पर पिछले 3 सालों से बच्चों की पढ़ाई अलग-अलग जगह प्राइवेट कमरों में हो रही है। यहां पर कॉलेज के बच्चों को पढ़ने के लिए कभी गर्ल्स स्कूल के कमरें दिए जा रहे हैं तो कभी डीएवी स्कूल की बिल्डिंग में कमरा मुहैया करवाया जा रहा है।

स्कूल के भवन को लेकर दर्जनों धरने-प्रदर्शन और ज्ञापन अभी तक प्रशासन व सरकार की चिर निद्रा को नहीं खोल पाए हैं। वही यहां के स्थानीय विधायक भी शिक्षा की प्रणाली को लेकर कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल कर चुके हैं लेकिन उनके गृह पंचायत में ही कॉलेज के बच्चे पिछले कई सालों से इन हालातों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

लाखों रुपए के बजट से बनने वाला भवन पिछले चार-पांच सालों से पूरा ही नहीं हो पा रहा है जिसके कारण यहां पर शिक्षक ग्रहण कर रहे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इस कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ था लेकिन लगभग 4 वर्ष भी जाने के बाद भी अभी तक इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लिहाजा बच्चों को गर्ल्स स्कूल डीएवी स्कूल व साडा कांप्लेक्स के कमरों में पढ़ाया जा रहा है।

कॉलेज के बच्चों ने अपने इस हक को लेने के लिए वह जल्द से जल्द कॉलेज के भवन के निर्माण को लेकर कई बार ज्ञापन व धरने प्रदर्शन भी किए हैं। लेकिन बावजूद इसके यहां पढ़ाई कर रहे कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई के लिए ही दर-दर भटकना पड़ रहा है कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए यहां पर पिछले तीन-चार सालों से लाइब्रेरी भी नसीब नहीं हो पा रही है लिहाजा इस माहौल में यहां बच्चे कैसी पढ़ाई कर रहे हैं इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है।

नेगी ने भवन निर्माण को विभागों को दिए हैं आदेश

पिछले करीब एक साल से जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस कॉलेज के निर्माण को तुरंत से तुरंत करवाने को लेकर गंभीर हैं। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के पीएसी की बैठक के दौरान भरमौर में कई बार कॉलेज के बच्चों द्वारा उन्हें इस मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए हैं। लिहाजा उन्होंने भी जल्द से जल्द इस बिल्डिंग के भवन को पूरा करने के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं।

> इस भवन के निर्माण को लेकर तय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दे दिए गए हैं। आने वाले एक दो महीनों के बाद इस बिल्डिंग का काम पूरा होने की पूरी उम्मीद है।
> **- विशाल चौधरी, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग।**

> पिछले तीन-चार सालों से जब से नए कॉलेज की बिल्डिंग का काम शुरू है बच्चों को पढ़ने के लिए गर्ल्स स्कूल साडा परिसर और डीएवी स्कूल में कमरे लिए गए हैं। जहां पर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। कमरों के अभाव के कारण लाइब्रेरी व स्टाफ रूम एक ही ऑफिस में चलाया जा रहा है। सरकार और प्रशासन द्वारा कॉलेज के भवन निर्माण को पूरा करने के प्रयास किया जा रहे हैं। **-स्वरूप कुमार, डिग्री कॉलेज प्रधानाचार्य, भरमौर।**

प्रबोध सक्सेना ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने अपने पांगी दौरे के दौरान शनिवार को आवासीय आयुक्त पांगी रितिका जिंदल सहित सभी विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आवासीय आयुक्त ने मुख्य सचिव को घाटी में विकास व कानून व्यवस्था से संबंधित विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में घाटी में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत् प्रणाली, नेट कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित सभी तैयारियों की जानकारी भी ली।

उन्होंने घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गांव हिलु तवान का दौरा भी किया जहां पर गांव के लोगों ने उनका बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया व नन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

इस दौरान प्रधानाचार्य आरकेएमवी कॉलेज शिमला डॉ. अनुरिता सकसेना, उपमंडलाधिकारी (ना) पांगी रमन घरसंगी, तहसीलदार पांगी शांता कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनेश शर्मा, संतोष शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राम रत्न शर्मा, खंड चिकत्सा अधिकारी सुभाष ठाकुर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक दौरान मौजूद प्रबोध सक्सेना व अन्य।

विधायक नीरज ने प्रचार-प्रसार के लिए कसी कमर

चंबा । कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में चंबा सदर विधायक नीरज नैयर चंबा विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदान हेतु अपील करेंगे।

विधायक नीरज नैयर 12 मई से ग्राम पंचायत सिढ़कुंड में सुबह 11:00 बजे, ग्राम पंचायत केला 1:00 बजे, पलहुई में 3:00 बजे, ग्राम पंचायत सुंगल 5:00 बजे, आम जनता कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से रू-ब-रू होंगे और पार्टी के लिए नई ऊर्जा का संचार करने का काम करेंगे। रविवार को ग्राम पंचायत घघरौता सिल्लाघ्राट ग्राम पंचायत जडेरा आम जनता कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से रू-ब-रू होंगे।

एचआरटीसी की बस खराब होने से यात्री हुए परेशान

अनंत ज्ञान, भरमौर

भरमौर में एचआरटीसी की बसों के बीच रास्ते में हांफने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भरमौर-हड़सर कुगती रोड पर दो दिनों में दो बसें बीच रास्ते में ही खड़ी हो गई। यहां पर सवारियों को भी खूब परेशान होना पड़ा।

गौरतलब है चंबा-भरमौर सड़क पर अकसर खराब व खटारा बसों को भेजा जा रहा है। जिस कारण कई बार पुरानी और खटारा बसें बीच रास्ते में ही हांफना शुरू हो रही है। चंबा एचआटीसी डिपो में अधिकतर बसों की कंडीशन बहुत ही दयनीय है। आलम यह है कि स्वयं चालक व परिचालकों को पता नहीं है कि कौन सी बस कहां पर कब खराब हो जाए। बीच रास्ते में ही बसों के खराब हो जाने के कारण बसों में सवारी यात्री को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बीच रास्ते में खराब एचआरटीसी की बस।

वहीं आरएम चंबा सुलग कुमार ने कहा की सरकार द्वारा नई बसें भेजी जा रही है। जैसे ही नई बसे परिवहन डिपो में शामिल हो जाएगी पुरानी बसों को हटाकर उन्हें चलाया जाएगा। उन्होंने माना कि कई बार बसें बीच रास्ते में खराब हो रही हैं, जिस कारण सवारीयों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एजुकेशन पर काम करने की जरूरत : हर्ष महाजन

एमएम डैनियल, चंबा

राज्यसभा सांसद सदस्य बनने के बाद हर्ष महाजन अपने पैतृक शहर चंबा मुख्यालय पहुंचे। चंबा मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष महाजन का स्वागत किया गया। इस दौरान बाजार के मुख्य चौक तक एक रैली निकाली गई।

लोगों को संबोधित करते हर्ष महाजन।

गौर हो कि राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन तीन बार कांग्रेस के तरफ से चंबा सदर सीट पर विधायक के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं और कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं।

चंबा बाजार के मुख्य चौक पर जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया तो वहीं मुख्यालय में स्थापित मंच से अपने अभिवादन में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि चंबा मेरी जन्मभूमि है और ये कर्म भूमि है। मैं राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार चंबा आया हूं। यह मेरे लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। मेरी यह कोशिश होगी कि मैं राज्यसभा सांसद के बाद अब चंबा की तरक्की के लिए आर्थिक मदद की सहायता कर सकूं।

उन्होंने सुक्खू सरकार पर निशान साधते हुआ कहा कि डेढ़ साल से सरकार ने कोई भी कार्य चंबा में नहीं किया है। राज्य सरकार आर्थिक का रोना जनता के समक्ष रो रही है, जबकि धन अर्जित करना सरकार का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा मोदी जी के बनने के बाद मैं चंबावासियों के लिए आवाज उठा सकूं। उन्होंने कहा चंबा में बहुत काम करने की जरूरत है नेशनल हाईवे, हेल्थ सिस्टम, एजुकेशन सिस्टम यह सारा काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार को बनाने के लिए कांगड़ा चंबा सांसद राजीव भारद्वाज को समर्थन करने का भी लोगों से आग्रह किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राज सिंह, जय सिंह, जसवीर नागपाल, पूर्व विधायक पवन नैय्यर, नप अध्यक्ष नीलम नैय्यर, भाजपा मंडलाध्यक्ष महाराज कृष्ण बड़ियाल, मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

छह वर्ष बाद भी गलथन-मासू सड़क का नहीं हुआ निर्माण

अनंत ज्ञान, भरमौर

कार्य आवंटन होने के 6 वर्ष के बाद भी गलथन मासू सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। जगह-जगह कच्चा रोड व तंग मोड़ यहां पर सड़क हादसे को न्योता दे रहे हैं। चार किलोमीटर लंबी सड़क पर अभी तक कच्ची नालियों का नामोनिशान नहीं है।

जानकारी अनुसार यह सड़क वर्ष 2017 में बड़ी परियोजना के तहत स्वीकृत हुई थी। विभाग ने इस सड़क निर्माण की नई सीमा वर्ष 2019 रखी हुई थी, लेकिन छह वर्ष की जाने के बाद भी अभी तक इस सड़क का निर्माण नही हो पाया है। जगह-जगह तंग मोड़ व कच्ची सड़क यहां पर आए दिन हादसों को न्योता दे रही है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी मंहदो राम ने कहा कि इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी इस सड़क का निर्माण न होने के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग की सुध ली जाए।

वहीं अधिशाषी अभियंता मंडल भरमौर मीत कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने अभी भरमौर में ज्वाइंन किया है, मामला उनके ध्यान में आ गया है। वह स्वयं साइट पर जाकर इस सड़क का निरीक्षण करेंगे और उचित से उचित कदम सड़क निर्माण के लिए उठाए जाएंगे।

खड़ामुख-होली मार्ग को लेकर जनकराज ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान, भरमौर

खड़ामुख-होली सड़क की बदहाली को लेकर भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि पिछले एक महीने से इस सड़क से भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर हेलिकॉप्टर के जरिए यहां का दौरा किया है और यहां पर प्रचार करके चले गए हैं।

उन्होंने यहां पर इस सड़क के विषय में कोई भी बात नहीं की है और विभाग को उन्होंने इस सड़क की बहाली के लिए किसी भी प्रकार के निर्देश नहीं दिए हैं। यही नहीं उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के किसी भी नेता द्वारा उक्त क्षेत्र का दौरा नहीं किया गया है।

विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि इस सड़क की बहाली को लेकर लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर बिलकुल भी संवेदनशील नहीं है। यहां पर सड़क की बहाली को लेकर पावर प्रोजेक्ट्स के कर्मचारी व लोग ही पूरी तरह से सजग हैं और सड़क को बहाल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग के न ही अधिकारी और न ही कर्मचारी और न ही मशीनरी यहां पर काम कर रही है।

गौरतलब है कि खड़ामुख-होली मार्ग 16 अप्रैल से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा हुआ है। लगभग एक महीने से इस मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद है। सड़क बंद होने के कारण मरीज वह बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सड़क की बहाली के लिए यहां पर कार्यरत जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना पिछले एक महीने से लगातार अपनी मशीनरी को लगाकर वह अपने कर्मचारियों को लगाकर इस सड़क को बहाल करने का लगातार प्रयास कर रही है लेकिन अभी तक भी यहां पर लैंडस्लाइड जारी है।

विद्यार्थियों को 'मेरा वोट मेरी ताकत' की दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलका में चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इसके इलावा गांव में एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों को नारा उद्धघोष के द्वारा मतदान में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान का पुरजोर आह्वान किया गया। इस दौरान अध्यापकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को 'मेरा वोट मेरी ताकत' की शपथ के अंतर्गत निष्पक्ष, निर्भीक, बिना प्रलोभन, और दबाव के मतदान करने और अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलवाई गई।

इस दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलका के प्राचार्य प्रताप ठाकुर, चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के प्रभारी मदन लाल, अध्यापकों में जोगिंद्र सिंह, राजीव, चंदन नरूला , सुदेश, राजेश, कंचन, गुड्डी देवी, पूनम, मंजुला, किरण, हेमंत, शिवानी इत्यादि उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट से युवा पीढ़ी नशे से रहती है दूर

क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान कमेटी के सदस्य व अन्य।

अनंत ज्ञान भरमौर

गैर जनजातिय क्षेत्र की ग्राम पंचायत गैहरा, ब्रेही, जउआ के अंतर्गत आने वाले सुरहानी ग्राउंड में सुरहानी माता मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया।

इस प्रतियोगिता में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा गोगू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस प्रतियोगिता में तकरीबन क्षेत्र की 38 टीमें भाग लें रही है। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अविनाश गोगू ने प्रतियोगिता में उपस्थित युवा खिलाड़ियों से संवाद कर उनका मलोबल बढ़ाया। इस तरह का प्रतियोगिताओं का आयोजन आज की जरूरत है। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा है कि इससे खिलाड़ियों में आपसी भाईचारा भी बढ़ता है इसके साथ युवा वर्ग आज के दौर मोबाइन से भी कुछ समय के लिए दूर रहता है।

सूडोकु 0060 ★☆☆☆☆ सरल

6					7			
		8	2				7	5
	4			3				6
	7	1			2		5	
8				4				3
	2		8			9	6	
2				8			3	
4	3				9	8		
			3					9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0059 का हल

7	4	6	9	1	5	8	3	2
1	5	2	8	3	7	4	6	9
9	3	8	2	6	4	7	1	5
8	6	4	7	9	1	5	2	3
5	2	7	3	4	6	9	8	1
3	9	1	5	8	2	6	7	4
2	7	9	1	5	8	3	4	6
6	1	5	4	7	3	2	9	8
4	8	3	6	2	9	1	5	7

मां कंचना पुरी पादके में होगा नौहला पर्व पर जागरण

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कंचना पुरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौहला पर्व को 13 मई की रात को भगवती जागरण व 14 मई को को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष बाल मुकुंद गुलेरिया ने बताया कि 13 मई को मां कंचना पुरी की शोभायात्रा अपने मूल स्थान से मां के पादके के लिए शाम 7 निकलेगी उसी दिन मां ज्वाला जी से पवित्र ज्योति लाई जाएगी। इसके उपरांत रात को मां कंचना पुरी के पादके के पास बाद विशाल भगवती जागरण किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि 14 मई विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही गांव घरवासड़ा में ही विशाल कुश्ती छींज का आयोजन होगा, जिसमें उत्तरी भारत के नामी गिरामी पहलवान हिस्सा लेंगे। मंदिर विकास सभा द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर विकास सभा के प्रधान राजकुमार बिष्ट, उप प्रधान बाल मुकुंद गुलेरिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण बिष्ट, सुनील कुमार, मंदिर पुजारी अनिल बिष्ट, विनोद बिष्ट, हल्कू गुलेरिया, सचिव नानक चंद, जीत सिंह ठाकुर, प्रेम सागर, विपिन उपाध्याय, गुरुदेव जांगड़ा, शशि बिष्ट, जौनपुर रागड़ा, रिंटू गुलेरिया, पंकज गुलेरिया, व्यास देव शर्मा, हंसराज भारद्वाज, ग्राम पंचायत उप प्रधान दान सिंह, बख्शी राम और मूलराज शर्मा इत्यादि ने भाग लिया।

मक्की की खेती की बिजाई शुरू

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा में वित्त वर्ष मौसम की बेरुखी के कारण मक्की की फसल की बिजाई में हालांकि देरी हो गई है, लेकिन मौसम के चलते किसानों ने इसका लाभ ताकते हुए मक्की वह इस सीजन में अन्य फसलों की बिजाई का कार्य आरंभ कर दिया है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों को मक्की सहित अन्य फसलों की बुवाई सहित सब्जियां रोपित करने के लिए तैयार करने में ग्रामीण जुट गए हैं। ऊपरी क्षेत्रों में अकसर 22 अप्रैल माह तक मक्की की बिजाई का कार्य पूरा हो जाता है, लेकिन इस मर्तबा मौसम की मार के बाद अब धूप खिलने से किसान अपने परिवारों समेत खेतों में काम करते साफ नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर ट्रैक्टरों, पावर टिल्लर तो कई जगहों पर पारंपरिक तरीके से बैलों के जरिए ही खेतों की रोपाई करने का कार्य किया जा रहा है। किसान प्रमोद कुमार, किरपा राम, निधिया राम, परमेश कुमार, राजीव कुमार, किशन चंद, दलीप कुमार ने बताया कि मक्की और सब्जियों की बिजाई से पूर्व किसान अपने खेतों में तैयार करने के कार्य में जुट गए हैं। किसानों को उम्मीद है कि समयानुसार मक्की और सब्जियों की बिजाई करने पर उन्हें अच्छी आमदनी हो सकती है।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

12 मई, 2024, रविवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** पंचमीः (2:06) **: नक्षत्र :** आद्रा (10:27), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** धृति (8:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (5:21 -07:03)।

विशेष दिन

- 12 मई 2024 : श्री आदिगुरु शंकराचार्य जयंती आज।
- 12 मई 2024 : सूरदास जयंती आज।

मेषः जल्दबाजी में किए फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

वृषभः अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। वाहन सुख संभव है।

मिथुनः जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बहकाने से सपने संबंध तोड़ने से बचें।

कर्क : लोगों का सहयोग आप ने किया था, वे ही मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

सिंह : स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे।

कन्या : बहकावे में जल्द आ जाते हैं। जरूरी कार्य पूरे करें। जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है।

तुलाः सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

वृश्चिकःकार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आए परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।

धनु : जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी।

मकरः कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

कुंभ : व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके ना कि बनावटी बातें करें।

मीनः व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है।

विडंबना पिछले वर्ष में आई बारिश के कारण डंगा गिरने के बाद अब तक नहीं हुआ निर्माण

भरमौर के सेल्फी प्वाइंट पर पड़ रही बजट की मार

अनंत ज्ञान, भरमौर

पर्यटकों व स्थानीय को लोगों के लिए भरमौर में बनाया गया सेल्फी प्वाइंट पर बजट की मार भारी पड़ रही है। पिछले वर्ष जुलाई में आई भारी बारिश के कारण इस सेल्फी प्वाइंट का डंगा चले जाने के बाद अभी तक उसका निर्माण नहीं हो पाया है।

सेल्फी प्वाइंट की फाइल फोटो।

हालांकि इस सेल्फी प्वाइंट पर हर रोज सैकड़ों लोग भरमौर वह दूसरी जगह का दीदार करते थे, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी भरमौर प्रशासन इसे बनाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं कर पाया है । लिहाजा लोगों को सेल्फी प्वाइंट से भरमौर का नजारा देखने के लिए अब कई दिन और इंतजार करना पड़ेगा।

सूत्रों की मानें तो इस सेल्फी प्वाइंट के लिए सरकार की ओर से बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है , लेकिन यह बजट अभी तक वन विभाग के पास नहीं पहुंचा है।

इस सेल्फी प्वाइंट का निर्माण करीब 5 वर्ष पहले वन विभाग द्वारा किया गया था। यहां पर सूर्य अस्त और सूर्य उदय का नजारा देखने लायक होता है, लेकिन पिछले एक वर्ष से इस सेल्फी प्वाइंट का डंगे का निर्माण होने के कारण पर्यटकों व स्थानीय लोगों को इसका दीदार नहीं हो पा रहा है। सेल्फी प्वाइंट पर बुजुर्गों के लिए बाकायदा लाइब्रेरी का भी प्रबंध किया गया है, लेकिन पिछले कुछ समय से यहां पर लोगों को तमाम सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

अभी नहीं हुआ है बजट का प्रावधान : नरेंद्र

डीएफओ भरमौर नरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके पास अभी तक इसके लिए बजट का प्रावधान नहीं हुआ है। जैसे ही बजट मिल जाएगा इस डंगे का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और लोगों को फिर से सेल्फी प्वाइंट खोल दी जाएगा। इस सेल्फी प्वाइंट पर हर दिन सैकड़ों लोग भरमौर व आसपास का नजारा लेते हैं और पर्यटकों के लिए यह सेल्फी प्वाइंट बहुत ही आकर्षण का केंद्र है।

सात ग्राम चिट्टे के साथ महिला और युवक काबू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के बाशिंग स्थित एक किराए के कमरे में सात ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में एक महिला व युवक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संजय दत्त (27 वर्ष) पुत्र देव दत्त निवासी गांव व डाकघर बढेई तहसील व जिला कुल्लू व एक महिला निवासी गांव जिस्पा तहसील केलांग जिला लाहौल एंव स्पिति के रिहायशी क्वाटर बाशिंग में तलाशी के दौरान चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने इस दौरान इनके कमरे से 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जिसके चलते पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों को कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस टीम द्वारा चिट्टा के साथ गिरफ्तार महिला व युवक।

अवैध शराब मामले को लेकर दो पर केस दर्ज

कुल्लू। जिला कुल्लू पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के दो मामले दर्ज किए हैं, जिसमें पुलिस थाना भुंतर व बंजार में आवकारी अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना भुंतर की टीम ने पंकज पूरी के रिहायशी मकान शुरड़ में तलाशी के दौरान 36 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना बंजार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थापे राम निवासी गांव खेंचा तहसील बंजार के चायपान के ढाबे की तलाशी के दौरान 5 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जिसके चलते पंकज पूरी व थापे राम के खिलाफ आवकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

अब कुल्लू से चलेगी लाहौल-स्पीति कांग्रेस की राजनीति : मार्कंडेय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पूर्व मंत्री एवं लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा है कि वह हर हाल में चुनाव लड़ेंगे और 13 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रेस को दिए एक बयान में उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति से कांग्रेस की राजनीति अब कुल्लू के होटल शोभला से चलेगी।

उन्होंने सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का रिमोट कंट्रोल कुल्लू में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इन नेताओं ने जानबूझ कर अनुभवहीन प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। इन नेताओं की नजर लाहौल-स्पीति के पर्यटन, विद्युत प्रोजेक्ट व जमीन पर है। यह नेता चाहते हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी को जिताकर लाहौल-स्पीति में मनमर्जी कर सकें। उन्होंने कहा कि लाहौल के युवा वर्ग को यह समझना होगा कि कुल्लू के नेताओं की मनसा क्या है। लाहौल को कुल्लू का अभिन्न अंग कहने वाले इन नेताओं की लाहौल-स्पीति को आज तक याद क्यों नहीं आई।

पत्रकार वार्ता करते डॉ. रामलाल मार्कंडेय।

मार्कंडेय ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि वहां कि मुझे मना लिया है। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए कहा जा रहा ताकि वह झूठ बोलकर मेरे साथ चलने वाले कार्यकर्ताओं को अपने साथ करने में कामयाब हो सकें, लेकिन ऐसा नहीं होगा। जनता को भ्रमित करने का जो यह खेल भाजपा खेल रही है उसमें वह कभी कामयाब नहीं होगी और भाजपा प्रत्याशी ने जनता के साथ जो धोखा किया है उसके लिए यहां की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

बोले, हर हाल में लड़ूंगा चुनाव, रवि को लाहौल की जनता नहीं करेगी स्वीकार

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का डेढ़ साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। 1500 रुपए देने के नाम पर महिलाओं को ठगा है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी के टेंडर 27 करोड़ के थे लेकिन वो 27 की जगह 97 करोड़ के लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 70 करोड़ की देनदारी कौन देगा।

डीसी किनौर ने मतदान केंद्रों का किया दौरा

रिकांगपिओ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने आगामी लोक सभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जनजातीय जिला किन्नौर के पूह विकास खंड की ग्राम पंचायत सुमरा, शलखर व चांगो मतदान केंद्रों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपना कार्य पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से करें और स्थानीय लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें तथा दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए मतदान वाले दिन व्हील चेयर एवं रैंप की सुविधा सुनिश्चत करें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदान वाले दिन एक जून, 2024 को मतदान कर्मियों से आपसी समन्वय स्थापित करें और सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संपन्न करें।

नए कानूनों को लेकर आयोजित कार्यशाला में दी जानकारी

अनंत ज्ञान, आनी

एक जुलाई से पूरे देश में लागू होने वाले नए कानूनों को लेकर उपमंडल मुख्यालय आनी में शनिवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने आयोजित किया, जबकि एसएचओ आनी पंछी लाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इस कार्यक्रम में इंडियन पेनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड और इंडियन एविडेंस एक्ट में संशोधन होने के बाद भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

कार्यशाला में सहायक जिला न्यायवादी शिमला मनोज शर्मा ने बतौर स्रोत व्यक्ति उपस्थित एसएचओ और अन्वेषण अधिकारियों को अभिनित भारतीय न्याय संहिता 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मनोज शर्मा ने उपरोक्त विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि नए कानूनों पर संशोधन होने के उपरान्त भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एक जुलाई 2024 से लागू होने है।सहायक जिला न्यायवादी मनोज शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम से उपस्थित अन्वेषण अधिकारियों और पुलिस विभाग में कार्यरत अन्य अन्वेषण अधिकारियों को लाभ मिलेगा।

कार्यशाला में पुलिस उपमंडल आनी के अंतर्गत आने वाले आनी, निरमण्ड और ब्रो पुलिस थाना के अलावा पुलिस चौकी लुहरी और पुलिस चौकी निथर के एसएचओ, अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया।

आनी में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग

चनोर में शराब ठेकों पर वसूले जा रहे मनमाने दाम

अनंत ज्ञान, इंदौरा

उपमंडल इंदौरा के अंतर्गत पड़ती कई शराब की दुकानों पर ठेकेदारों द्वारा विभाग के तय रेट को दरकिनार करके ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले जा रहे है। मामला इंदौरा के काठगढ़ रोड पर पड़ते गांव चनोर के शराब के ठेके का है।

उक्त ठेके पर देशी की प्रति बोतल पर 50 रुपए और अंग्रेजी की प्रति बोतल पर 100 रुपए से भी अधिक पैसे ग्राहकों से वसूले जा रहे है। विभागीय जानकारी के मुताबिक कोई भी ठेकेदार अपनी शराब की दुकान पर अपनी रेट लिस्ट प्रिंट करवाकर नहीं लगा सकता है।

आबकारी विभाग हर दुकान को विभागीय रेट लिस्ट जारी करता है। जिस पर रेट के साथ अधिकारियों के फोन नंबर लिखे होते है ताकि अगर लिस्ट के रेट से अधिक वसूली हो तो विभाग को सूचित किया जा सके पर इंदौरा डमटाल क्षेत्र में एक भी शराब की दुकान पर सरकारी लिस्ट लगी दिखाई नहीं देती है। सरकारी लिस्ट ठेके के अंदर रखी होती है ओर अपनी निजी रेट लिस्ट दुकान के वाहर लगाकर ग्राहकों को खूब लुटा जा रहा है। इस वर्ष एक्साइज पॉलसी में विभाग ने पहले ही ठेकेदारों को एमएसपी से 30 प्रतिशत अधिक रेट पर बेचने के आदेश जारी कर रखे हैं पर यह ठेकेदार उससे भी अधिक रेट से शराब बेच रहे है। बात करें देसी शराब संतरा बोतल की तो 190 रुपए एमएसपी है और 30 प्रतिशत बढ़ाकर 210 रुपए से अधिक नहीं बेचा जा सकता है वहीं रॉयल स्टैग की बोतल का एमएसपी भी 567 रुपए है जिसमें 30 प्रतिशत जोड़कर 740 के लगभग रेट बनता है। चनोर स्थित शराब की दुकान पर ठेकेदार द्वारा अपनी ही रेट लिस्ट का फ्लेक्स लगाया हुआ है जिसमें वह संतरा प्रति बोतल 300 रुपए और रॉयल स्टैग 800 रुपए व अन्य ब्रांड भी विभाग के तय रेटों से अधिक रेट पर बेच रहा है।

बड़ी हैरानी की बात है की आबकारी विभाग के बड़े और छोटे अधिकारियों ने भी ठेके पर लगी हुई निजी रेट लिस्ट को नहीं हटवाया है। यदि कोई व्यक्ति विभागीय अधिकारियों के साथ रेट अधिक लगाए जाने की शिकायत करता है तो विभाग उस व्यक्ति को यह कहकर टाल देता है कि आप लिखित में शिकायत दें ऐसे हम कोई कार्रवाई नहीं कर सकते है। अब देखना यह है कि आखिर आबकारी विभाग इन शराब के ठेकों के मालिकों पर कोई कार्रवाई करता है या फिर ग्राहकों के साथ हो रही लूट का तमाशा देखता रहता है।

ठेके के बाहर लगी मनमाने दामों की लिस्ट।

ग्राहकों से अधिक रेट वसूलने पर होगा चालान : अरुण

जब इस बारे में सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी डमटाल अरुण कपूर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोई भी ठेकेदार अपनी निजी रेट लिस्ट ठेके पर नहीं लगा सकता है। जो विभाग ने लिस्ट जारी की है दुकानों के बाहर उस रेट लिस्ट को लगाना अनिवार्य है। विभाग की नई एक्साइज पॉलसी में पहले ही ठेकेदारों को एमएसपी से भी 30 प्रतिशत अधिक रेट पर बेचने के आदेश जारी किए है। यदि चनोर शराब की दुकान के साथ किसी भी दुकान पर निजी रेट लिस्ट लगाकर ग्राहकों से अधिक रेट वसूलने का मामला पाया गया तो चालान किए जाएंगे।

जो देशहित में काम करेगा, उसी को देंगे वोट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मंडी लोकसभा व लाहुल स्पीति विस क्षेत्र में विधानसभा उप चुनाव को लेकर एक जून को मतदान होगा ऐसे में मतदाताओं में उम्मीदवार के चयन को लेकर अपनी अलग अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि शिक्षित व प्रत्याशी युवाओं व बुजुर्गों की पहली पसंद है। उनके अनुसार लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी भूमिका भी महत्वपूर्ण है, इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक की तरह जहां मतदान करने जाएंगे और सोच समझकर ही मतदान करेंगे।

मतदाताओं का कहना है कि वह पार्टी के साथ साथ प्रत्याशी की योग्यता, दक्षता व शिक्षा के स्तर की भी परख करेंगे और संघर्षशील व कर्मठ उम्मीदवार को ही वोट देंगे। वहीं, बुजुर्ग मतदाताओं का भी कहना है कि इस बार सोच समझकर वोट करेंगे और लोगों को भी जागरूक करेंगे। हमारा प्रतिनिधि कैसा हो इस बारे में अनंत ज्ञान की प्रभारी ने मतदाताओं की राय ली जिसके कुछ अंश इस तरह है।

> ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगा जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे।

-नरेश कटोच, भुंतर

> लोगों के अनुसार जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय स्थापित करेगा उसे ही वोट देंगे। जातिवाद व ऊंच नीच से ऊपर उठकर कार्य करे ऐसे प्रत्याशी को ही वोट देंगे।

- कैलाश राजपूत, बगीचा (भुंतर)

> उसी उम्मीदवार को वोट दूंगा जो शिक्षित व स्वच्छ छवि का होने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की अपेक्षा में खरा उतरता हो। विकास की सोच के साथ सभी को साथ लेकर चले।

-अमन शर्मा, जल्लूग्रां (मनिकर्ण)

> नई पीढ़ी के युवाओं की दिक्कतों को एक शिक्षित युवा ही बेहतर समझ सकता है, इसलिए वोट शिक्षित, संघर्षशील व कर्मठ युवा उम्मीदवार को ही दूंगी।

-तन्वी शर्मा, कुल्लू

शवरी मंदिर से गहनों की चोरी

मनाली। मनाली स्थित शवरी माता मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने गहनों व नकदी समेत लगभग 1.75 लाख की चोरी की। सुबह मनाली थाना में चोरी की शिकायत दर्ज हुई है। मंदिर के पुजारी किशन चंद ने पुलिस को बयान दिया है कि गांव की एक महिला ने उसे सुबह सूचना दी कि मंदिर के ताले टूटे हुए है। पुलिस आसपास के होटलों व घरों में लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाल रही है। एसपी गोकुलचंद्रन ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

कर्मचारी मतदान के लिए 12 मई तक भरें 12-डी फॉर्म

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने कहा है कि स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए तैनात कर्मचारियों को लोकसभा आम चुनाव में मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष व्यवस्था की है। ये अधिकारी और कर्मचारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर स्थापित होने वाले पोस्टल बैलेट सेंटर (पीबीसी) पर जाकर मतदान कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें 12-डी फार्म भरना होगा। पीबीसी पर मतदान के लिए उन्हें 3 दिन का समय दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी फार्म के भाग-2 में अपना प्रमाण पत्र भी देंगे। नोडल अधिकारी इसे संबंधित निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करेंगे। यह फार्म चुनाव की अधिसूचना के 5 दिन के भीतर यानि 12 मई तक संबंधित निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंच जाना चाहिए। तोरुल ने बताया कि 12-डी फार्म के माध्यम से आवेदनकर्ता को पीबीसी के पूरे पते, तिथि और समय के बारे में एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। आवेदन मंजूर होने के बाद उस मतदाता का नाम मतदाता सूची में मार्क होगा और वह केवल पीबीसी में ही मतदान कर सकेगा। उन्होंने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीबीसी पर मतदान के लिए पात्र अधिकारियों-कर्मचारियों के फार्म जल्द भरवाएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 507 मामलों का निपटारा

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ

हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला की ओर से किन्नौर सिविल एवं सेशन संभाग में 7 बेंचो में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। वही राष्ट्रीय लोक अदालत की पहली बेंच की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश, किन्नौर, रामपुर बुशहर के बरिंदर ठाकुर, दूसरी बेंच की अध्यक्षता यजुवेंद्र सिंह, एलडी. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तीसरी बेंच की अध्यक्षता बसंत वर्मा, एलडी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चौथी बेंच की अध्यक्षता अमरदीप सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किन्नौर, रिकांगपिओ ,5वीं बेंच की अध्यक्षता गौरव कुमार, अपर. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रामपुर बुशहर, छठी पीठ की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार, सीनियर सिविल जज सह एसीजेएम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर, रिकांगपिओ व 7वीं बेंच की अध्यक्षता विशाल तिवारी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आनी, जिला।

कुल्लू में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर एवं वरिष्ठ न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष कई मामले प्रस्तुत किए गए। जिनमें धारा 138 के तहत एन.आई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण व अन्य (अपराधिक कंपाउंडेंबल व दीवानी विवाद) से संबंधित मामले शामिल हैं।

सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किन्नौर निशांत वर्मा ने बताया कि 7 बेंचों में राष्ट्रीय लोक अदालत में उठाए गए मामलों की कुल संख्या 2,811 मामलें शामिल थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में 507 मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान निपटान राशि 4,42,95,282 रुपये थी।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर एवं वरिष्ठ न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ने बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त, 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

बजौरा में 35 को दी रेफरीशिप ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान, भुंतर

हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के द्वारा बजौरा में राज्य स्तरीय कुराश रेफरी शिप सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश से लगभग 35 रेफरी ने ट्रेनिंग लेने के लिए भाग लिया।

इस सेमिनार में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के चेयरमैन विरेंद्र दोउटा ने रेफरीशिप ट्रेनिंग दी। सेमिनार में हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के मुख्य सचिव हरदेव सिंह एवं जिला कुल्लू कुराश एसोसिएशन के प्रधान नरेंदर कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में हिमाचल से 35 रेफरी भाग ले रहे है, जिसमे जिला सिरमौर से 4 , जिला मंडी से 7, जिला कुल्लू से 14 और सोलन से 4 रेफरी ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि इस सेमिनार में ट्रेनिंग लेने के बाद रेफरी अपने-अपने जिले में खिलाड़ी को तैयार करेंगे। इस मौके पर जिला कुल्लू के एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के प्रधान एवं अंतरराष्ट्रीय जज एवं रेफरी स्पेशल गेस्ट रहे।

बजौरा में राज्य स्तरीय कुराश रेफरीशिप सेमिनार में मौजूद रेफरी।

बंजार मेला 15 को होगा शुरू प्लॉट आवंटन प्रक्रिया आज से

शीला कौल, बंजार

इस वर्ष जिला स्तरीय बंजार मेला लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव के दृष्टिगत जारी की गई आदर्श आचार्य संहिता को ध्यान में रखकर चुनाव आयोग के दिशा निर्देश एवं देव परंपरा के तहत ही मनाया जाएगा।

यह बात जिला स्तरीय बंजार मेला 2024 के नव नियुक्त अध्यक्ष एवं पचायत समिति बंजार के सदस्य कमलेश ठाकुर उपाध्यक्ष और देवता श्रृंगा ऋष के पुजारी इंद्र देव शर्मा ने संयुक्त रूप में प्रेस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि उक्त मेला पांच कोठी के प्रमुख देवता श्रृंगा ऋषि के सम्मान में प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी पंचायत समिति बंजार एवं देवता कमेटी श्रृंगा ऋषि घाटी के पांच दिवसीय जिला स्तरीय बंजार मेले को 15 से 19 मई तक मनाया जाएगा।

15 मई को पांच कोठी के प्रमुख देवता श्रृंगा ऋषि की भव्य शोभा यात्रा के साथ बंजार घाटी के दो दर्जन भर देवी देवता ग्रामीण क्षेत्रों से ढोल नगाड़ों की थाप व लाव लश्कर के साथ मेले में भाग लेंगे तथा परस्पर मधुर मिलन भी करेंगे। इस वर्ष भी एक पंचायत से एक महिला जो की कुल्लवी परिधानों में नाटी पेश करेंगी। वहीं, स्कूली छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगी, जबकि रात्रि सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों को भी अधिमान दिया जाएगा। वहीं, मेले में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 12 मई से प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा भी मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ निरंतर बैठकें कर रहे हैं। तहसीलदार बजार रमेश कुमार, खंड विकास अधिकारी मान सिंह को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि थाना प्रभारी बंजार राम लाल ठाकुर कानून व्यवस्था को देखेंगे। (अनंत ज्ञान)

यात्रा व्यापार मंडल आनी के सदस्यों ने अश्विन के जज्बे को सराहा, किया जोरदार स्वागत

कश्मीर तक पैदल यात्रा पर निकले केरल के अश्विन

अनंत ज्ञान, आनी

हिमाचल को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता, क्योंकि यहां लगभग हर गांव में देवी देवताओं के मंदिर हैं और अपने अपने ईष्ट देवी देवताओं के प्रति यहां के लोगों में अगाद्ध श्रद्धा है, जबकि हिमाचल के कई जिलों की प्राकृतिक सुंदरता सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है।

इसी कड़ी में हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से निहारने के लिए केरला के युवा अश्विन पैदल यात्रा पर. केरल से हिमाचल की ओर निकले हैं। जो शनिवार को कुल्लू के उपमंडल मुख्यालय आनी पहुंचे जहां स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्य किरत राम शर्मा, रवि कांत, राजू शर्मा और रिंकू सूद ने अश्विन का स्वागत किया और उनके जज्बे को सराहा। व्यापार मंडल के सदस्यों ने अश्विन को हिमाचल के हर क्षेत्र की संस्कृति से भी अवगत कराया।

अश्विन का स्वागत करते व्यापार मंडल के सदस्य।

वहीं पैदल यात्री अश्विन ने हिमाचल के हर प्रांत की प्राकृतिक सुंदरता और लोक संस्कृति पर फ़िदा होते हुए कहा कि हिमाचल. एक बहुत ही खूबसूरत और शांत प्रिय प्रांत है और यहाँ के लोग भी बहुत ही भोले भाले और सभ्य हैं। अश्विन ने कहा कि वह पिछले 90 दिनों से यात्रा पर निकले हैं और हिमाचल में अब तक राजधानी शिमला. किन्नौर. लाहौल-स्पिति के काजा . रामपुर तथा लुहरी के बाद शनिवार को आनी पहुंचे हैं. जहाँ उन्होंने यहां के खूबसूरत स्थलों का दौरा कर लोगों से यहां की संस्कृत को जाना। अश्विन ने देवता पनेवी नाग का आशीर्वाद भी लिया, जबकि उनके खाने की निशुल्क व्यवस्था व्यापार मंडल के सदस्य एवं हाटेशबरी भोजनालय के संचालक किरत राम शर्मा ने की।

केरल से आये अश्विन ने इस आतिथ्ये के लिए व्यापार मंडल आनी का आभार जताया और कहा कि वह पर्यावरण संदेश को लेकर यात्रा पर निकले हैं। अश्विन न कहा कि हिमाचल के बाद वे नार्थ इंडिया और अंत में नेपाल तक यात्रा पुरी करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

लजवा सेंज में फर्न से भरी पिकअप पकड़ी

रेणुका जी। वन मंडल रेणुका के तहत वन रेंज के लजवा सेंज में एक फर्न से भरी पिकअप को पकड़ी है। डीएफओ रेणुका परमिंद्र सिंह ने बताया कि रात को एक पिकप फर्न लादकर बेचने जा रही थी कि वन रेंज अधिकारी ने अपनी टीम सहित उस गाड़ी को रुकवाया। चेकिंग करने पर गाड़ी में फर्न मिला इसके बाद गाड़ी चालक से 34480 रुपए जुर्माना वसूल कर गाड़ी को छोड़ दिया है।

विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

अर्की। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सोलन विधानसभा के गांव सायरी, ममलीग, पाव घाटी में यूथ पॉलिसी एंड सर्च डिपार्टमेंट के वाइस चेयरमैन हिमाचल प्रदेश एवं प्रभारी शिमला संसदीय क्षेत्र हर्ष ठाकुर अपने साथियों के साथ ने शिमला लोकसभा के युवा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव-प्रचार किया। इस मौके पर युवाओं ने बड़ी गर्म जोशी के साथ हर्ष ठाकुर का स्वागत किया। हर्ष ने कांग्रेस गारंटी कार्ड के बारे में लोगों को अवगत कराया।

तीन दिन से चल रहे धार्मिक आयोजन का समापन

रेणुका जी। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर 3 दिन से चले आ रहे विभिन्न धार्मिक आयोजन शनिवार को संपन्न हो गए। भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर जम्मूकोटी व कटाहा से लाई गई देव पालिकों की विदाई तहसीलदार ददाहू सुमेध शर्मा सीईओ भरत सिंह पूर्व सीईओ एवं सदस्य रविंद्र गुप्ता इंद्रप्रकाश गोयल

मित्र सिंह तोमर ने कंधा देकर दी। इससे पूर्व रात्रि में प्रेमचंद बावनली ने भक्ति संगीत का कार्यक्रम पेश किया। इस दौरान देवा रमेश कपिल, रामचंद्र शर्मा, माताराम बोर्ड के अन्य कर्मचारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

11वां अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन आयोजित

राजगढ़। इंटरग्रेटिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन नर्सिंग एजुकेशन, ए फोकस न थ्योरी, क्योरिकुलम इवैल्यूएशन विषय पर 11वां अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन इंटरनल यूनिवर्सिटी, बड्डू साहिब में आयोजित किया गया। चांसलर डॉ. देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सम्मेलन का उद्देश्य पारंपरिक नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य के बीच अंतर को पाटना था। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में नर्सिंग शिक्षा में एआई को एकीकृत करने पर व्यावहारिक, चर्चाएं, प्रस्तुतियां, व्यावहारिक अनुप्रयोग और नैतिक विचार शामिल थे। इस मौके पर प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य अतिथि एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) के वरिष्ठ निदेशक डॉ. सुनील के खेत्रपाल और ड्रेक्सेल यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया, यूएसए जैसे प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिष्ठित संकाय सदस्य शामिल थे।

अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में 'मातृ दिवस' की धूम

नाहन। प्यार और प्रशंसा के भावपूर्ण प्रदर्शन में एआईएस के छात्रों ने मातृ दिवस को भव्यता और खुशी के साथ मनाया। विद्यालय में प्रातः काल से ही उत्साह का माहौल था। कार्यक्रम का प्रारंभ एक मार्मिक संगीत कार्यक्रम से हुई, जिसमें छात्रों ने अपनी माताओं को समर्पित भावपूर्ण कविताएं, गीत, नृत्य प्रदर्शन और भाषण प्रस्तुत किए। खुशी और हंसी के आंसू बहते हुए सभागार में प्यार और कृतज्ञता का माहौल बना रहा। कार्यक्रम से पूर्व, कक्षाओं को रचनात्मक केंद्रों में बदल दिया गया, क्योंकि छात्र-छात्राएं अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार को दर्शाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रहे। हस्तनिर्मित कार्ड और व्यक्तिगत उपहारों से लेकर कला परियोजनाओं और पाक-कला के व्यंजनों तक, स्कूल का हर कोना मातृ दिवस भावना से जगमगा उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मातृ दिवस पर आयोजित विशेष संगीत कार्यक्रम था, जिसमें प्रतिभाशाली छात्रों तथा विद्यालय के संगीत अध्यापक ने अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पार्किंग निर्माण को जारी हुए 50 लाख आचार संहिता की आड़ में रोका काम

18 वर्ष से अधर में है निर्माण, मॉल रोड में पार्किंग की सुविधा न होने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

रेलवे रोड सोलन में मल्टी स्टोरी पार्किंग के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए नगर निगम ने बीएसएनएल को 50 लाख रुपए की किस्त जारी तो की परंतु ठेकेदार ने आचार संहिता की आड़ में अभी तक काम शुरू नहीं किया। ऐसे में शहरवासियों को पार्किंग सुविधा को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

बता दें कि निगम ने पार्किंग निर्माण का जिम्मा नोडल एजेंसी बीएसएनएल को दिया है परंतु पैसे की कमी के कारण निर्माण कार्य कई महीनों से ठप पड़ा है। अधूरे कार्य को आगे बढ़ाने को निगम ने कुछ समय पहले पैसे जारी किए हैं। पर अब ठेकेदार ने काम शुरू करने के लिए समय मांगा है। निगम की तरफ से जारी राशि से पार्किंग के तीनों फ्लोर में रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे गाड़ियों को सुरक्षित पार्क किया जा सकेगा।

हालांकि अभी पार्किंग को सीधे मॉल रोड से जोड़ने के लिए रैंप का निर्माण भी होगा। इसके लिए बाद में पैसा जारी होगा। फिलहाल निचले दो फ्लोर की पार्किंग में वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिल जाएगा। ऐसे में यह मॉल रोड में पहली अधिकृत पार्किंग बन जाएगी, जिसका संचालन निगम के माध्यम से होगा। इसका सबसे बड़ी सुविधा मॉल रोड में शॉपिंग करने और घूमने आने वाले पर्यटकों को होगा। मॉल रोड में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से लोगों को खासी दिकते पेश आती हैं।

पार्किंग का कार्य शिलान्यास के 18 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी भी अधर में है। इस पार्किंग का शिलान्यास वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया था। पार्किंग प्लोर बनने के बावजूद इसे मुख्य सडक़ से नहीं जोड़ा गया। बजट की कमी के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर के लोगों को पार्किंग की सुविधा नहीं मिल रही है। पार्किंग के बचे हुए कार्य को निगम ने जून 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था। पर ऐसा हो न सका।



सोलन में रेलवे रोड में निर्माणाधीन पार्किंग।

सड़क किनारे अवैध पर्किंग

शहरीकरण में तेजी के साथ छोटे वाहनों की संख्या में भारी इजाफा होने बावजूद सोलन शहर में आज तक पार्किंग निर्माण पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। परिणामस्वरूप शहर की छोटी बड़ी सड़कों में अवैध तरीके से हजारों की संख्या में वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इससे शहर की सड़कों में वाहन दौड़ते नहीं बल्कि रंगते हुए नजर आते हैं। पार्किंग सुविधा न होने से जहां स्थानीय लोगों को खासी दिक्कते पेश आती हैं वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। पार्किंग के अभाव में लोगों को सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क करने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर में छोटे बड़े वाहनों की संख्या उपनगरों के वाहनों को मिलकर करीब 40 हजार से अधिक हो चुकी है, लेकिन पार्किंग के नाम पर करीब 1500 वाहनों को पार्क करने की सुविधा है।

> रेलवे रोड की पार्किंग का अधूरे निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए 50 लाख रुपए की राशि बीएसएनएल को जारी की है। काम आचार संहिता से पहले से चल रहा है। नोडल एजेंसी को बचा हुआ कार्यक्रम पूरा करने को कहा गया है।
>
> -एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम, सोलन।

कांग्रेस गरीब विरोधी और शाही मानसिकता वाली पार्टी : कश्यप

अर्की में प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप।

अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की

भाजपा सांसद व लोकसभा चुनाव 2024 के भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने अर्की विधानसभा के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अहंकार युक्त पार्टी है, गरीब इनके लिए कोई मायने नहीं रखते। सत्ता में रहकर यह लोग गरीब को धूतकारती और तरसती हैं। कांग्रेस पार्टी गरीब विरोधी शाही परिवार मानसिकता वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडी गठबंधन और कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जिंदा गाढ़ देंगे, मोदी तेरी खबर खोद देंगे। महाराष्ट्र में तो यह लोग बम धमाके के दोषियों को कंधे पर बिठाकर घुमा रहे हैं। क्या ऐसी पार्टी को जनता सत्ता में आने देगी ? सत्ता में आते ही कांग्रेस पार्टी तानाशाही करती है और किस प्रकार से यह नेता असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देते हैं वह जग जाहिर है। उन्होंने कहा की कांग्रेस के शहजादे के गुरु जो अमेरिका में रहते हैं उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। भगवान कृष्ण के रंग वालों को कांग्रेस अफ्रीकन मानती है। इसीलिए देश की राष्ट्रपति को चुनाव हरवाने में पूर्ण भूमिका निभाई थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता केवल सत्ता में आने के भूखे हैं पर जन सेवा में विश्वास नहीं रहते। यहां के विधानसभा क्षेत्र के विधायक खुद तो असंवैधानिक पद पर बैठे हैं पर बयान तो ऐसे देते हैं जैसे वह संविधान से ऊपर है।

उन्होंने कहा कि अर्की की जनता सरकार से पूछना चाहती हैं कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने कौन सा ऐसा विकास कार्य है किया जिससे यहां की स्थानीय जनता को लाभ हुआ, आज तक 15 महीने के कार्यकाल में इस सरकार ने अर्की विधानसभा क्षेत्र में एक विकास कार्य तक नहीं किया। यहां के दफ्तर जरूर बंद कर दिए है जो पूर्व की जयराम ठाकुर सरकार में दिए थे।

नाहन के दो छात्रों ने उत्तीर्ण की एनडीए की लिखित परीक्षा

अनंत ज्ञान, नाहन

करियर अकादमी नाहन के दो छात्रों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा का आयोजन 21 अप्रैल 2024 को किया गया था।

सुरला से ताल्लुक रखने वाले आशुतोष पंवार ने बचपन से ही सैन्य अधिकारी बनने का लक्ष्य बनाया हुआ है। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आशुतोष अपने लक्ष्य को भेदने में आगे बढ़ गया है। रणवीर सिंह व बबीता पंवार के घर जन्में आशुतोष ने करियर अकादमी में ही पढ़ाई की है।

उधर, विनय कुमार के पिता भी सेना में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। खास बात यह है कि विनय पहले जेईई मेन्स की तैयारी में जुटा हुआ था, लेकिन असल मकसद सैन्य अधिकारी बनने का था। लिहाजा, एनडीए की परीक्षा का भी प्रयास किया।

जिगर के टुकड़े को एक माह से तलाश रहा दंपती, नहीं लगा सुराग

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ के तहत राजपुरा में रहने वाले उत्तर प्रदेश निवासी दंपती अपने गायब 20 साल के बेटे (जिगर के टुकड़े) की तलाश के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

उन्होंने पुलिस थाना नालागढ़ में भी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है, लेकिन पुलिस भी उक्त लड़के की तलाश नहीं कर पाई। मिली जानकारी के अनुसार मजदूरी करने वाले रामाकांत निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश ने बताया कि उसका 20 वर्षीय लड़का राहुल 6 अप्रैल को राजपुरा बस स्टॉप से गायब हो गया था और 8 अप्रैल को इसकी नालागढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई थी। वह पति-पत्नी हर रोज बेटे की तलाश करते हैं और पुलिस अधिकारियों से भी गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनके लड़के का कोई सुराग नहीं लग पाया। उन्होंने कहा कि बेटे की तलाश में वह हजारों रुपए खर्च चुका हैं।

उन्होंने हिमाचल सरकार, पुलिस महानिदेशक व एसपी बद्दी से आग्रह किया कि बेटे को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि गायब राहुल की तलाश की जा रही है और पुलिस प्रयास कर रही है कि उसे जल्द से जल्द ढूंढकर परिजनों के हवाले किया जाए।

दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

नगरोटा बगवां। पंचायत मूमता में स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज सेवी मास्टर संतोष चौधरी द्वारा किया गया।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्ररित किया। स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान संजीव सदस्य प्रवेश कुमार ने बताया कि शनिवार को कबाड़ी और मूमता टीमों के बीच मैच खेला गया, जिसमे मूमता टीम ने कबाड़ी टीम को हराया। मुख्यतिथि ने अपनी ओर से मूमता क्लब को ₹3100 रूपए दिए।

शूलिनी विश्वविद्यालय व रॉयल होलोवे के बीच एमओयू साइन

अनंत ज्ञान, सोलन

वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम में रॉयल होलोवे बेडफोर्ड न्यू कॉलेज लंदन विश्वविद्यालय (आरएचयूएल) ने शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें एक परिवर्तनकारी 2+2 अभिव्यक्ति कार्यक्रम की स्थापना की गई।

यह पहल छात्रों को अपने स्नातक अध्ययन के पहले दो वर्षों को पूरा करने के बाद शूलिनी विश्वविद्यालय में नामांकित छात्रों को रॉयल होलोवे में निर्बाध रूप से स्थानांतरित करने के लिए सशक्त बनाना चाहती है। रॉयल होलोवे

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद चांसलर।

विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों में डॉ. लुसी गिल-सिम्मन, शिक्षा के वाइस डीन, वरिष्ठ व्याख्याता, व्यवसाय और प्रबंधन डॉ. जेम्स मैकएवॉय, जैविक विज्ञान के प्रमुख; डॉ. अर्गिरिओस डेलिग्कास, वरिष्ठ व्याख्याता, कंप्यूटर विज्ञान; लुसी थॉमस, ग्लोबल एंगेजमेंट निदेशक; अखिल बग्गा, क्षेत्रीय प्रबंधक, दक्षिण एशिया शामिल थे। इस अवसर पर शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पी.के. खोसला, अनुसंधान और विकास के डीन प्रो. सौरभ कुलश्रेष्ठ, सहित अन्य डीन और निदेशक उपस्थित थे।

जिले में हाथ से मैला उठाने वालों का सर्वेक्षण पूरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने आज यहां बताया कि जिले में हाथ से मैला उठाने वालों (मैनुअल स्केवेंजर) का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और सोलन जिले में कोई भी अस्वच्छ शौचालय व मैनुअल स्केवेंजर नहीं पाया गया है।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा हाथ से मैला उठाने वाले कार्मिक के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 की धारा 11 के तहत जिले में मैनुअल स्केवेंजर का यह व्यापक सर्वेक्षण 15 मार्च से 14 अप्रैल, 2024 तक सभी पंचातयों, नगर निगम सोलन, नगर परिषद परवाणु, नालागढ़, बद्दी और नगर पंचायत अर्की व कंडाघाट एवं कैंट बोर्ड कसौली, सुबाथु और डगशाई द्वारा किया गया है।

इस सर्वेक्षण के आधार पर सोलन को अस्वच्छ शौचालय और मैनुअल स्केवेंजर मुक्त घोषित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि इसके बावजूद यदि सोलन जिले में उक्त अधिनियम की धारा 2 के अनुसार कोई बतौर मैनुअल स्केवेंजर काम कर रहा है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपना लिखित दावा संबंधित पंचायत, नगर निगम या शहरी स्थानीय निकाय एवं कैंट बोर्ड के पास प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

युवा कांग्रेस नाहन ने सुल्तानपुरी को बढ़त दिलाने की बनाई रणनीति

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला मुख्यालय नाहन स्थित कांग्रेस भवन में ब्लॉक युवा कांग्रेस नाहन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नाहन विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी आमिर खान ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को बढ़त दिलाने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

बैठक में विशेष कर नारी योजना और युवा विकास योजना पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें युवाओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। खान ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस के

युवा कांग्रेस की बैठक की अध्यक्षता करते प्रभारी आमिर खान।

कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रदेश सरकार द्वारा डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में किए गए जनहितैषी कार्यों को जन जन तक पहुंचाएंगे। इसके साथ-साथ केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी आम जनमानस के साथ साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि बीते 5 वर्षों में सांसद सुरेश कश्यप का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। कश्यप कोई भी विकास कार्य नहीं करवा पाए जो कि क्षेत्र के लोगों के लिए दुर्भाग्य की बात है।

इस मौके पर राष्ट्रीय यूथ कांग्रेस और उत्तराखंड के प्रभारी शिवि चौहान, जिला अध्यक्ष रिशिपाल, गौतम चौहान समेत तीन दर्जन युवाओं ने हिस्सा लिया।

खाई में गिरी कार, 19 साल के छात्र की मौत

शिमला । ठियोंग के फागू में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। सड़क हादसे में कार चला रहे 19 वर्षीय कालेज छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुमारसैन के नरेल गांव निवासी क्रिष पुत्र राजेश के रूप में हुई है। मृतक युवक शिमला के एक कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था।

डीएसपी ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

121 लोगों ने किया रक्तदान

नोबेल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी ने लगाया 21वां रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, बीबीएन

श्री राधे श्याम गोशाला थाना में नोबेल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर में 121 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान पीजीआई की ब्लड बैंक टीम ने रक्त एकत्रित किया। सोसाइटी के अध्यक्ष गुरमेल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कैम्प जन सहयोग एवं युवाओं की प्रेरणा से आयोजित किया गया है।

नोबेल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी के शिविर में रक्तदान करते लोग।

उन्होंने कहा कि वर्ष भर में तीन से चार कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिसमें हजारों लोग रक्तदान करके पुण्य कमा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक का यह 21वां रक्तदान शिविर है, जिसमें युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

औषधियों के इतिहास पर करवाई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय में चित्रकूट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स और स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी ने 'हिमालय में पारंपरिक चिकित्सा के इतिहास की खोज' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित प्रतिभागी।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्वानों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में काम करना, हिमालय में पारंपरिक दवाओं की समृद्ध विरासत और समकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं में उनकी स्थायी प्रासंगिकता की पुष्टि करना था। सेमिनार की शुरुआत स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में सहायक प्रोफेसर डॉ. निकिता ठाकुर द्वारा दिए गए स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति हुई। शूलिनी विश्वविद्यालय के योजना निदेशक प्रो. जे.एम. जुल्का मुख्य अतिथि थे और आयुर्वेद आचार्य डॉ. चंदर गुप्त सेमिनार में सम्मानित अतिथि थे।

शूलिनी विश्वविद्यालय के चित्रकोट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स (सीएसएलए) की प्रमुख डॉ. पूर्णिमा बाली ने स्वागत भाषण दिया और सहायक प्रो. डॉ. एकता सिंह ने सेमिनार के विषय को प्रासंगिक बनाया। प्रो. जुल्का ने छह दशकों से अधिक के अपने गहन अनुभवों को साझा किया, विशेष रूप से पारंपरिक औषधीय जड़ी-बूटियों के साथ अपने आजीवन जुड़ाव को।

जखौली में निकाली कलश यात्रा

अनंत ज्ञान, अर्की

ग्राम पंचायत देवरा के गांव जखौली के शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक पं. दिवाकर दत्त शर्मा ने भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इसके साथ जीवन के अंतिम काल में मोक्ष के लिए स्वर्ग का दरवाजा खुल जाता है। कथा ही मानव को भवसागर पार कराती है।

उन्होंने कहा कि जहां भागवत कथा व पूजा होती है, उस घर में लक्ष्मी नारायण की कृपा सदैव बनी रहती है। जीवन के बंधन से मुक्ति का एक मार्ग श्रीमद भागवत कथा श्रवण ही है। श्रीमद्

श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व हनुमान मंदिर कोखडी से लेकर सिद्धबाबा मंदिर जखौली से होते हुए कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर स्थानीय पंचायत व गांव की महिलाओं,युवाओंव बुजुर्गों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

मुकाबला करियर प्वाइंट में कुलिनरी प्रतियोगिता करवाई

होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट व सेंटर फार इंडीजीनियस फूड सिस्टम एंड पब्लिक हेल्थ के सौजन्य से एक दिवसीय कुलिनरी प्रतियोगिता करवाई गई।

जानकारी देते हुए असिस्टेंट प्रो. मोहित ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एग्जीक्यूटिव शेफ प्रशांत झा व एचआर मैनेजर नवप्रीत कौर रेडिसन होटल चंडीगढ़ से मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को भोजन तैयार करने में विकसित, जिम्मेदारी और जागरूकता सीखने में मदद करने के अलावा सुरक्षा और रचनात्मकता सिखाता है। इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सैंडविच, बिस्किट ट्रीट, जूस इत्यादि जैसी स्वादिष्ट चीजें तैयार कीं युवा रसोइयों ने कई नवीन व्यंजन पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और रुचि के नए क्षेत्रों का पता लगाने और भोजन के पोषक मूल्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। प्रथम स्थान पर डा. सोनम व सपना की टीम, द्वितीय स्थान पर करण व अर्पित की टीम तथा अनिकेत व यश की टीम रही। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

इस कार्यशाला में विभाग के सभी प्रोफेसर उपस्थित रहे। कुलिनरी प्रतियोगिता के समन्वयक डा. विनीत कुमार ने बताया कि यह सभी छात्रों के लिए एक मूल्यवान अनुभव होगा और इस क्षेत्र में उनकी संभावनाओं को बढ़ावा देगा। कुलिनरी प्रतियोगिता में विभाग के सभी प्रोफेसर उपस्थित रहे।

नेहरू मैदान में मनाया जाएगा शिरगुल देवता लोक उत्सव

राजगढ़। ग्रीन क्लब राजगढ़ द्वारा आगामी 7, 8 व 9 जून को राजगढ़ के नेहरू मैदान में राज्य स्तरीय शिरगुल देवता लोक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रीन क्लब के संस्थापक धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि इस लोक उत्सव में सिंगिंग का कंपटीशन वॉइस ऑफ हिमाचल और डांसिंग का कंपटीशन सीनियर और जूनियर वर्ग में रहेगा। सीनियर वर्ग के लिए 500 रुपए प्रवेश शुल्क व जुनियर वर्ग के लिए 300 रुपए प्रवेश शुल्क रहेगा। कंपीटीशन का क्रम आज से राजगढ़ में आरंभ हो गया है, जो कल भी जारी रहेगा। इसके बाद 19 मई को शिमला जिले के ठियोग व सिरमौर जिले के पांवटा में ऑडिशन रखे गये है। इस उत्सव में तीनों दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इस बार लोक उत्सव को नया प्रारूप देने का प्रयास ग्रीन क्लब द्वारा किया गया है।

मंडी-भराड़ी रोड पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कार से पकड़ा 25.75 ग्राम चिट्टा

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

बिलासपुर पुलिस की विशेष टीम ने एक व्यक्ति से 25.75 ग्राम चिट्टा की बड़ी खेप पकड़ी है। बताया जा रहा है कि उक्त पकड़ा गया आरोपी घुमारवीं और कुठेड़ा क्षेत्र का मुख्य सप्लायर है। उसे आगामी कार्रवाई के लिए झंडूता थाना पुलिस को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस की विशेष टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी भराड़ी के पास नाकाबंदी की थी। इसी बीच एक कार को रोका गया। पुलिस के जवानों की पूछताछ के दौरान कार सवार व्यक्ति किसी सामान को सीट के नीचे छुपाने की कोशिश करने लगा। शक पर व्यक्ति और कार की तलाशी ली गई। सीट के नीचे एक पुड़िया बरामद हुई। उसमें 25.78 ग्राम चिट्टा पाया गया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार गांव कुठेड़ा तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। खबर की पुष्टि बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने की।

पुलिस टीम के साथ चिट्टे का आरोपी।

जून में तैयार होगी कन्या कॉलेज की नई बिल्डिंग

बिल्डिंग बनने से छात्राओं को मिलेगी इंडोर गेम्स और पार्किंग की सुविधा, काम जोरों पर

आशिमा वैरागी, शिमला

राजधानी शिमला के एकमात्र सरकारी कॉलेज राजकीय कन्या महाविद्यालय की नई बिल्डिंग जून माह में बनकर तैयार होगी।

पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर अब उस जगह पर नया स्ट्रक्चर तैयार कर दिया गया है। नई बिल्डिंग में विद्यार्थियों के लिए इंडोर गेम खेलने के लिए स्टेडियम तैयार किया जाएगा। इसमें विभिन्न तरह की गेम्स सिखाई व खिलाई जाएगी। नई बिल्डिंग में कॉलेज छात्राओं के लिए भी कार पार्किंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही कंप्यूटर लैब और अन्य लैब व छात्राओं की क्लास इस बिल्डिंग में ली जाएगी। नव निर्मित भवन बनने से बच्चों को कॉलेज में मैदान की सुविधा उपलब्ध होगी। शिमला के आरकेएमवी कॉलेज में नए भवन का निर्माण कार्य चला हुआ है। इसका निर्माण कार्य 2014 में शुरू हो गया था।

यह भवन मई माह में बनकर तैयार होगा। बच्चों के लिए इस भवन में लैब्स, कक्षाएं और स्पोर्ट्स कोर्ट भी तैयार किए जाने है। कॉलेज में मैदान और पार्किंग की सबसे ज्यादा परेशानी रहती है। कॉलेज के प्राध्यापक मैदान में अपनी गाड़ियां पार्क करते है। (अनंत ज्ञान)

2014 से चल रहा काम

कॉलेज के नए भवन का निर्माण कार्य 2014 से चल रहा है। इस भवन के लिए कुल 17 करोड़ की राशि लगाई जा रही है। 2024 में यह भवन बनकर तैयार होगा। पुराने कॉलेज की बिल्डिंग को तोड़कर नए भवन का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों द्वारा भी इस भवन के लिए राशि प्रदान की गई है।

छात्रों को मिलेगी सुविधा

कॉलेज प्राचार्या, डॉ. अनुरीता सक्सेना ने कहा कि मई 2024 में भवन का निर्माण कार्य समाप्त हो जाएगा। प्राध्यापकों और छात्राओं को इसकी सुविधा प्रदान होगी। यहां पर विभिन्न जगहों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आती है। उन्होंने कहा कि तैयारियां पूरी की जा रही है।

जल्द होंगे डिपार्टमेंट शिफ्ट

स्पोर्ट्स, एनसीसी के बच्चों को प्रैक्टिस करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर बिल्डिंग के धरातल मंजिल में पार्किंग तैयार की गई है। यह पार्किंग न केवल प्राध्यापकों के लिए होगी अपितु कॉलेज की छात्राएं भी इसमें अपनी गाड़ियां पार्क कर सकेंगी। पार्किंग सुविधा होने से मैदान बिलकुल खाली हो जाएगा और कॉलेज विद्यार्थियों को भी किसी तरह की दिक्कत पेश नहीं आएगी। कॉलेज की पुरानी बिल्डिंग के धरातल मंजिल में पानी आता है, जिससे वहां पर बने डिपार्टमेंट के प्राध्यापक परेशान रहते है। जैसे ही नए भवन का निर्माण होगा उन डिपार्टमेंट को उसमे शिफ्ट कर दिया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

बीजेपी की तानाशाही की हुई हार: बलदेव राज

घुमारवीं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने बयान जारी करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली जून तक अग्रिम जमानत का सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गिरफ्तारी चुनाव से पहले या बाद में भी हो सकती थी, अब 21 दिन से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहली जून तक केजरीवाल को अग्रिम जमानत दी है। बीजेपी की तानाशाही की हार और सत्य व लोकतंत्र और संविधान की जीत हुई है। आम आदमी पार्टी के फैसले का स्वागत करती है तथा देशवासियों को बधाई देती है। 2024 में मोदी सरकार की झूठी गारंटी नहीं चलेगी और मोदी सरकार की विदाई की गारंटी तय हैं। केजरीवाल अब चुनाव प्रचार करेंगे और महानायक के रूप में तानाशाही सत्ता को उखाड़ फेंकेंगे।

छोटी बिलौर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

झंडूता। श्री श्री 1008 सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर छोटी बिलौर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा 13 मई से 20 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें व्यास पंकज अग्निहोत्री श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचनों की गंगा बहाएंगे। इसी के साथ 13 मई को सुबह नौ बजे से श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर आनंदघाट से कलश शोभा यात्रा निकालकर सिद्ध बाला बालक नाथ मंदिर तक जाएगी। इसी दौरान 20 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के प्रधान विक्रम चंदेल ने क्षेत्र से आग्रह किया है कि इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें।

बिलासपुर में विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

बिलासपुर। मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने यहां बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी व्यक्ति जिनका माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मामला लंबित वह इस विशेष लोक अदालत में आपने मामले को लगवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दुरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं।

लढ्यानी में रामचरितमानस भागवत कथा का आयोजन

डंगार चौक। घुमारवीं क्षेत्र के तहत आने वाले गांव लढ्यानी में विद्या देवी व संजीव के घर चल रहे रामचरितमानस भागवत कथा में पंडित सुरजीत दुर्वासा ने भरत मिलाप को कथा के माध्यम से सुनाया। उन्होंने कहा कि राम वनवास के दौरान पिता राजा दशरथ की मृत्यु होने के बाद अयोध्या का राज सिहांसन खाली था और भरत को राजा बनाने को कहा तो उन्होंने कहा कि इसका अधिकार केवल राजा राम का है। अतः उनको वन में मिलने सेना के साथ गए और जब चित्रकूट पहुंचे तो एक भावुक पल में राम सीता व लक्ष्मण से मिले और अयोध्या चलने की बात कही। उन्होंने मर्यादा को निभाते हुए पिता के वचन का पालन करना अपना फर्ज बताया और भरत को वापस लौटने की बात बोली और भरत प्रभु राम की चरण पादुका को लेकर वन से वापस अयोध्या महल गए। इस कथा में पंडित किरण, दीपक, बलदेव, राजेश, जयनंद, सत्या, रेखा, अंबिका, भगीरथ, यशपाल, हंसराज, कश्मीरी लाल, अजय, अनिल, देवराज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ी भीड़

घुमारवीं। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से बिलासपुर जिला के घुमारवीं शहर के बज़ौहा वार्ड में प्रज्ञा पुराण कथा एवं 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के प्रमुख शशिकांत सिंह ने कहा कि प्रज्ञा पुराण कथा जीवन जीने की कला है। यह अन्य कथाओं से अलग हट कर सन्मार्ग पर चलते हुए जीवन जीने का तरीका बताती है। इससे पूर्व प्रातः कालीन सत्र में 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया। सुबह से दोपहर तक चले यज्ञ में देव पूजन, युग संगीत के साथ वैदिक रीति से आहुतियां दी गई। इस दौरान शांति कुंज हरिद्वार से आई हुई टोली ने यज्ञ का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को कुमार्ग से बचाकर सन्मार्ग पर लाने तथा विश्वव्यापी अशुभ को रोकने का एकमात्र सहारा गायत्री महायज्ञ ही है।

डीएवी स्कूल जमथल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे, अनीता शर्मा को चुना सुपर मॉम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

डीएवी जमथल में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह में एनटीपीसी कोल डैम संगिनी संघ अध्यक्ष उषा अहिरवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि उनके साथ रेखा ठाकुर सीनियर मेंबर संगिनी संघ व मधु जोशी सीनियर मेंबर संगिनी संघ गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि ने समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित करने से की द्य इस अवसर पर मुख्यातिथि उषा अहिरवार ने कहा कि इस संसार में मां से बढ़कर कोई रिश्ता नहीं है। चाहे हम कितने ही बड़े हो जाए परंतु मातृत्व की छांव में जो सुख मिलता है वह अनमोल है। वहीं, विशिष्ट अतिथि रेखा ठाकुर व मधु जोशी ने भी बच्चों को सदैव माता-पिता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने सभी अतिथियों व माताओं का भव्य स्वागत किया तथा साथ में मातृत्व दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा की मातृत्व का अनुभव भगवान का दिया हुआ विशेष उपहार है। इस मौके पर बच्चों ने मातृ भक्ति को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें नर्सरी कक्षा के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ फैशन शो में भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी की बैलेंस द बॉल रेस करवाई गई। कक्षा यूकेजी के बच्चे भी किसी से पीछे नहीं। उन्होंने भी चिट चैट गेम में खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपने बालपन से सबका मन मोह लिया।

विजेताओं को किया सम्मानित

समारोह में आर्यवीर को मिस्टर फ्रेशर, दिविषा को मिस फ्रेशर, प्रांशुल को मिस्टर पर्सनालिटी, अनिका को मिस पर्सनालिटी, अनीता शर्मा को सुपर मॉम व डिंपल चौहान को टैलेंटेड मॉम चुना गया। अंत में विजेताओं को उपहार बांटे गए और सभी ने मिल कर नृत्य किया।

संदीप तलवंडी ने हराया नरेश पहलवान

शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ मोरसिंघी में नलवाड़ मेले का दंगल

बलवंत कमल, दधोल

बिलासपुर घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत मोरसिंघी में चल रहे तीन दिवसीय नलवाड़ मेला मोरसिंघी के समापन अवसर पर मोरसिंघी बाजार से मेला ग्राउंड तक दंगल के उपलक्ष्य पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें मेला समिति के सदस्यों और लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नलवाड़ मेले के दंगल का शुभारंभ मेला कमेटी प्रधान केआर रतन की अध्यक्षता में किया गया।

रमेश कुमार केंथ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की मेला कमेटी के सदस्यों ने उन्हें टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

दंगल के समापन अवसर पर समाजसेवी राम चंद बरूर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मेला कमेटी के सदस्यों ने उन्हें टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि और कमेटी के सदस्यों ने दंगल की बड़ी माली के विजेता संदीप तलवंडी पहलवान को 15 हजार व गुर्ज और उपविजेता नरेश दिल्ली को 13 हजार दिया गया। छोटी माली के विजेता रमन कैथल पहलवान को नौ हजार और गुर्ज और उपविजता सुनील कपूरथला को आठ हजार, 14 साल से कम उम्र वालों की कुश्ती में मोहित गांव दाबला विजेता को गुर्ज दिया गया। उपविजेता स्वास्तिक गांव दांडी रहे। दंगल के मुख्य रैफरी अंजय कुमार कुठेड़ा और देशराज रहे और इन सदस्यों ने बहुत अच्छे तरीके से दंगल करवाया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों में राहुल चैहान, अच्छर पाल चौहान, भगत राम शर्मा, शहजाद चौहान, रोशन लाल धीमान, ज्ञान चंद चौहान, अभिषेक सोनी, बाबू राम, ब्रह्मदत्त शर्मा, प्रकाश चैहान, कर्म सिंह चौहान, दीपा राम वशिष्ठ, जगदीश चौहान, पूर्व प्रधान पटेर सुरेश कुमार, मोरसिंधी पंचायत के उपप्रधान अनिल कुमार व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

मेले के दौरान मौजूद मोरसिंघी मेला कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

मोटे अनाज के प्रति किया महिलाओं को जागरूक

अनंत ज्ञान, सुन्नी

मिलेट्स प्रमोशन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांगना के शाहाल गांव में एकदिवसीय मोटे अनाजों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । इस दौरान 33 महिला किसानों ने विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों के बारे जानकारियां प्राप्त की।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित प्रगति शील किसान सोम कृष्ण गौतम ने लगभग चार सालों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं किसानों को चार प्रकार के मोटे अनाज के बीज भी वितरित किए। बता दें की प्राकृतिक खेती कर रहे अधिकतर किसानों को मोटे अनाज के बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को मोटे अनाज के बीज उपलब्ध करवाई गए तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिला किसानों ने मोटे अनाज को उगाने और पाने भोजन में शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया गया । इस अवसर पर महिला मंडल प्रधान ममता देवी ने बीजों के बारे में रोचक जानकारी देने के लिए सोम कृष्ण का भर व्यक्त किया । इस दौरान मास्टर ट्रेनर आशा कुमारी ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती व मोटे अनाजों की बिजाई करने के लिए भी प्रेरित किया।

रोहडू। ग्राम पंचायत जय पीढ़ी माता के सुंड़ली गांव से संबंध रखने वाले सोबन लालटा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर परिवार सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए है। सोबन लालटा पिछले तीस वर्षों से भाजपा से जुड़े थे और भाजपा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहें। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोबन लालटा को कांग्रेस पार्टी का पटका पहना कर स्वागत किया।

आजादी के डेढ़ दशक बाद काशक गांव पहुंचे विधायक बलवीर वर्मा

अनंत ज्ञान-नेरवा,चौपाल

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि चौपाल उपमंडल के उत्तराखंड की सीमा पर बसे सड़क सुविधा से वंचित पिछड़े और अति दुर्गम गांव काशक के लोगों को अपने गांव में विधायक के दीदार के लिए डेढ़ दशक से भी अधिक इंतजार करना पड़ा। गांव के युवा देवेंद्र चौहान ने बताया कि इसे गांव के लोगों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि लोगों को अपने गांव में विधायक के दर्शन करने के लिए आजादी के बाद 77 साल की लंबी अवधि का इंतजार करना पड़ा।

हालांकि बलवीर वर्मा को भी इस अति दुर्गम और पिछड़े गांव तक पंहुचने में 12 साल का लंबा समय लग गया, परंतु फिर भी गांव के लोग उन्हें अपने बीच पाकर फूले नहीं समा रहे है। बलवीर वर्मा रात नौ बजे टेलर गांव से पैदल चल कर बारह बजे गांव में पंहुचे, जहां पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया । किसी विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण गदगद नजर आए एवं इस मौके पर उन्होंने गांव की समस्याएं विधायक के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि उन्हें गांव तक पंहुचने के लिए सात किलोमीटर कठिन पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। गांव के लोग सेब व अन्य नकदी फसलें उगा रहे है, परंतु इन्हें सड़क तक पंहुचाने में ही फसलों की आधे से ज्यादा कीमत खर्च हो जाती है। मरीज को को पीठ अथवा पालकी में उठा कर सड़क तक पंहुचाना तो ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होता है। ग्रामीणों ने विधायक से मांग की कि गांव के लिए उत्तराखंड के क्षेत्र में प्रस्तावित अणु से ढूंगली, कोरग तक सड़क के निर्माण के मामले को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष उठा कर सड़क का निर्माण शीघ्र करवाया जाए।

जल्द करेंगे उत्तराखंड के सीएम से बात

विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि उन्होंने काशक के लिए बनने वाली सड़क को विधायक प्राथमिकता में डाला है तथा इसकी फारेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया चली हुई है। वह शीघ्र ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से मिल कर इसका निर्माण सुनिश्चित करवाएंगे।

घुमारवीं में पुलिस ने पकड़ी 59 बोतल शराब

घुमारवीं। उपमंडल घुमारवी में पुलिस ने एक व्यक्ति से देसी शराब संतरा की 59 बोतलें बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को घुमारवीं थाना पुलिस की टीम एएसआई अनुप के नेतृत्व में गश्त पर थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि पपलाह में एक व्यक्ति अपने रिहायशी मकान में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर व्यक्ति के घर में तलाशी ली तो देसी संतरा की 59 बोतलें बरामद की गई। वहीं, व्यक्ति की पहचान कर्ण सिंह गांव पपलाह तहसील घुमारवीं के रूप में हुई हैं। घुमारवीं थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, डीएसपी चंद्रपाल सिंह नर मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पपलाह गांव में एक व्यक्ति से देसी शराब संतरा मार्का 59 बोतलें बरामद की गई है। मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही हैं।

कर्मचारियों को अभी तक क्यों नहीं दिया महंगाई व आवास भत्ता : गोपाल दास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सर्वकर्मचारी, पेंशनर्ज, श्रमिक, युवा बेरोजगार संयुक्त संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने कहा है कि पिछले 15 महीनों में सरकार ने कर्मचारियों, पेंशनरों, श्रमिकों व बेरोजगारों को केवल झांसों के झूले पर झूलाने का ही काम किया है। वह बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस बात का जवाब दें कि उपरोक्त वर्ग को घोषित किए गए लाभ क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले विधान सभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने इन वर्गों को बड़े-बड़े सब्ज बाग दिखाए और उनके वोट लेकर सत्ता पाई । किंतु सत्ता पाने के बाद पिछले डेढ़ वर्ष से उनके सभी आर्थिक लाभों को रोकने, 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता, आवास भत्ता, दुर्गम क्षेत्र भत्ता, लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान, शीतकालीन भत्ता और पंजाब स्केल का एरियर न देकर उन्हें महंगाई की चक्की में पीसने का काम किया है। गोपाल दास वर्मा ने कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री व्यवस्था परिवर्तन की बातें करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वास्तव में सरकार लोगों को परेशान करने की नीति अपना रही है और करोड़ों रुपए का कर्ज लेकर मौजमस्ती पर लुटाने की नीति अपनाई जा रही है। जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता।

गोपाल दास वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली की बात सरकार कर रही है, लेकिन कर्मचारियों को कम्यूटेशन, लीव इन कैशमेंट, ग्रेजुयटी और मेडिकल के बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण ओपीएस के सभी लाभ नहीं मिल रहे हैं ।

कांग्रेस नेताओं को लिया आड़े हाथ

गोपालदास वर्मा ने कांग्रेस पार्टी के नेता विक्रमादित्य सिंह पर भी टिप्पणी की और कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को अस्थिर करने के लिए उनका और उनकी माता प्रतिभा सिंह का बहुत बड़ा हाथ है।

जागरूकता विश्व लुपस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में ई-पोस्ट मेकिंग गतिविधियों का किया आयोजन

डॉ. मेघा को सर्वोत्तम ई-स्लोगन सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लुपस की बीमारी जिसे एसएलई नाम से भी जाना जाता है के विभिन्न पहलुओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 10 मई को विश्व लुपस दिवस मनाया जाता है।

एम्स बिलासपुर में नैदानिक प्रतिरक्षा एवं रूमेटोलॉजी विभाग और आंतरिक चिकित्सा विभाग द्वारा इस दिन एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. वीर सिंह नेगी एवं प्रो. डीन एकेडेमिक्स रुपाली परलेवर ने समारोह की अध्यक्षता की। प्रो. नेगी ने लुपस के शीघ्र निदान और उपचार की भूमिका पर जोर दिया। प्रो. रुपाली ने डॉक्टर के साथ नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और उपचार का पालन करने पर जोर दिया। डॉ योगेश प्रीत सिंह ने लुपस के विभिन्न लक्षणों के बारे में बताया। डॉ. मंजू ने लुपस में त्वचा की देखभाल पर जोर दिया। डॉ. अजय जरयाल ने लुपस की बीमारी में होने वाले टेस्ट उपयोग होने वाली दवाइयों पर प्रकाश डाला।

डॉ. तरुण शर्मा और डॉ. देवेंद्र बैरवा ने इस बीमारी के बारे में प्रचलित विभिन्न भ्रांतियों पर श्रोताओं के लिए विवेचना की। नर्सिंग ऑफिसर कुमारी छेरिंग ढेचेन ने मंच गतिविधि का प्रबंधन किया। इस अवसर पर एक ई-पोस्ट मेकिंग एवं ई-स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कविता शर्मा, डॉ. मेघा शर्मा एवं डॉ विभूति मित्तल को सर्वोत्तम ई-स्लोगन के लिए पुरुस्कार मिला। कुमारी अर्चना, अनशालिका वर्मा और गीतांजलि गौड़ को सर्वश्रेष्ठ ई-पोत्र के लिए पुरस्कृत किया गया।

डॉक्टर मीनल ठाकरे को मिला स्पेशल अवॉर्ड

डॉ. रवि कुमार शर्मा ने सभा के लिए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ. मीनल ठाकरे को उनके अहम योगदान के लिए स्पेशल अवॉर्ड से नवाजा गया। मरीजों ने लुपस के साथ जीने के अपने अनुभव साझा किए और विस्तार से बताया कि कैसे उपचार ने उनके रोग के बोझ को कम किया।

लुहणू मैदान में 47 खिलाड़ियों ने दिया क्रिकेट का ट्रायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में बिलासपुर की सीनियर क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें 47 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



निर्णायक मंडल द्वारा 26 बच्चों को प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया। जानकारी देते हुए चयनकर्ता टीम सदस्य जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि बिलासपुर की संभावित टीम में आर्यव्रत शर्मा, दिग्विजय रांगी, सूरज भारद्वाज, आदित्या कटारिया, दीपांशू, पारस परिहार, अमित रघु, सचित शर्मा, ऋषभ ठाकुर, अभय मैहता, आर्नव भारद्वाज, तुषार, निखिल ठाकुर, अंशुल ठाकुर, पियूष ठाकुर, अनिकेत, रोहित ठाकुर, प्रहलाद सिंह, सूर्या प्रताप, सक्षम दता, अभय ठाकुर, अभिनय कंवर, पंकज, गौरव चंदेल और ईशान चंदेल को शामिल किया गया है। जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि चयनकर्ता टीम में आशीष कपिल, प्रिंस गौतम, विनेंद्र डोगरा व विशाल रतवान शामिल रहे। इसमें 47 खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा 26 बच्चों को प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया। वहीं इसके अलावा अन्य भी शामिल रहे।

न्यूज ब्रीफ

अफगानिस्तान में तूफान, बाढ़ से 70 लोगों की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत में आए तूफान और बाढ़ से कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक

हेदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि तूफान और बाढ़ ने गोजरगाह-ए-नूर, जेलगाह, नाहरीन, बगलान-ए-मरकजी और बरका जिलों के साथ-साथ पुल-ए-खुमरी की प्रांतीय राजधानी को प्रभावित किया। तूफान और बाढ़ ने तखर, बदख्शां तथा समांगन समेत अन्य उत्तरी प्रांतों के अधिकांश हिस्सों को भी प्रभावित किया, जिससे लोग हताहत हुए और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

पाक अधिकृत कश्मीर में विरोध-प्रदर्शन

पीओके। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के दादयाल में बढ़ती महंगाई और बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। मीरपुर जिले में हुई इस झड़प में कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने कर्फ्यू लगा दिया है।

मुजफ्फराबाद में एफसी और रेंजर सैनिकों की तैनाती को लेकर दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया और पुलिस को खदेड़ दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीरपुर में स्कूली छात्रों पर भी आंसू गैस के गोले दागे गए।

उत्तर कोरिया ने किया रॉकेट लांच प्रणाली का परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने एक साथ कई रॉकेट को लांच करने वाली प्रणाली का परीक्षण किया, इस दौरान उत्तर कोरिया के

नेता किम जोंग उन मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया की समाचार समिति ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण से कई रॉकेट को लांच करने की प्रणाली और उसमें उपयोग किए जाने वाले गोलों तथा उनकी विनाशकारी शक्ति का पता चला। समाचार समिति ने कहा कि इस प्रणाली को 2024 से 2026 तक लड़ाकू इकाइयों में तैनात किया जाएगा।

इसरो ने 3डी प्रिंटिंग से तैयार किया रॉकेट इंजन

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक की मदद से बनाए गए रॉकेट इंजन के सफल परीक्षण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसरो ने कहा कि नया इंजन कच्चे माल में 97 फीसदी की बचत करता है और उत्पादन समय को 60 फीसदी तक कम कर देता है। इसरो एक प्रेस रिलीज में कहा कि यह परीक्षण नौ मई को किया गया। इस दौरान 665 सेकेंड के समय में 3डी तकनीक की मदद से बनाए गए रॉकेट इंजन के सफल परीक्षण के साथ मील का पत्थर हासिल किया है।

यमुनोत्री धाम यात्रा: दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी महज 24 घंटे का ही समय हुआ है। इस दौरान यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के एक-एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मध्य प्रदेश के सागर जिले के निवासी श्रद्धालु रामगोपाल (71) और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की श्रद्धालु विमला देवी (69) की हृदयाघात से मौत हुई है। एसएचओ संतोष सिंह कुंवर ने इसकी पुष्टि की है।

रमित स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में

नई दिल्ली। भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।मोहम्मद अल शोरबागी विश्व चैंपियनशिप में 10 बार के पदक विजेता हैं।

निशा ने पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

इस्तांबुल। निशा दहिया ने इस्तांबुल, तुर्की में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में महिला फ्री स्टाइल 68 किग्रा वर्ग में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया। भारत के लिए पांचवां पेरिस 2024 कुश्ती कोटा था। सभी महिला पहलवानों के माध्यम से आए हैं। भारत ग्रीको-रोमन में कोटा हासिल करने में विफल रहा। इस्तांबुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का अंतिम अवसर है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा निर्धारित है। प्रत्येक डिवीजन में दो फाइनलिस्ट अपने-अपने देशों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा प्राप्त करेंगे। इस बीच, तीसरा स्थान भार वर्ग में दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ मुकाबले के विजेता को मिलेगा।

भारत को ओलंपिक में मिलेंगे अच्छे नतीजे : किम

नई दिल्ली। मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा, जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र कोचों के सेमिनार के संचालन के बाद कहा कि भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी।

गिल व सुदर्शन ने रणनीति नाकाम की : फ्लेमिंग

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन की बेहतरीन पारियों ने उनकी टीम की रणनीति को नाकाम कर दिया। गिल के 55 गेंद में 104 रन और सुदर्शन के 51 गेंद में 103 रन की मदद से गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी। गुजरात अब आठवें और चेन्नई चौथे स्थान पर है। यह शानदार पारियां थीं। पहले ओवर से ही उन्होंने हमारी रणनीति को नाकाम कर दिया।

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे जेम्स एंडरसन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले और सर्वकालिक महान गेंदबाजों में से एक 41 वर्षीय पेसर ने शनिवार को सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि 10 जुलाई को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट होगा। एंडरसन ने यह निर्णय टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ बातचीत के बाद लिया है, जो भविष्य के लिए गेंदबाजी आक्रमण बनाना चाहते हैं। एंडरसन ने कहा कि मैं इंग्लैंड के लिए खेलना बहुत मिस करूंगा, लेकिन मैं जानता हूं कि अलग हटने और दूसरों को उनके सपनों को साकार करने देने का यह सही समय है, जैसा कि मैंने किया।



शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 11 मई को चतरा में बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। पीएम मोदी की सभा को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया।

मुख्य सड़क के अलावा सभास्थल तक पहुंचने वाले सभी पगडंडियों और कच्चे रास्ते पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं भी रैली में पहुंचीं थीं। इस मोके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के बीच विपक्षी गठबंधन ने अपनी हार मान ली है। पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन चरणों के चुनाव के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने एक तरह से अपनी हार स्वीकार कर ली है। इस मौके पर हजारीबाग के बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे।

राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दी खुली डिबेट की चुनौती

एजेंसी, लखनऊ

भाजपा व कांग्रेस नेताओं के बीच छिड़ी जुबानी जंग के बीच राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मोदी प्रधानमंत्री नहीं, 21वीं सदी के राजा हैं। उन्हें कैबिनेट, संसद व संविधान से कुछ लेना-देना नहीं।

वह अपने मन से निर्णय लेते हैं। उनके पीछे दो-तीन फाइनांसर हैं। राजा की असली ताकत उनके पास है। देश में बहुत से अनपढ़ राजा भी हुए हैं, जिनमें अहंकार नहीं था। वह लोगों की बात सुन लेते थे। मोदी किसी की नहीं सुनते हैं। प्रधानमंत्री से सीधी परिचर्चा के सवाल पर राहुल ने कहा, मैं किसी भी परिचर्चा करने को तैयार हूं। मैं प्रधानमंत्री को जानता हूं, वह मुझसे परिचर्चा नहीं करेंगे। एक महिला एथलीट ने अमेठी की सांसद स्मृति इरानी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मदद की गुहार की, जिस पर राहुल ने पहले पूरे मामले से उन्हें अवगत कराने की बात कही।

राम मंदिर के शुद्धिकरण के बयान पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा राम मंदिर का शुद्धीकरण करवाने को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस एक तरफ पाकिस्तान के सम्मान की बात करती है और दूसरी तरफ राम मंदिर का अपमान करती है। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बयान को एससी, एसटी और ओबीसी समाज का घोर अपमान बताया। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रामलला के दर्शन करने के तुरंत बाद आया है, इसलिए उनका यह बयान एसटी समाज का घनघोर अपमान है।

28,200 मोबाइल होंगे ब्लॉक, 20 लाख नंबरों का होगा वेरिफिकेशन

एजेंसी, नई दिल्ली

टेलीकॉम मिनिस्ट्री ने एक बयान में कहा कि साइबर क्राइम और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मोबाइल फोन के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए टेलीकॉम डिपार्डमेंट, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं।

टेलीकॉम मिनिस्ट्री ने कहा कि इन विभागों के एक साथ काम करने का मकसद धोखेबाजों के नेटवर्क पर रोक लगाना है, जिससे कि देश के लोगों को डिजिटल खतरों से बचाया जा सके। गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि साइबर क्राइम में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसके पता चलने के बाद ही केंद्र सरकार ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। साथ ही इन हैंडसेट्स से जुड़े 20 लाख मोबाइल नंबरों का फिर से वेरिफिकेशन करने को भी कहा है।

काले धन के बयान पर खड़गे ने मोदी पर किया पलटवार

समस्तीपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडानी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। बिहार के समस्तीपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।

एयरलाइनस की लापरवाही, शव छोड़ सैकड़ों किलोमीटर दूर पहुंचा विमान

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक विमान के कर्मचारी एक छह साल के बच्चे का शव जमीन पर ही पड़ा छोड़ गए। दरअसल, इस्लामाबाद से स्कर्दू जा रहे पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के एक विमान के कर्मचारी छह साल के बच्चे का शव विमान में ही रखना भूल गए, जबकि इस बात से अनजान माता-पिता ने उड़ान भर ली थी। जब माता-पिता स्कर्दू पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके बच्चे का शव इस्लामाबाद के हवाई अड्डे पर ही रह गया है, यह सुनते ही वह बेहोश हो गए।

खारमांग जिले के कात्शी गांव का रहने वाला मुजतबा ट्यूमर से जूझ रहा था। शुरुआत में उसका इलाज स्कर्दू में किया गया। बाद में उसे इलाज के लिए रावलपिंडी भेजा गया, जहां वह कई हफ्तों तक बेनजीर भुट्टो अस्पताल में भर्ती रहा। हालांकि, मुजतबा को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई।

एनआईए ने जम्मू में छह स्थानों पर ली तलाशी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश मामले में जम्मू में छह स्थानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जम्मू और कश्मीर में 'स्टिकी' बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी अनुषंगी शाखाओं द्वारा साजिश रचने से संबंधित एक मामले में एनआईए की कई टीम द्वारा क्षेत्र के डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में व्यापक तलाशी ली गई।

पाकिस्तान में मोबाइल-इंटरनेट रिचार्ज पर लगेगा अतिरिक्त कर

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने गैर-फाइलर्स पर अतिरिक्त कर लगाने का फैसला किया है, जिन्हें अब मोबाइल लोड और बंडल पर अधिक कर देना होगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) ने नॉन-फाइलर्स के खिलाफ एक योजना तैयार की है, जिसे 15 मई से लागू किए जाने की संभावना है। सरकार गैर-फाइलर्स पर 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाएगी और साथ ही अनुपालन से इनकार करने वालों के सिम कार्ड भी रोक देगी।

एआरवाई न्यूज ने घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यु (एफबीआर) ने भी पीटीए और सेलुलर कंपनियों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में जाने का फैसला किया है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ 18 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.36 फीसदी बढ़कर 3,328 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 18.36 फीसदी बढ़कर 3,328 करोड़ रुपए रहा है। इस दौरान बैंक का एकल शुद्ध लाभ बढ़कर 3,311 करोड़ रुपए हो गया है।

फिलिस्तीन को यूएन का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव पास

एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फिलिस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव 'संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में 9 वोट पड़े, जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव पास होने के बाद यूएनजीए भवन तालियों से गूंज उठा। वहीं, इस प्रस्ताव का इसराइल ने पुरजोर विरोध किया।

प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगी चेन्नई

एजेंसी, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स को हर हाल में हैरान होगा।

सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है। दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है, लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है, लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। बल्लेबाजों से होगी बड़ी उम्मीद सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी।

आरसीबी के लिए दिल्ली के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला

बेंगलुरु। लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपना दावा बनाए रखने के लिए रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाए थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 10 अंक के साथ 7वें स्थान पर : आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिए रास्ते बंद हो जाएंगे। लगातार चार जीत और विराट कोहली के जबर्दस्त फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है। कोहली ने इस सत्र में सर्वाधिक 634 रन बना लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है।

आयरलैंड ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

डबलिन। टी-20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान की स्थिति नाजुक है। आयलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टी-20 मैच में देखने को मिला।

बाबर आजम की कप्तानी में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। आयरलैंड ने 182 रन के लक्ष्य को एक गेंद के शेष रहते हासिल कर लिया। इस मैच में एंड्रयू बलबिरनी ने 77 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2007 के बाद आयरलैंड ने पहली बार पाकिस्तान को हराया है।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत एक मैच के लिए निलंबित

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

पंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है। 7 मई को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी। न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का तीसरा अपराध था।

सुदर्शन ने तोड़ा सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी साई सुदर्शन ने आईपीएल में सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ उदिया। उन्होंने चेन्नई के खिलाफ शतक लगाया है। उन्होंने 51 गेंद में 103 रन की पारी खेली। वहीं, साई सुदर्शन ने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। आईपीएल 2024 में सुदर्शन का बल्ला जमकर रनों की बरसात कर रहा है, जिसमें वो 500 से भी अधिक रन बना चुके हैं।

हर ओवर का उठाना चाहते थे फायदा : गिल

एजेंसी, अहमदाबाद



चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में 35 रन की जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उनकी कोशिश हर ओवर में अधिक से अधिक रन जुटाने की थी।

गिल (104) और साई सुदर्शन (103) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच शुरुआती विकेट के लिए 210 रन की दमदार साझेदारी से गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाने के बाद सीएसके की पारी को आठ विकेट पर 196 रन पर रोककर शानदार जीत दर्ज की।

मैन ऑफ द मैच रहे गिल ने कहा कि हमारे मन में कोई लक्ष्य नहीं था, हम हर ओवर और मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे। हम किसी लक्ष्य के बारे में नहीं सोच रहे थे। हमने अपने सामने आए हर ओवर और अवसर का अधिकतम लाभ उठाया।

धीमी ओवर गति पर 24 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है। न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था। गिल पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

दोहा डायमंड लीग चेक गणराज्य के जाकुब 88.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पहले स्थान पर

दो सेंटीमीटर से शीर्ष स्थान से चूके नीरज चोपड़ा

एजेंसी, दोहा

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग 2024 में 88.36 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नीरज पहले स्थान पर रहे चेक गणराज्य के जैकब वडलेज के 88.38 मीटर से केवल 2 सेंटीमीटर पीछे रह गए।

नीरज ने 88.36 मीटर दूर फेंका भाला

ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स कतर स्पोर्ट्स क्लब में 86.62 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता किशोर जेना 76.31 मीटर के साथ नौवें स्थान पर रहे। भाला फेंक खिलाड़ी 26 वर्षीय नीरज का सर्वश्रेष्ठ प्रयास उनके छठे और आखिरी थ्रो में आया, जहां उन्होंने 88.36 मीटर थ्रो किया और पहले स्थान से मामूली अंतर से चूक गए। भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ने अपने पहले प्रयास में फाउल के साथ शुरुआत की, लेकिन जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ी, उन्होंने धीरे-धीरे अपने अंकों में सुधार किया। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 84.93 मीटर की दूरी तक गया। उन्होंने 86.24 मीटर का अपना तीसरा थ्रो दर्ज किया। 2022 डायमंड लीग चैंपियन ने आखिरकार छठे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ 88.36 मीटर थ्रो किया। दोहा में प्रतिस्पर्धा करने के बाद, नीरज चोपड़ा 12 मई से 15 मई तक ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में 27वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

घुटने की चोट के कारण ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार

एजेंसी, रियो डी जनेरियो

स्टार फुटबालर नेमार को घुटने की चोट के कारण कोपा अमेरिका के लिए 23 सदस्यीय ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीली फुटबाल परिसंघ ने जानकारी दी।

नेमार ने अक्तूबर में अपने बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट और मेनिस्कस के टूटने के बाद से नहीं खेला है और 32 वर्षीय के संयुक्त राज्य अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की कोई संभावना नहीं है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम से बाहर हैं, जो अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे थे। जैसा कि अपेक्षित था, प्रबंधक डोरिवल जूनियर ने अपनी 23 सदस्यीय टीम में रियल मैड्रिड जाने वाले पाल्मेरास के युवा फॉरवर्ड एंड्रिक को टीम में शामिल किया है। एंड्रिक, जो जुलाई में 18 साल के हो जाएंगे, ने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था।